फाल्गुन कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 9 मार्च 2024
वर्ष 4, अंक 349, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

पड़ोसियों की खाद्य सुरक्षा का भी ध्यान रखता है भारत 16

फिल्म ओडेला 2 में तमन्ना शिवभक्ति में लीन 15

रोहित-गिल ने जड़े शतक

2019 के बाद टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा नौ शतक लगाने वाले ओपनर बने रोहित, टेस्ट में 12वां शतक

धर्मशाला। कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल के शतकों की मदद से भारत ने आखिरी टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को विकेट जल्दी गिरने के बावजूद स्थिति मजबूत करते हुए 8 विकेट पर 473 रन बना लिए। रोहित ने 103 रन और गिल ने 110 रन बनाने के साथ ही दूसरे विकेट के लिए 171 रन की साझेदारी की। भारत ने 1 विकेट पर 135 रन से आगे खेलते हुए दूसरे दिन 255 रन की बढ़त बनाई। इंग्लैंड के शोएब बशीर ने 4 और टॉम हार्टली ने 2 विकेट लिए। 135 रन से आगे खेलते रोहित और गिल ने सुबह दो घंटे में 129 रन बनाए। रोहित ने टॉम हार्टली की गेंद पर 1 रन लेकर 12वां टेस्ट शतक पूरा किया। वहीं, गिल ने भी इस श्रृंखला का दूसरा शतक लगाया।

इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट शतक बनाने वाले भारतीय ओपनर	
4	सुनील गावस्कर
4	रोहित शर्मा
3	विजय मर्चेंट
3	मुरली विजय
3	केएल राहुल

बतौर ओपनर सबसे ज्यादा शतक बनाने वाले खिलाड़ी	
49	डेविड वार्नर
45	सचिन तेंदुलकर
43	रोहित शर्मा
42	क्रिस गेल
41	सनथ जयसूर्या
40	मैथ्यू हेडन

13 रिक्त सीटों के लिए मैदान में 14 प्रत्याशी, राज्यसभा की तरह विधान परिषद चुनाव में भी होगी क्रॉस वोटिंग

सपा को कमजोर करने को 11वां प्रत्याशी उतार सकती है भाजपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश में विधान परिषद की 13 सीटों के लिए चुनाव होने वाला है। इस चुनाव में भी यहां भाजपा और सपा ही आमने-सामने है। राज्य विधानसभा में विधायकों के संख्या की गणित बताती है कि भाजपा अपनी 10 और सपा 3 सीट निकाल सकती है। सपा को और कमजोर बनाने की मंशा से भाजपा राज्यसभा चुनाव की तर्ज पर कहीं एक अतिरिक्त यानि 11वां प्रत्याशी न उतार दे, इससे संशकित सपा खेमे में भी इसकी चर्चा है।

- सपा को अपने ही विधायकों के पूरे वोट मिलने की सता रही चिंता
- फिलहाल भाजपा 10 और सपा 3 सीटों आसानी से जीत सकती है

दरअसल, राज्यसभा चुनाव में जिस तरह सपा के सात विधायकों ने भाजपा प्रत्याशियों के लिए मतदान किया उससे सपा कमजोर पड़ी। अब 21 मार्च को होने जा रहे विधान परिषद चुनाव में भी सपा के लिए इम्तिहान की घड़ी होगी। अगर भाजपा इस बार सात के अलावा और भी सपा विधायकों को अपना बनाने में कामयाब रही तो सपा को पहले से ज्यादा झटका लगेगा।

समीकरण की बात की जाए तो राज्य विधानसभा के कुल 403 सदस्यों में से फिलहाल 399 सदस्य हैं। एक एमएलसी सीट के लिए 29 वोट चाहिए। भाजपा के पास 252, अपना दल के 13, रालोद के 9, निषाद पार्टी के 6, सुभासपा के 6 और इसमें राजा भैया के दो विधायकों को भी जोड़ लें तो एनडीए के पास 288 विधायक हो रहे हैं। अब मतदान के मद्देनजर देखें तो सुभासपा का एक विधायक जेल में है जबकि एक विधायक ने राज्यसभा में सपा प्रत्याशी के लिए वोट किया था। वहीं, बसपा के एकमात्र विधायक ने भाजपा प्रत्याशी को वोट किया था। इस संभावित जोड़-घटाना की नजर से देखें तो एनडीए के खाते में में कुल 287 वोट आते हैं। अब इसमें सात क्रॉसवोटिंग वाले भी जोड़ लें तो 294 वोट होते हैं। वहीं सपा के पास 108 विधायक हैं और कांग्रेस के पास दो विधायक हैं। इस तरह सपा को फिलहाल 110 विधायक का समर्थन मिलता दिख रहा है। शंका है कि जिस तरह राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग हुई है उसके चलते सपा को अपने ही विधायकों के पूरे वोट मिल भी पाएंगे या नहीं।

सहयोगी दलों का ख्याल रखेगी भाजपा

भाजपा लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपने सहयोगी दलों को साधे रखने के लिए उनके नेताओं को परिषद में प्रतिनिधित्व दे सकती है। सूत्रों का दावा है कि भाजपा अपने कोटे से अपना दल-एस, जनसत्ता दल, सुभासपा ओर रालोद से भी एक-एक नाम भेज सकती है।

एक नजर

सुधा मूर्ति राज्यसभा के लिए की गईं मनोनीत

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को शिक्षिका-लेखिका और इन्फोसिस फाउंडेशन की अध्यक्ष सुधा मूर्ति को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'एक्स' पर अपने पोस्ट में लिखा कि सामाजिक कार्य, परोपकार और शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में सुधा जी का बहुत बड़ा और प्रेरणादायक योगदान रहा है। राज्यसभा में उनकी मौजूदगी हमारी 'नारी शक्ति' के लिए शक्तिशाली प्रमाण है। कर्नाटक के शिगगांव में 19 अगस्त, 1950 को जन्मी मूर्ति इंफोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति की पत्नी और अक्षता मूर्ति की मां है।

लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरें यथावत

नई दिल्ली। वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है और चालू वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही के लिए देय दरें यथावत रहेगी। वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग ने आज यहां जारी एक परिपत्र में कहा कि सुकन्या समृद्धि योजना, राष्ट्रीय विकास पत्र के साथ ही इस तरह की अन्य लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरों में एक अप्रैल से 30 जून 2024 तक कोई बदलाव नहीं किया गया है।

महिला दिवस पर सरकार ने घरेलू गैस सिलेंडर में 100 रुपये घटाए

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा-इससे करोड़ों परिवारों का कम होगा आर्थिक बोझ

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नारी शक्ति को बधाई दी और इस अवसर पर एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की छूट की घोषणा की। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि महिला दिवस के अवसर पर आज हमने एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की छूट का बड़ा फैसला किया है। उन्होंने कहा कि इससे नारी शक्ति का जीवन आसान होने के साथ ही करोड़ों परिवारों का आर्थिक बोझ भी कम होगा। उन्होंने कहा कि यह कदम पर्यावरण संरक्षण में भी मददगार बनेगा, जिससे पूरे परिवार का स्वास्थ्य भी बेहतर रहेगा। मोदी ने कहा कि रसोई गैस को और अधिक किफायती बनाकर सरकार का लक्ष्य परिवारों की भलाई और एक स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करना भी है।

राजनीतिक अवसरवादिता की पराकाष्ठा : टीएमसी

कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा एलपीजी सिलेंडर के दाम में कटौती की घोषणा की आलोचना की। पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल ने लोकसभा चुनाव से पहले इस कदम को राजनीतिक अवसरवादिता की पराकाष्ठा करार दिया। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पार्टी ने इसे सांकेतिक कटौती और सस्ता राजनीतिक हथकंडा भी करार दिया।

महिलाओं के सशक्तीकरण को सरकार प्रतिबद्ध

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारी सरकार शिक्षा, उद्यमिता, कृषि, प्रौद्योगिकी और अन्य क्षेत्रों में पहल के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री ने एक के बाद एक पोस्ट में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का जिक्र किया और इससे महिलाओं को मिल रहे लाभ को रेखांकित किया। पीएम स्वनिधि योजना का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि इससे गरीब से गरीब कामगारों के जीवन में भी खुशियां आई हैं। कहा कि लखपति दीदी योजना देशभर में महिलाओं को सशक्त बनाने का एक बड़ा माध्यम बन रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना का जिक्र करते हुए कहा कि एक घर सम्मान का आधार होता है। यह वह जगह है जहां सशक्तीकरण शुरू होता है और सपने उड़ान भरते हैं।

दाम घटाने पर योगी ने प्रधानमंत्री का जताया आभार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शुक्रवार को एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत 100 रुपए घटाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्णय पर उनका आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर अपने एक पोस्ट में इस फैसले को मातृशक्ति का सम्मान और पर्यावरण को संरक्षित करने वाली लोक-कल्याणकारी सौगात बताया है। मुख्यमंत्री ने लिखा कि आज ''महिला दिवस'' के अवसर पर एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की छूट का निर्णय करोड़ों परिवारों को आर्थिक राहत देने के साथ ही मातृशक्ति को धुंए और प्रदूषण से मुक्ति दिलाकर स्वस्थ व खुशहाल जीवन प्रदान करेगा।

कांग्रेस ने घोषित किए 39 उम्मीदवार राहुल गांधी वायनाड से फिर प्रत्याशी

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को 39 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की, जिसमें सबसे प्रमुख नाम पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का है, जो एक बार फिर केरल की वायनाड सीट से चुनाव लड़ेंगे। पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) ने लोकसभा चुनाव के लिए गुरुवार को छत्तीसगढ़, केरल और कई अन्य राज्यों की 39 सीट के लिए उम्मीदवारों के नाम पर मुहर लगाई थी। राहुल गांधी के अलावा इस सूची में कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर समेत कई वरिष्ठ नेताओं के नाम शामिल हैं।

वेणुगोपाल केरल की अलप्पुझा, थरूर तिरुवनंतपुरम और बघेल छत्तीसगढ़ की राजनांदगाव सीट से चुनाव लड़ेंगे। वेणुगोपाल ने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चुनावी मोड में है। इस मौके पर कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजय माकन और मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा भी मौजूद थे। माकन ने कहा कि यह सूची युवाओं और अनुभवी नेताओं का शानदार मिश्रण है। यह पूछे जाने पर कि क्या राहुल गांधी अमेठी से भी चुनाव लड़ेंगे तो वेणुगोपाल ने कहा, इस सूची के बारे में सीईसी ने गुरुवार को फैसला किया था। सीईसी की अगली बैठक 11 मार्च हो होगी जिसके बाद हम सूची के बारे में बताएंगे, इंतजार करिए।

वेणुगोपाल ने एक अन्य प्रश्न के उत्तर में कहा कि कांग्रेस अधिक से अधिक सीटें जीतने की कोशिश में है ताकि केंद्र से फासीवादी सरकार को हटाया जा सके। उन्होंने कहा कि इस लोकसभा चुनाव से देश के भविष्य का फैसला होगा। कांग्रेस के संगठन महासचिव का कहना था कि आने वाली सूचियों में और भी वरिष्ठ नेताओं के नाम शामिल होंगे।

मुख्य विपक्षी दल की पहली सूची में सबसे अधिक 16 उम्मीदवार केरल से हैं। कांग्रेस केरल की कुल 20 लोकसभा सीट में 16 पर चुनाव लड़ेगी। चार सीट पर सहयोगी दल चुनाव लड़ेंगे।

लोकसभा चुनाव

- वेणुगोपाल बोले-फासीवादी सरकार को केंद्र से हटाने के लिए जीतेंगे अधिक से अधिक सीटें
- अमेठी से राहुल के चुनाव लड़ने परसंशय, फैसला सीईसी की अगली बैठक में संभव

15 सामान्य वर्ग से और 24 ओबीसी, अल्पसंख्यक

कांग्रेस उम्मीदवारों की पहली सूची में 15 उम्मीदवार सामान्य वर्ग से और 24 अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक समुदायों से हैं। 12 उम्मीदवार 50 साल से कम, आठ उम्मीदवार 50 से 60 वर्ष के बीच और 12 उम्मीदवार 61 से 70 साल के बीच के जबकि सात उम्मीदवार 71 से 76 साल के बीच के हैं।

थाने में सिपाही ने सर्विस राइफल से गोली मारकर की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- दोपहर को इंस्पेक्टर के साथ ड्यूटी से लौटे थे, शाम को आवास में मिले खून से लथपथ
- अधिकारियों ने आत्महत्या के पीछे जताया पारिवारिक कारणों का अंदेशा

अमृत विचार : थाना सिरौली में तैनात 25 वर्षीय सिपाही अरुण कुमार यादव ने शुक्रवार शाम सर्विस राइफल से गोली मारकर आत्महत्या ली। आत्महत्या करने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हुआ है। अफसरों का मानना है कि आत्महत्या के पीछे पारिवारिक कारण हो सकते हैं। अरुण की एक साल पहले ही शादी हुई थी।

धनौरा (अमरोहा) के गांव फौलादपुर के रहने वाले अरुण 2018 में ही भर्ती हुए थे। थाना सिरौली में वह साल भर से तैनात थे। कई दिनों से उनकी ड्यूटी इंस्पेक्टर लवकुमार के हमराह के तौर पर लगी हुई थी। शुक्रवार दोपहर वह गुलड़िया के गौरीशंकर मंदिर से ड्यूटी के बाद लौटे थे और आराम करने के लिए सरकारी क्वार्टर पर चले गए। शाम छह बजे इंस्पेक्टर ने गश्त पर जाने के लिए उन्हें बुलाने सिपाही देवल को भेजा।

क्वार्टर के बाहर से आवाज देने पर भी कोई जवाब नहीं मिला तो देवल ने अरुण के फोन पर कॉल की लेकिन कॉल भी रिसीव नहीं हुई। शक होने पर पुलिस वालों ने इकट्ठे होकर दरवाजा तोड़ा। अंदर अरुण खून से लथपथ पड़े थे, पास में ही इंसास राइफल पड़ी थी। टोढ़ी में मारी गई गोली सिर से बाहर निकल गई थी। इंस्पेक्टर लव कुमार ने अरुण को फौरन थाने की गाड़ी से अस्पताल भिजवाया लेकिन अरुण दम तोड़ चुके थे। देर शाम एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान, एसपी देहात मानुष पारीक, सीओ आंवला ने पहुंचकर पूछताछ की। एसपी देहात ने आत्महत्या के पीछे पारिवारिक कारण होने की आशंका जताई है।

हर-हर महादेव

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर राजधानी लखनऊ के विभिन्न मंदिरों में भक्तों ने शिव की आराधना की। इसी कड़ी में ठाकुरगंज में कल्याणगिरी मंदिर से निकली शिव बरात में भक्तों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। इस अवसर पर झांकी भी निकाली गई जिसमें भक्तों का उत्साह देखते ही बना। ● अमृत विचार

नमाजियों से बदसलूकी पर एसआई निलंबित

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली पुलिस ने उत्तरी दिल्ली के इंद्रलोक इलाके में सड़क पर नमाज अदा कर रहे कुछ लोगों को कथित तौर पर लात मारने वाले उपनिरीक्षक को शुक्रवार को निलंबित कर दिया। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी।

यह घटना 'असर की नमाज' के दौरान करीब दो बजे इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन के पास की है। इस घटना के विरोध में स्थानीय लोगों ने पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए सड़क अवरुद्ध कर दी थी। इस कथित कृत्य का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। कथित वीडियो में देखा जा सकता है कि एक उपनिरीक्षक सड़क पर नमाज पढ़ते हुए लोगों को लात मार रहा है।



- उत्तरी दिल्ली के इंद्रलोक इलाके की घटना, वीडियो वायरल

सार्वजनिक बैंकों के कर्मियों का वेतन 17 प्रतिशत बढ़ेगा

नई दिल्ली, एजेंसी

- शनिवार की छुट्टी के प्रस्ताव पर भी मिली सहमति

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के वेतन में सालाना 17 प्रतिशत की बढ़ोतरी होगी। नवंबर, 2022 से प्रभावी होने वाले इस फैसले से करीब आठ लाख बैंक कर्मचारी लाभान्वित होंगे। भारतीय बैंक संघ (आईबीए) और बैंक कर्मचारी संगठनों के बीच शुक्रवार को 17 प्रतिशत की वार्षिक वेतन वृद्धि पर सहमति बनी। इस बीच, ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स कन्फेडरेशन ने कहा कि सभी शनिवारों को छुट्टियों के रूप में मंजूरी देने पर भी सहमति जताई गई है। लेकिन कामकाज के घंटों में संशोधन का प्रस्ताव सरकार की अधिसूचना के बाद प्रभावी होगा।

नए वेतन समझौते के तहत सभी महिला कर्मचारियों को चिकित्सा प्रमाणपत्र दिए बगैर भी हर महीने एक दिन की बीमारी की छुट्टी लेने की अनुमति होगी। इसमें कहा गया है कि संचित विशेषाधिकार अवकाश (पीएल) को सेवानिवृत्ति के समय या सेवा के दौरान कर्मचारी की मौत होने पर 255 दिनों तक भुनाया जा सकता है।

हिमपात के बाद बंद केदारनाथ के कपाट 10 मई को खुलेंगे

देहरादून। बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) ने शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर घोषणा की है कि केदारनाथ के कपाट 10 मई को सुबह सात बजे श्रद्धालुओं के खोल दिए जाएंगे। बीकेटीसी के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने उखीमठ में ओंकारेश्वर मंदिर में यह घोषणा की। इस हिमालयी मंदिर के कपाट सर्दियों के दौरान बंद कर दिए जाते हैं जब यहां हिमपात होता है। हर साल इस मंदिर में लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं। महाशिवरात्रि पर लोगों को बधाई देते हुए अजय ने कहा कि पिछले यात्रा सीजन में रिकार्ड संख्या में श्रद्धालु केदारनाथ धाम पहुंचे थे तथा इस साल तीर्थयात्रियों की संख्या और बढ़ेगी।

लापरवाही अंश निर्धारण में सैकड़ों किसानों की खतौनी में गड़बड़ी, किसी का रकबा घटा तो किसी का बढ़ा

गलती सरकारी मशीनरी की, खामियाजा भुगत रहे किसान

श्याम मिश्र, शाहजहांपुर

- एक ही व्यक्ति का नाम दो-दो बार दर्ज कर दिया गया
- सुधार के लिए अधिकारी दे रहे कोर्ट जाने की सलाह

अमृत विचार : सैकड़ों किसानों की खतौनी में गलत अंश निर्धारण कर दिया गया है। यह गलती तो सरकारी मशीनरी से हुई लेकिन इसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। अब खतौनी में सुधार नहीं हो पा रहा है। किसानों को कोर्ट जाने की सलाह दी जा रही है।

पिछले वर्ष सरकार ने खतौनी में सभी खाता धारकों के अलग-अलग अंश निर्धारण करवाए थे। इस दौरान प्रत्येक नाम पर जमीन का रकबा अलग-अलग दर्ज किया गया, लेकिन ऐसा करते समय सैकड़ों खतौनी में गड़बड़ी हो गई। किसी का रकबा किसी के नाम पर चढ़ गया। किसी के नाम ज्यादा जमीन चढ़ गई तो किसी के नाम घट गई। कहीं-कहीं एक ही व्यक्ति के नाम पर दो-दो जगह जमीन चढ़ गई। एक खतौनी में एक ही व्यक्ति का नाम दो-दो जगह चढ़ा दिया गया। जमीन बेटे ने खरीदी लेकिन उसके पिता का नाम भी खतौनी में दर्ज हो गया। कहीं चाचा की जमीन भतीजे और भाभी के नाम दर्ज कर दी गई। इतना होने के बावजूद सरकारी नुमाइंदे अपनी गलती मानने को तैयार नहीं हैं और खतौनियों में सुधार करने की जगह किसानों को एसडीएम कोर्ट में मुकदमा दायर कर खतौनी सही कराने की सलाह दे रहे हैं। रियल टाइम खतौनी में जिन काश्तकारों का अंश निर्धारण गलत हो गया है उन्हें रकबा ठीक कराने के लिए धारा 38 के तहत न्यायिक प्रक्रिया में उलझना पड़ेगा। जिले की हर तहसील में किसी न किसी की जमीन गलत दर्ज हुई है, लेकिन सबसे ज्यादा गड़बड़ी पुवायां तहसील में बताई जा रही है। तहसील कर्मियों-अधिवक्ताओं के मुताबिक अब तक लगभग 200 प्रकरण संज्ञान में आ चुके हैं। इसी तरह तिलहर में लगभग 50, जलालाबाद में 100, सदर में 100 और कलान में करीब 50 खतौनियों में गड़बड़ी हुई है। यह संख्या हजारों में हो सकती है।

आनन-फानन में हुआ अंश निर्धारण...

रियल टाइम खतौनी तैयार करने के लिए पर्याप्त समय था लेकिन स्थानीय स्तर पर इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। आनन-फानन इसे तैयार कर दिया गया। हल्का लेखपाल से अद्यतन स्थिति के अनुसार गाटा संख्यावार खातेदारों का अंश निर्धारण कर रिपोर्ट मंगवानी थी। इसी के आधार पर डाटा फीडिंग कराई जानी थी। मगर गलत डाटा फीडिंग की गई।

> अंश निर्धारण में गड़बड़ी के कुछ मामले संज्ञान में आए हैं। शिकायतकर्ता से तहसील से संपर्क करने के लिए कहा गया है। हमारा प्रयास है कि किसानों को परेशानी न हो और गलती ठीक हो जाए। - **संजय कुमार पांडेय,** एडीएम प्रशासन

राजस्व परिषद की ओर से एसओपी जारी की गई है। अगर रियल टाइम खतौनी संबंधी गलती है तो तहसीलदार को प्रार्थना पत्र देकर गलती सही कराई जा सकती है। इसके अलावा कोई अन्य गलती है तो उसके लिए अन्य माध्यम हैं। - **संजय कुमार पांडेय,** एसडीएम पुवायां

'अमृत विचार' आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 7906636232 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.

शहर में आज

- हरिद्वार के सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक भाजपा कार्यालय पर पहुंचेंगे पूर्वाह्न 11 बजे।
- सिविल लाइन स्थित आवास विकास कालोनी में श्रीमद भागवत कथा अपराह्न 2:30 बजे।

एक नजर

डा. प्रद्युत को मिली प्रभारी की जिम्मेदारी

रामपुर, अमृत विचार : जिला अस्पताल के ब्लड बैंक के प्रभारी की जिम्मेदारी डा. प्रद्युत कुमार को सौंपी गई है। पहले डा. शमीम ब्लड बैंक के प्रभारी थे। उनका स्वास्थ्य सही नहीं होने की वजह से डा. प्रद्युत को जिला अस्पताल प्रशासन की ओर यह जिम्मेदारी दी गई है। सीएमएस डा. एचके मित्रा ने बताया कि पैथोलॉजी लैब और ब्लड बैंक का चार्ज डा. प्रद्युत कुमार को सौंपा गया है। ताकि रक्त लेने और देने वालों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

गटर में पानी के रिसाव से परेशानी

रामपुर, अमृत विचार : जिला अस्पताल के डायलिसिस यूनिट के बाहर बने गटर में से पानी का रिसाव हो रहा है। इससे डायलिसिस कराने आए रोगियों और तीमारदारों को परेशानी हो रही है। गटर का पानी फर्श पर बह रहा है। इससे दुर्गंध उठ रही है। पानी निकलने पर सुपरवाइजर ने कई कर्मियों को लगाकर सफाई कराई। लोगों का कहना है कि पिछलों दिनों भी गटर के पानी की सफाई कराने के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की गई थी। इसी चलते समस्या ज्यों की त्यों बनी है।

अधर में लटका कूड़ा निस्तारण प्लांट

जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर, 300 करोड़ से शहजादनगर में हो रहा निर्माण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : शहर में कूड़े-कचरे की समस्या से निजात दिलाए के लिए बनाए जा रहे कूड़ा निस्तारण प्लांट को अब तक नगर पालिका को हैंड ओवर नहीं किया जा सका है। सात साल पहले सपा सरकार में 300 करोड़ रुपये की लागत से कूड़ा निस्तारण प्लांट का कार्य शुरू हुआ था, जो अभी तक पूरा नहीं हो सका है।

कूड़ा निस्तारण प्लांट शुरू न होने से पालिका के वाहन बमनपुरी में कूड़ा फेंकने को मजबूर हैं। इससे बमनपुरी में कूड़े-कचरे के पहाड़ बन रहे हैं। आसपास रहने वाले लोग कूड़े की बदबू से परेशान हैं। बमनपुरी अस्थाई ट्रंचिंग ग्राउंड में अभी तक कचरा फेंका जाता है। इसके चलते यहां कचरे के टीले खड़े हो गए है। नगर पालिका परिषद ने सात साल पहले कचरा निस्तारण के लिए ट्रीटमेंट प्लांट लगाने की योजना बनाई थी। इस प्लांट को बनाने के लिए 300 करोड़ का बजट पास हुआ था। यह काम 2023 तक पूरा होना था। प्लांट लगाकर कचरे से खाद बनाई जाएगी। इससे नगर पालिका की आय में वृद्धि होगी। यहीं हाल तोपखाना स्थित एमआरएफ सेंटर का है। इसमें गीला-सूखा कचरे को अलग करने के लिए बेशकीमती मशीनें लगी हुई हैं। इसको बनाने में 85 लाख रुपये की लागत आई है। जो मशीनें यहां लगी हैं उन्हें चलाने के लिए बिजली कनेक्शन और ट्रांसफार्मर नहीं हैं। इस बारे में विद्युत निगम के अधिकारियों का कहना है कि अभी स्टोर में खंभे नहीं हैं। इसके लिए वर्कशाप के जेई को लिखा गया है। इसी वजह से शहर के अधिकतर क्षेत्रों में कूड़े के ढेर लगे हैं।

स्वार रोड स्थित हजरतपुर में बने कूड़े-कचरे के पहाड़। ● अमृत विचार

▸▸ अभी तक कार्य नहीं हो सका पूरा, दुर्गंध से लोग परेशान

> कचरा निस्तारण प्लांट के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। कंपनी से बातचीत चल रही है। जल्द ही कचरा निस्तारण प्लांट तैयार कर लिया जाएगा। इसके बाद निस्तारण की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। –दुर्गेश्वर त्रिपाठी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद

ट्रंचिंग ग्राउंड में फेंका जाता है 171 टन कचरा

नगर पालिका परिषद के 43 वार्ड हैं। इन वार्डों में कचरा गाड़ी कचरा उठाने का काम करती हैं। इसको बमनपुरी ट्रंचिंग ग्राउंड में फेंका जाता है। वार्डों में गीला-सूखा 171 टन कचरा फेंका जाता है। इससे लोगों का रहना मुश्किल हो रहा है।

किसानों को भी मिलेगा इसका लाभ

गीले कूड़े से खाद बनेगी जो किसानों को लाभ पहुंचाएगी। खाद बनने के लिए कूड़ा कई मशीनों से होकर गुजरेगा। दो माह में खाद बनकर तैयार होगी। सूखे व गीले कूड़े को अलग-अलग किया जाएगा। प्लास्टिक, लोहा, पन्नी आदि अलग करने के बाद फैक्ट्रियों को बेचे जाएंगे। प्लांट लगाने के लिए शहजादनगर में छह हेक्टेयर जमीन है। यहां इसे तैयार किया जाएगा।

कर विभाग का 500 लोगों पर दो करोड़ रुपये बकाया

रामपुर, अमृत विचार : नगर पालिका के टैक्स विभाग की ओर से बकाएदारों को नोटिस थमाने के बाद भी बकाया चल रहा है। विभाग का 500 लोगों पर दो करोड़ रुपये बकाया है। बकाया जमा नहीं करने वालों के खिलाफ बोर्ड की बैठक में मुद्दा उठ चुका है।

शहर में 30 हजार से ज्यादा भवन हैं। जबकि 900 के करीब प्रतिष्ठान हैं। मकानों और दुकानों से प्रतिमाह गृह कर और जल कर जमा कराना होता है। हर माह इसकी पर्ची नगर पालिका की ओर से दी जाती है। पर्ची जाने के बाद पालिका आकर कोई टैक्स जमा नहीं करता है। विभाग की ओर से 500 लोगों की सूची बनाई गई। इन पर दो करोड़ रुपये का गृह व जल कर बकाया है। कर विभाग के राजस्व निरीक्षक संजीव कुमार का कहना है कि एक साल पहले तक लोगों पर जल गृह कर के रूप में पालिका का तीन करोड़ रुपये टैक्स था। धीरे-धीरे एक करोड़ वसूल लिया गया, लेकिन दो करोड़ अभी भी बाकी है। इसे याद दिलाने के लिए बकाएदारों को कई बार नोटिस गए और कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

मेरठ को 4-3 गोल से हरा बरेली ने सेमी फाइनल में किया प्रवेश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

▸▸ रुहेला टाइगर हॉकी क्लब के मैदान पर खेले गए तीन मैच

अमृत विचार : रुहेला टाइगर हॉकी क्लब के मैदान पर चल रहे मुस्तफा अली खां मेमोरियल प्रादेशिक हॉकी टूर्नामेंट के तीसरे दिन बरेली, पूरनपुर, रुहेला टाइगर रामपुर ने मैच जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। शुक्रवार को पहला संघर्ष पूर्ण मैच बरेली व मेरठ के बीच खेला गया। दूसरा मैच शाहजहांपुर स्टेडियम और पूरनपुर के बीच हुआ। पेनाल्टी स्ट्रोक में पूरनपुर ने शाहजहांपुर को 5-4 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है।

स्वार रोड स्थित रुहेला टाइगर्स हॉकी क्लब के मैदान पर शुक्रवार को तीन मैच खेले गए। पहला मैच बरेली और मेरठ के बीच हुआ। संघर्षपूर्ण मैच में बरेली ने मेरठ को 4-3 से मात दे दी। दूसरा मैच शाहजहाँपुर स्टेडियम व पूरनपुर के बीच खेला गया। मैच शुरू होते ही शाहजहाँपुर के राजन ने गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। 27वें मिनट में पूरनपुर के रितिक ने गोल कर स्कोर बराबर किया। हसन ने गोल कर फिर शाहजहांपुर को बढ़त दिलाई। 55वें मिनट में शाहजहांपुर के राजन ने गोल कर स्कोर बराबर किया। अन्त में पेनाल्टी स्ट्रोक में पूरनपुर ने शाहजहांपुर को 5-4 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। तीसरे एवं अंतिम मैच में रुहेला टाइगर क्लब रामपुर ने पीलीभीत को 5-3 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। रुहेला टाइगर क्लब की ओर से रिजवान ने दो तिबियान ने दो और बिलाल ने एक गोल किया। पीलीभीत की ओर से सौरभ, शिवा, बिशप ने एक-एक गोल किए।

मुख्य अतिथि मुन्ने खां व राष्ट्रीय खिलाड़ी अमृत कपूर ने खिलाड़ियों को आशीर्वाद दिया। अंपायरिंग मुर्तजा, फामीर, नवेद खां, फहीम कुरैशी व इमरान खां ने की। टेक्निकल टेबल का काम आतिब खा, इशरत अली, जोजफ खां व उदा खां ने देखा। मीडिया इंचार्ज फहीम कुरैशी ने बताया कि शनिवार को दो सेमीफाइनल मैच खेले जाएंगे। पहला मैच पूरनपुर व बरेली के बीच दोपहर दो बजे और दूसरा मैच रुहेला टाइगर क्लब रामपुर और टाउन हाल क्लब शाहजहांपुर के बीच खेला जाएगा।

पात्रता के अनुसार मिल रहा योजनाओं का लाभ

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि आज प्रत्येक व्यक्ति खुद को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परिवार का सदस्य बता रहा है। खुद प्रधानमंत्री भी उसी को अपना परिवार बता रहे हैं। ऐसे में क्या यह हो सकता है कि प्रधानमंत्री के परिवार का कोई सदस्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से वंचित रह जाए। प्रत्येक व्यक्ति को पात्रता के अनुसार लाभ मिल रहा है।

शुक्रवार को शहर विधायक ने मुख्यमंत्री त्वरित आर्थिक विकास योजना के तहत रामपुर नगर विधानसभा क्षेत्र में तीन करोड़ की लागत से बनीं सड़कों का लोकार्पण किया। उन्होंने ग्राम मिश्रीनगर में कहा कि रामपुर नगर विधानसभा क्षेत्र पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विशेष कृपा रहती है। क्योंकि आप लोगों ने पहली बार भाजपा को यह सीट जिताकर दी है। मुझे विश्वास है कि इस बार होने वाले लोकसभा चुनावों में भी भाजपा को पहले से अधिक वोट मिलेंगे। एक बार फिर भाजपा का सांसद रामपुर में होगा। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि यदि कोई सड़क बन रही है और उसमें कोई कमी है तो मुझे बताएं। उस कमी को तत्काल दूर कराया जाएगा। उन्होंने रामपुर सेवक कार्यालय की ओर से किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी दी। इसके बाद परतापुर, हरदासपुर, लालपुर पटटी कुंदन और मडैयान रामी में बनीं सड़कों का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अधिशासी अभियंता राहुल पाल, भाजपा रामपुर ग्रामीण के मंडलाध्यक्ष कुंवर बहादुर राजपूत आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में बोलते शहर विधायक आकाश सक्सेना। ● अमृत विचार

▸▸ शहर विधायक ने तीन करोड़ की लागत से बनीं सड़कों का किया लोकार्पण

खेत की तारबंदी को लेकर दो पक्षों में मारपीट

बिलासपुर, अमृत विचार : पुलिस ने जमीन के विवाद में आमादा फौजदारी हो रहे दो लोगों समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है।

केमरी थानाध्यक्ष सतेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि गंगापुर कदीम गांव निवासी गनेशी तथा लवकेश को पकड़ा है। इन दोनों के सड़क किनारे खेत हैं। एक पक्ष द्वारा खेत की तारबंदी करने पर दूसरे पक्ष ने आपत्ति की। इसे लेकर दोनों पक्षों के बीच मारपीट हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। खजुरिया थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि सिसौना गांव निवासी वीर सिंह को मारपीट के आरोप में हिरासत में लिया है। उसके विरुद्ध तहरीर मिली थी।

एकता क्लब ने आठ रन से जीता मैच

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : शहीद-ए-आजम स्पोर्टस स्टेडियम में शुक्रवार को पहला मैच एकता क्लब और लायंस क्लब के मध्य खेला गया। एकता क्लब ने लायंस क्लब को आठ रन से हराकर मैच जीत लिया।

खेल निदेशालय के अनुपालन में जनपदीय सीनियर पुरूष वर्ग की क्रिकेट प्रतियोगिता का क्वार्टर फाइनल का पहला मैच एकता क्रिकेट क्लब और लायंस क्लब के मध्य खेला गया। एकता क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में 111 रन बनाए। शुऐब ने 28 रन एवं अब्दुल समद ने चार विकेट लिए। लायंस क्लब की टीम 112 रन का लक्ष्य का पीछा करते हुए 15 ओवर में 103 रन पर आल आउट हो गई। इमरान ने 26 और फैजी ने 25 रन का योगदान दिया। उवादा ने तीन विकेट लिए। एकता क्लब ने आठ रन से मैच जीत लिया। मैन आफ दि मैच का पुरस्कार शुऐब को मिला।

दूसरा मैच रामपुर पुलिस और क्लासिक रामपुर के मध्य खेला गया। क्लासिक रामपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 96 रन का लक्ष्य दिया। विशाल और अंकित ने दो-दो और गौरव ने एक विकेट प्राप्त किया। रामपुर पुलिस 96 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी। इसमें नवेद ने 29 रन और गौरव यादव ने 28 रन का योगदान दिया। रामपुर पुलिस की टीम ने 96 रन का लक्ष्य आसानी से प्राप्त कर लिया। गौरव यादव को मैन आफ द मैच का पुरस्कार मिला। अंपायर उवैद इकबाल और फव्वाद रहे। प्रतियोगिता के आयोजन सचिव व जिला क्रीड़ाधिकारी गदाधर बारीकी ने आभार जताया। नौ मार्च को प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल मैच प्रातः 8 बजे रामपुर थडर्स और रामपुर टाइटंस के मध्य खेला जाएगा।

शहीद-ए-आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम में मैच खेलते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

महिला को उपहार देते इरशाद हुसैन। ● अमृत विचार

देश की तरक्की को महिलाओं का शिक्षित व सशक्त होना जरूरी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

▸▸ एडरा इंडिया कोर ग्रुप ने महिला दिवस पर वितरित किए उपहार

अमृत विचार : अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर एडरा इंडिया कोर ग्रुप ने बिलासपुर, चमरौआ, स्वार-टांडा में गोष्ठी की।

जिला समन्वयक इरशाद हुसैन ने महिलाओं से केक कटवाकर बधाई दी। उन्होंने कहा कि देश की तरक्की के लिए महिलाओं का शिक्षित व सशक्त होना आवश्यक है। प्रत्येक क्षेत्र में बिना भेदभाव के महिलाओं को भागीदारी देने की जरूरत है। इस अवसर पर मोहम्मद रफी, फैसल शकील, लियाकत हुसैन आदि शामिल रहे।

छात्राओं ने महिला पुलिस के साथ निकाली रैली

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विशेष महिला सुरक्षा दल प्रभारी एवं कर्मचारी द्वारा कंपोजिट स्कूल घाटमपुर की छात्राओं ने रैली निकाली। रैली ग्राम हजरतपुर में स्थित फूलों वाली बगिया से शुरू होकर तोपखाना गेट, शास्त्री नगर होती हुई कंपोजिट स्कूल घाटमपुर पर संपन्न हुई।

महिला दिवस के अवसर पर शुक्रवार को छात्राओं ने महिला पुलिस के साथ जागरूकता रैली निकालकर सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं एवं हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। रैली के माध्यम से हजरतपुर के वासियों एवं तोपखाना गेट के लोगों को जागरूक किया। विभिन्न योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगल योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट सखी, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन, महिला हेल्प डेस्क के बारे बताया। इस अवसर पर विशेष महिला सुरक्षा दल प्रभारी इंस्पेक्टर ज्योति सिंह, कांस्टेबल संगीता शर्मा, रीना, वर्षा चौधरी, चालक महफूज अली एवं कंपोजिट स्कूल घाटमपुर से सीमा गौहर, नसरीन बी, रजनी गुप्ता आदि शामिल रहीं।

महिला दिवस पर जागरूकता रैली निकालतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

▸▸ लोगों को सरकार की योजनाओं के बारे में दी जानकारी

वन विभाग ने कुकाट की प्रतिबंधित लकड़ी से लदी पिकअप पकड़ी

मसवासी, अमृत विचार : वन विभाग की टीम ने प्रतिबंधित लकड़ी से लदी पिकअप को कब्जे में लिया। स्वार वन क्षेत्राधिकारी मुजाहिद हुसैन ने बताया कि पकड़ी गई पिकअप को सलारपुर वन रेंज भेज दिया है। विभागीय कार्रवाई की जा रही है।

उत्तराखंड राज्य से क्षेत्र में प्रतिबंधित लकड़ी की चोरी-छिपे तस्करी की जा रही है। इसमें कुछ वनकर्मियों की सांठगांठ की भी चर्चा है। शुक्रवार दोपहर मुखबिर से मिली सूचना के बाद स्वार वन क्षेत्राधिकारी ने बाजपुर की सीमा से आ रही पिकअप को खौदकलां से मुंशीगंज मार्ग पर पकड़ लिया। जांच में पता चला कि पिकअप में लगभग 15 क्विंटल कुकाट की प्रतिबंधित लकड़ी लदी है। इस लकड़ी की तस्करी की जा रही थी।

नेत्र शिविर में मरीज की जांच करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

नेत्र शिविर में परीक्षण के बाद मरीजों को बांटे चश्मे

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयुर्जीवनम सेवा समिति ने शाहबाद गेट स्थित हसन फिजियोथैरेपी पर निशुल्क नेत्र शिविर लगाया। इसमें समिति की अध्यक्ष डा. शहनाज रहमान ने कहा कि महिलाएं अपने स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दें। वह समय-समय पर चिकित्सक को दिखाएं।

अध्यक्ष डा. शहनाज रहमान ने कहा कि सेवा समिति द्वारा समय-समय पर आयोजन कराए जा रहे हैं।ताकि लोगों को लाभ मिलें। इसी के चलते महिला दिवस पर आयोजित नेत्र परीक्षण में 40 महिलाओं को चश्मे वितरित किए गए।

दिक्कत विद्युत आपूर्ति ठप रहने से उपभोक्ताओं को हुई परेशानी, दोपहर तीन बजे के बाद सुचारू हुई आपूर्ति

नालापार, सैजनी नानकार की पांच घंटे गुल रही बिजली

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : शहर के मोहल्ला नालापार और सैजनी नानकार में शुक्रवार को पांच घंटे बिजली नहीं आने से उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ा। पूर्वाह्न 10 से दोपहर तीन बजे तक बिजली नहीं आने से लोगों को पानी के लिए भी तरसना पड़ा। परेशान उपभोक्ता विद्युत निगम के अधिकारियों को फोन करके स्थिति जानने को आतुर रहे।

पश्मिांचल विद्युत वितरण निगम की ओर से शहर में पुरानी तारों और खंभों को बदलने का कार्य कराया जा रहा है। शुक्रवार की सुबह 10 बजे से रजा इंटर कालेज के फीडर नालापार में 11 हजार केवी की लाइन में खराबी आ गई। बिजली नहीं आने पर उपभोक्ताओं ने एसएसओ को फोन करके शिकायत दर्ज कराई। काफी देर बाद पहुंचे कर्मचारियों ने आसपास के फीडरों का शटडाउन कराया। इसके बाद टूटे तार को सही कराया गया।

इसके अलावा सैजनी नानकार की एबीसी केबिल ओवर लोड के कारण जल गई। केबिल जलने से करीब तीन घंटे तक बिजली बंद रही। लोगों को जरूरी कार्यों को पूरा करने के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ा। विद्युत निगम के अधिकारियों के अनुसार तेज हवा चलने के कारण 11 हजार केवी लाइन के तारों में खराबी और अतिरिक्त लोड के कारण एबीसी केबिल जल गई थी। दोनों समस्याओं को दूर करने के बाद आपूर्ति सुचारू करा दी गई।

लाइन में आई खराबी को सही करता कर्मचारी। ● अमृत विचार

शहरवासियों को 23 दिन और उठानी पड़ेगी दिक्कत

शहरवासियों को 23 दिन तक और दिक्कत उठानी पड़ेगी। केंद्र सरकार द्वारा नामित कार्यदायी संस्था 31 मार्च तक पुराने तारों, खंभों को बदलने का कार्य करेगी। शहर में प्रतिदिन साइट के हिसाब से कंपनी के ठेकेदार काम करा रहे हैं। सुरक्षा की दृष्टि से संबंधित बिजलीघर से शटडाउन लिया जाता है। जितनी देर कार्य कराया जाएगा, उतनी देर तक क्षेत्र की सप्लाई बंद करनी पड़ती है। विद्युत निगम के अधिकारियों के अनुसार एनसीसी कंपनी को 31 मार्च तक ठेका मिला है। लोगों को परेशानी न हो, इसके लिए समय से पहले कार्य पूरा करने को कहा गया है।

किसानों को पेंशन दे सरकार : कामरान

रामपुर, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन अंबावता के राष्ट्रीय महासचिव कामरान खां ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार दिल्ली की तर्ज पर किसानों को पांच हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन दे। एमएसपी भी लागू किया जाए। इसके लिए पूरे प्रदेश में चलो गांव की ओर कार्यक्रम संचालित है।

बिलासपुर गेट स्थित कार्यालय पर भाकियू अंबावता की बैठक का आयोजन किया गया। इसमें कामरान खां ने कहा कि संगठन दबे, कुचले लोगों की लड़ाई लड़ता आ रहा है। यह आगे भी जारी रहेगा। इस दौरान कुछ सदस्यों को सदस्यता भी दिलाई गई। इस अवसर पर शाह आलम खां, परवेज खां, नादिर खां, शहाब खां, एजाज खां, सद्दीक अहमद आदि शामिल रहे।

महिला दिवस पर निकाली जागरुकता रैली

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सिविल लाइंस क्षेत्र में जागरुकता रैली निकाली गई। मुख्य विकास अधिकारी डा. नंद किशोर कलाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। कलेक्ट्रेट कार्यालय से शुरू हुई जागरुकता रैली मुख्य मार्गों से बैनर, तख्तियों और महिलाओं के अधिकारों के आह्वान की गूंज के साथ गांधी समाधि पर संपन्न हुई। इस अवसर पर सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन लाने में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। महिला सशक्तीकरण के उद्देश्य को आगे बढ़ाने में छात्राओं की सक्रिय भागीदारी के बारे में बताया। प्रतिभागियों ने रोजमर्रा के जीवन में समानता और न्याय के सिद्धांतों को बनाने की प्रतिज्ञा ली। कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नहीं बल्कि हर दिन महिलाओं के अधिकारों और सम्मान के लिए महिलाएं हर क्षेत्र में पहचान बना रही हैं। शिक्षा को प्रोत्साहित करने वाली शिक्षिकाओं को सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष एकता गुप्ता, मंडल की उपाध्यक्ष श्वेता दूहन, राना तलत, सीमा और शारदा आदि शिक्षिका मौजूद रहीं। इसके अलावा कस्तूरबा गांधी की छात्राएं और 50 से 60 महिला शिक्षिका मौजूद रहीं। इसके अलावा अस्पताल का स्टॉफ भी मौजूद रहा। इस दौरान कुछ नर्स को भी सम्मानित किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पैदा होने वाली बेटियां सम्मानित

रामपुर, अमृत विचार : अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला चिकित्सालय में एक बेटी ने जन्म लिया। इस पर सीडीओ, सीएमओ, जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बच्ची और माता-पिता को सम्मानित किया। मुख्य चिकित्साधीक्षक डा. नवीन कुमार ने बताया कि रात 12 बजे से शाम छह बजे तक चार बच्चों ने जन्म लिया। इनमें तीन लड़के हैं। ब्लाक चमरौआ के गांव निवासी महिला ने बच्ची को जन्म दिया है। महिला दिवस पर बच्ची के जन्म लेने पर चिकित्सालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सीडीओ डा. नंद किशोर कलाल, सीएमओ डा. एसपी सिंह, जिला प्रोबेशन लवकुश भार्गव ने अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर पैदा होने वाली बेटियों को सम्मानित किया।

एक नजर

ट्रेन की चपेट में आकर युवक का पैर कटा

रामपुर, अमृत विचार : रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट आकर युवक का पैर कट गया। जानकारी के बाद मौके पर पहुंची आरपीएफ ने आनन-फानन में उसे अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे की जानकारी मिलने के बाद लोग राम-रहीम पुल पर एकत्र हो गए। इससे पुल पर जाम लग गया। शहजादनगर थाना क्षेत्र के गांव राजा रामपुर निवासी 36 वर्षीय मुकेश यादव दोपहर के समय ज्वालानगर गया था। वहां से लौटते समय रेलवे ट्रैक पार करके सिविल लाइन की ओर आ रहा था। इस दौरान अचानक ट्रेन आ जाने के कारण वह चपेट में आ गया। इसमें उसका एक पैर कट गया। आरपीएफ इंचार्ज दिनेश कुमार मीणा ने बताया कि ट्रेन की चपेट में आने से युवक का पैर कट गया है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया है।

न्याय वाटिका में राष्ट्रीय लोक अदालत आज

रामपुर, अमृत विचार : शनिवार को न्याय वाटिका में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन सुबह दस बजे से किया जाएगा। इसका आरंभ जिला जज सत्यप्रकाश त्रिपाठी करेंगे। इसमें सुलह योग्य फौजदारी वाद, दीवानी वाद, भरण-पोषण वाद, पारवारिक वाद, मोटर अधिनियम वाद व चकबंदी वादों का निस्तारण किया जाएगा। इसके अलावा उपभोक्ता फोरम से जुड़े मामलों का भी निस्तारण होगा। इसके अलावा भूमि से जुड़े मामलों का निस्तारण, बिजली चोरी से संबंधित वाद, नगर पालिका संबंधी वाद आदि का निस्तारण किया जाएगा।

महिलाओं से मारपीट में तीन लोगों का चालान

बिलासपुर, अमृत विचार : महिलाओं से मारपीट के दो अलग-अलग मामलों में केमरी पुलिस ने तीन लोगों का चलान किया है। प्रभारी निरीक्षक सतेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि कोटरा गांव स्थित ईंट भट्ठे पर काम करने वाले बिहार निवासी पिंटू व बबलू को गिरफ्तार किया गया है। इन्होंने भट्ठे पर ही मजदूरी करने वाली बिहार निवासी निशा देवी के साथ मारपीट की थी। वहीं, जनुनागर गांव निवासी बबलू को भी पकड़ा गया है। उसने अपनी पत्नी के साथ मारपीट की थी। तीनों आरोपियों का शांति भंग की धाराओं में चालान करके एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया।

सुमेश को न्याय दिलाने के लिए धरने पर बैठे लोग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : तहसील मिलक के ग्राम सिलईबड़ा में हुए बवाल में कक्षा 10 के छात्र सुमेश की गोली लगने से मौत हो गई थी। मृतक को न्याय दिलाने के लिए कई संगठनों के पदाधिकारी शुक्रवार से आंबेडकर पार्क में अनिश्चित कालीन धरने पर बैठ गए हैं।

गांव सिलईबड़ा गांव में कुछ दिन पूर्व ग्राम समाज की जमीन पर जाटव समाज की ओर से डा. भीमराव आंबेडकर का साइन बोर्ड लगा दिया गया था। इसे हटाने गए प्रशासन ने लाठीचार्ज करा दिया था। इसके बाद बवाल हो गया था। इस फायरिंग में कक्षा 10 के छात्र सुमेश की गोली लगने से मौत हो गई थी। उसी को न्याय दिलाने के लिए शुक्रवार से बहुजन समाज के समस्त संगठनों ने आंबेडकर पार्क में अनिश्चित कालीन धरना शुरू कर दिया है। यहां मौजूद राजीव आंबेडकर ने कहा कि सिलईबड़ा में एसडीएम के आदेश पर पुलिस ने गोली चलाकर सुमेश की हत्या कर दी थी। परिवार को न्याय नहीं मिल रहा है। पुलिस को बचाने के लिए ग्रामीणों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। बहुजन समाज मांग करता है कि परिवार को एक करोड़ रुपये और एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी दी जाए। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। इस मौके पर हरिओम रवि, राजीव कुमार, भीम प्रिय गौतम, धम्म प्रिय गौतम, दिनेश बाबू, राजेश, सौरभ, दीपक सागर, अजय पाल, सोनू सागर, उमेश, राहुल, अजयपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

आंबेडकर पार्क में अनिश्चित कालीन धरने पर बैठे लोग। ● अमृत विचार

- डा. आंबेडकर का साइन बोर्ड हटाने को लेकर सिलईबड़ा गांव में हुआ था बवाल
- गोली लगने से हो गई थी कक्षा 10 के छात्र सुमेश की मौत

पुत्र ने मां के नाम घर को अपने बेटे मुन्ना को कर दिया दान

वृद्धा के साथ बेटे ने की धोखाधड़ी, रिपोर्ट

संवाददाता, मिलक

अमृत विचार : नगर निवासी वृद्धा ने अपने पुत्र और पोते सहित चार लोगों पर मारपीट और धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने पर वृद्धा ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश के बाद पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

नगर के मोहल्ला रौरा खुर्द निवासी मसीतन पत्नी स्व. सद्दन ने न्यायालय में गुहार लगाते हुए कहा कि वह 92 वर्ष की महिला है। 1976 में उसने एक मकान खरीदा था। इसका बैनामा उसके नाम है।

जर्जर हालत होने कारण 1985 में उसने इस मकान का जीर्णोद्धार कराया। तभी से वह परिवार के साथ इस मकान में रहती है। वृद्धा के दो पुत्र हैं। बड़े पुत्र शब्बन की नीयत खराब हो गई। वह मकान को अपने नाम कराना चाहता था। लेकिन उसने इनकार कर दिया। तभी से शब्बन मकान को अपने नाम कराने की जुगत में लग गया।

शब्बन ने उपनिबंधक कार्यलय से सांठगांठ करके तथा फर्जी तरीके से 21 दिसंबर 2023 को अपने पुत्र मुन्ना कुरैशी के नाम दानपात्र लिखवा लिया। इसकी जाकारी मिलने पर उसने शब्बन से शिकायत की। तब शब्बन व उसके पुत्र मुन्ना कुरैशी ने वृद्धा के साथ अभद्रता करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। उसके सोने के कुंडल खींच लिए और जान से मारने की धमकी दी। वृद्धा की चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर पड़ोसी आ गए और वृद्धा को बचाया। वृद्धा ने मिलक कोतवाली में शिकायत की, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। परेशान होकर वृद्धा ने न्यायालय की शरण ली।

न्यायालय ने मामले को संज्ञान में लेते हुए मिलक पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश दिया। कोर्ट के आदेश पर मिलक पुलिस ने शब्बन, मुन्ना कुरैशी, तालिब और छोटे निवासी मोहल्ला रौरा खुर्द थाना मिलक के खिलाफ आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- मिलक थाना क्षेत्र का मामला, पुलिस ने की जांच शुरू

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार सिपाही की मौत

रामपुर के शहजादनगर थाने में तैनात था अमरोहा का देवेंद्र

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : शहजादनगर थाना क्षेत्र में शंकरपुर के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवार सिपाही को टक्कर मार दी। हादसे के बाद घायल सिपाही को अस्पताल ले जाया गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। हादसे के बाद चालक वाहन समेत फरार हो गया।

अमरोहा जनपद के डिडौली थाना क्षेत्र के गांव वाजिदपुर निवासी देवेंद्र सिंह का 27 वर्षीय पुत्र गौरव उत्तर प्रदेश पुलिस में सिपाही था। वर्तमान में वह जनपद के शहजादनगर थाने में तैनात था। वर्तमान में बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर ककरौआ के पास स्थित दीनदयाल इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र पर उसकी रात की ड्यूटी लगी हुई थी। गुरुवार रात करीब दस बजे वह खाना खाने के लिए हाईवे पर आया था। खाना खाने के बाद वापस जाते समय शंकरपुर के निकट पुलिया के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही गौरव बाइक की बाइक अनियंत्रित हो गई। परिणामस्वरूप गौरव सड़क किनारे जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल सिपाही को बाईपास स्थित संजीवनी अस्पताल में भर्ती करा दिया। वहां से बेहतर उपचार के लिए उसे मुरादाबाद रेफर कर दिया। अस्पताल पहुंचते ही डाक्टर ने गौरव को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही परिजन भी मुरादाबाद के अस्पताल के लिए रवाना हो गए। सिपाही की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

एक साल पहले ही हुई थी गौरव की तैनाती

शहजादनगर पुलिस का कहना है कि गौरव 2018 बैच का सिपाही था। वह एक साल पहले ही शहजादनगर थाने में तैनात हुआ था। उसकी ड्यूटी ककरौआ में स्थित इंटर कॉलेज में तैनात था। उसकी पत्नी भी पुलिस में है। वह अमरोहा के किसी थाने में तैनात है। उसकी एक साल की बेटी भी है।

> सिपाही परीक्षा केंद्र की ड्यूटी पर तैनात था। शंकरपुर ढाबे से खाना खाकर वापस ड्यूटी पर जा रहा था। अज्ञात वाहन की टक्कर से उसकी मौत हो गई। अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।
>
> -अमरनाथ वर्मा, थाना प्रभारी शहजादनगर

नवजात शिशु की मौत परिजनों ने किया हंगामा

शाहबाद, अमृत विचार : प्रसव के दौरान नवजात शिशु की मौत हो गई। परिजनों ने चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। कुछ लोगों ने किसी तरह उन्हें शांत किया। शाम तक मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

नगर के मोहल्ला कानूनगोयान निवासी आलम के अनुसार उसने अपनी गर्भवती पत्नी को प्रसव के लिए शुक्रवार की सुबह ढकिया मार्ग स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। आरोप है कि महिला का आपरेशन होना था लेकिन चिकित्सकों ने नार्मल डिलीवरी करनी शुरू कर दी। इससे शिशु की प्रसव के दौरान ही मौत हो गई। लेकिन चिकित्सकों ने हालत खराब बताकर उसे मुरादाबाद ले जाने को कहा। इसके बाद वह शिशु को मुरादाबाद ले गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन वापस शाहबाद स्थित निजी अस्पताल पहुंचे और स्टॉफ पर लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा किया। सूचना के बाद पुलिस भी आ गई। हालांकि अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

सपा में एक परिवार के नेतृत्व को लेकर उठने लगे बगावती सुर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : भाजपा में लोकसभा प्रत्याशी की घोषणा होते ही सपा में भी उम्मीदवार को लेकर सरगर्मियां बढ़ गई हैं। समाजवादी पार्टी में अगली पंक्ति के एक नेता के खिलाफ बगावती सुर उठने लगे हैं। यह विरोध के तेवर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मशकूर अहमद मुन्ना ने लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार के चयन को लेकर दिखाए हैं। बैठक में एक बड़े नेता के इशारे पर उम्मीदवार का चयन पार्टी का गलत फैसला बताया। इस आशय का पत्र सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल को भी भेजा है।

सिविल लाइंस स्थित कार्यालय में हुई बैठक में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मशकूर अहमद ने अखिलेश यादव को दलित नेता अजय सागर को सपा का जिलाध्यक्ष नामित करने पर बधाई दी। कहा कि पहली बार जनता के मध्य से अध्यक्ष नामित किया है। इस दौरान तय किया गया कि जिलाध्यक्ष के माध्यम से राष्ट्रीय अध्यक्ष को एक प्रस्ताव भेजा जाएगा। इसमें जनता के सर्वे के बाद जनता की मांग मुताबिक लोकसभा का प्रत्याशी बनाने की मांग की जाएगी। कहा कि पार्टी ने प्रत्याशी थोपा तो उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

पूर्व मंत्री आजम खां का नाम नहीं लेते हुए कहा कि अब तक इस जिले में एक ही परिवार से संबंधित लोग ही चुनाव लड़ते आए हैं। तुर्क समाज अपना 100 प्रतिशत वोट सपा प्रत्याशी को देता आया है। जिले में लगभग ढाई लाख तुर्क हैं। इसलिए तुर्क जाति का प्रत्याशी घोषित किया जाए या फिर शेख, पठान, अंसारी, बंजारा जाति के किसी लोकप्रिय व्यक्ति को टिकट दिया जा सकता है। अध्यक्षता करन सिंह यादव ने की। बैठक में प्रधान मुजफ्फर अली, हाजी अबरार, राकेश शर्मा, डा. शफीक अहमद, छोटे ठेकेदार, जमील सलमानी, साहिर सैफी, फरजंद अली सलमानी, मुक्ता प्रसाद गंगवार आदि मौजूद रहे।

- प्रतिशत के आधार पर तुर्क जाति को टिकट देने में वरीयता दिए जाने पर जोर

मोबाइल चोरी के शक में भीड़ ने किशोर को पीटा

मसवासी, अमृत विचार : साप्ताहिक बाजार में मोबाइल चोरी करने के शक में लोगों ने एक किशोर को पकड़ लिया और जमकर धुनाई कर दी। इससे हंगामा हो गया।

सर्वहितकारी इंटर कॉलेज के सामने शुक्रवार को साप्ताहिक बाजार लगता है। इसमें सैकड़ों लोग खरीदारी करने आते हैं। शुक्रवार को भी साप्ताहिक बाजार में कुछ लोगों ने 15 वर्ष के किशोर को मोबाइल चोरी करने के शक में पकड़ लिया। इसके बाद मौके पर भीड़ एकत्र हो गई। पकड़े गए किशोर की लोगों ने जमकर धुनाई कर दी। लोग पीटते समय बार-बार मोबाइल के बारे में पूछते रहे, लेकिन वह इनकार करता रहा। तलाशी में उसके पास से कुछ नहीं मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस उसे चौकी ले गई। इसके बाद तमाम लोगों भी चौकी पहुंच गए। कुछ समय बाद एक युवक का मोबाइल एक महिला को बाजार में पड़ा हुआ मिल गया। जिसका मोबाइल था उसे दे दिया गया। जानकारी पर चोरी के शक में पकड़े गए किशोर ने बताया कि वह ठाकुरद्वारा रहता है और फेरी करके चूड़ी बेचता है।

पतंग की डोर में उतरा बिजली का करंट, किशोर झुलसा

संवाददाता, मिलक

अमृत विचार : क्षेत्र के बेहटा गांव में 13 वर्षीय किशोर पॉवर ग्रिड की लाइन की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया। आस पास मौके पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। उसको अस्पताल में भर्ती कराया।

गांव बेहटा निवासी सुरेश का 13 वर्षीय पुत्र अजय गांव के बाहर सड़क पर पतंग उड़ा रहा था। पतंग की डोर गांव के पास से गुजर रही दो लाख बीस हजार वोल्टेज की पावरग्रिड लाइन के संपर्क में आ गई और हाई वोल्टेज का करंट अजय के शरीर में उतर गया। इससे वह बुरी तरह झुलस गया। यह देख अन्य बच्चों ने शोर मचा दिया। सूचना पर पहुंचे परिजन अजय को सरकारी अस्पताल ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने अजय को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव के नजदीक से दो पावरग्रिड लाइन गुजर रहीं हैं। पुरानी लाइन एक लाख 32 हजार वोल्ट की है।

दूसरी और नई पावरग्रिड लाइन दो लाख 20 हजार वोल्ट की है। बरसात में दोनों लाइनों के नीचे से गुजरने पर भी करंट लगता है। ग्रामीण तारों पर रबड़ लगाने की मांग वर्षों से कर रहे हैं। लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ। इसके चलते आये दिन गांव के लोग और बच्चे करंट की चपेट में आ जाते हैं। बरसात में जंगल से घास लाते समय लाइन के नीचे से गुजरने पर परेशानी का सामना करना पड़ता है।

हादसा

- दो लाख 20 हजार वोल्टेज की पावरग्रिड लाइन के संपर्क में आ गई पतंग की डोर
- तारों पर रबड़ लगाने की वर्षों से मांग कर रहे हैं ग्रामीण

बिजलीघर के नजदीक बने खनन चेकपोस्ट को हटाया

मसवासी, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव मानपुर-उत्तरी में तीन पुलिया पर बिजलीघर के नजदीक बनाए गए खनन चेकपोस्ट को हटा दिया गया है। यह चेकपोस्ट अब स्वार में तहसील मुख्यालय पर पहुंचाया गया है।

तत्कालीन जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ के आदेश पर करीब चार माह पहले गांव मानपुर-उत्तरी और उत्तराखंड बार्डर से सटे गांव मिलक-नौखरीद में खनन चेकपोस्ट बनाए गए थे। यहां खनन के वाहनों की रायल्टी सहित अन्य कागजातों को जांचने के लिए राजस्व कर्मियों व पुलिस की ड्यूटी लगाई थी।

वर्तमान जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने 20 फरवरी को मिलक-नौखरीद के चेकपोस्ट को मुरादाबाद-बाजपुर मार्ग स्थित मसवासी के मुख्य चौराहे पर शिफ्ट करा दिया था। दो दिन पहले मानपुर-उत्तरी के चेकपोस्ट को तहसील मुख्यालय पहुंचा दिया गया है।

साधु वेशधारी ठगों महिला को झांसा देकर नकदी-जेवर ठगे

संवाददाता, बिलासपुर

अमृत विचार : साधु वेशधारी दो ठगों ने एक महिला को झांसे में लेकर एक लाख रुपए की ठगी को अंजाम दे दिया। ठगों ने महिला से सोने के कुंडल,अंगूठी और नकदी आदि ठग लिया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दे दी है।

मोहल्ला सोमवार का बाजार निवासी देवी रानी गुरुवार की दोपहर करीब साढ़े तीन बजे माठखेड़ा मार्ग स्थित पंजाब नेशनल बैंक के अपने खाते में 58,000 रुपए जमा करने जा रही थी। मोहल्ला नवीन मंडी में उसे साधू की वेशभूषा में दो लोग मिले। उन्होंने महिला को रोक लिया और बात करने लगे। पीड़िता के अनुसार दोनों लोगों ने उसे अपनी बातों के जाल में फंसा लिया। घर की परेशानी दूर करने का हवाला देते हुए वह महिला को पीपल के पेड़ के पास ले गए। इसके बाद उन्होंने महिला की सोने की अंगूठी और कुंडल उतरवा लिए। इसके बाद उसके पास मौजूद रुपयों और जेवरों को पीपल की जड़ में रखने को कहा। कुछ देर उन्होंने पूजा करने का ढोंग किया और महिला को कुछ दूर भेजकर वापस आने को कहा। महिला जब वापस आई तो दोनों ठग नकदी और आभूषण लेकर चंपत हो गए। इसके बाद घबराई महिला रोने लगी। महिला का रोना सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। इस बीच उसके परिजन भी आ गए। परिजन उसे लेकर कोतवाली पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और लोगों से पूछताछ की। उधर प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह का कहना है कि अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

- पीड़िता ने पुलिस को दी घटना की तहरीर

डग्गामार वाहन बंद कराने को निजी बस चालकों-परिचालकों ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : शाहबाद-पटवाई मार्ग पर डग्गामार वाहन बंद कराने को लेकर प्राईवेट बस यूनियन के नेतृव में चालक और परिचालकों ने हड़ताल करते हुए उप संभागीय कार्यालय के पास प्रदर्शन किया। इसके बाद एआरटीओ को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की।

प्राईवेट बस यूनियन के अध्यक्ष सुरेंद्र खन्ना के नेतृव में चालकों और परिचालकों ने प्रदर्शन करके आरटीओ को ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा है कि सरकार द्वारा डग्गामार वाहनों की रोकथाम के लिए निर्देश दिए जाते हैं। रामपुर-शाहबाद, चंदौसी मार्ग पर अवैध वाहनों का संचालन किया जा रहा है। थ्री व्हीलर व ई-रिक्शा सवारियां ढो रहे हैं। इसके कारण उन्हें सवारियां नहीं मिल पा रही हैं और नुकसान उठाना पड़ रहा है। निजी एवं सार्वजनिक वाहनों से डग्गामारी की जा रही है। विरोध करने पर डग्गामार वाहनों के संचालक व चालक मारपीट करते हैं। इससे चालकों में आक्रोश पनप रहा है। उन्होंने डग्गामार वाहनों पर रोक लगाने की मांग की। इस मौके पर पकंज यादव, आबिद, रोहित, फरमान आदि मौजूद रहे। वहीं बसें नही चलने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

डग्गामार वाहनों के खिलाफ प्रदर्शन करते निजी बसों के चालक-परिचालक।

- एआरटीओ को सौंपा ज्ञापन, पूरे दिन हड़ताल पर रहे बस चालक
- सवारियां नहीं मिलने से निजी बस चालकों को हो रही परेशानी

आदेश फोटे के साथ स्कूल में फ्रेम में लगाया जाएगा शिक्षक,अनुदेशक और शिक्षामित्र का पूरा बायोडाटा

1596 स्कूलों में लगेगी पदनाम के साथ गुरुजी की तस्वीर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : शासन की ओर से बेसिक शिक्षक विभाग के शिक्षकों के लिए नया आदेश जारी हुआ है। इसमें प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षक, शिक्षामित्र और अनुदेशकों का हर स्कूल में बोर्ड लगेगा। जिसमें शिक्षक का पद नाम, योग्यता और ज्वाइनिंग की तिथि लिखी जाएगी। ताकि अधिकारियों को छापेमारी के समय किसी से कुछ न पूछना पड़े और स्कूल से नदारद शिक्षकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो सके।

शासन परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के लिए किसी प्रकार की कोई कसर नहीं छोड़ना चाहता। शासन की मंशा है कि प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूलों के बच्चे भी अंग्रेजी माध्यम के बच्चों को मात दे सकें। इसके लिए शासन लगातार नए आदेश जारी कर रहा है। कुछ समय पहले बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए बर्तन बदलने के निर्देश जारी किए गए थे। इससे पहले बच्चों का रिजल्ट देने के समय अभिभावकों को कॉपी दिखाने के आदेश हुए थे। अब शासन ने शिक्षकों के लिए नया आदेश जारी करते हुए कहा है कि स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षक,अनुदेशक और शिक्षामित्र का पूरा बायोडाटा और फोटो के साथ स्कूल में फ्रेम में लगाया जाएगा। फ्रेम में शिक्षक का फोटो, योग्यता और स्कूल में ज्वाइंनिग की तिथि शामिल होगी। जिससे किसी भी अभिभावक को शिक्षक के बारे में पूरा पता हो। इसके लिए शासन की ओर से एक स्कूल के लिए 150 रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

प्राइमरी स्कूल में पढ़ते बच्चे। ● फाइल फोटो

जिले में 8612 शिक्षक और शिक्षामित्र

जिले में इस समय 1956 स्कूलों में 8612 शिक्षक बच्चों को पढ़ा रहे हैं। इसमें शिक्षामित्र, अनुदेशक और शिक्षक शामिल हैं। उच्च प्राथमिक विद्यालय में 2398 और प्राइमरी में 6216 शिक्षक हैं। उच्च प्राथमिक के लिए 3,59,700 रुपये आए हैं। जबकि प्राइमरी के लिए 9,32,400 रुपये हैं। इन रुपयों को खाते में भेजा जा रहा है। ताकि शिक्षक जल्द से जल्द बायोडॉटा को स्कूलों में बोर्ड पर लगा लें।

शिक्षकों की उपलब्धि भी होगी शामिल

जिस प्रकार अधिकारियों का कार्यकाल उनके कार्यालय में लगे बोर्ड पर लिखा होता है, उसी तर्ज पर अब शिक्षक अपना बायोडाटा फ्रेम में लगाकर दीवार पर लगाएंगे। इसमें शिक्षक का नाम पदनाम, प्रशिक्षण योग्यता, मोबाइल नंबर, आंवटित विषय, विशिष्ठ उपलब्धि, शैक्षिक योग्यता, विद्यालय में तैनाती की तिथि आदि शामिल होगी।

> शासन के आदेश पर अब सभी स्कूलों में शिक्षकों का फोटो, पदनाम सहित एक बोर्ड लगाया जाएगा। इसके लिए शासन से पैसा पास हो गया है। -संजीव कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी

तीन दिन बाद खुला रूट डायवर्जन, दौड़े वाहन

रामपुर, अमृत विचार : तीन दिन बाद रूट डायवर्जन हटा दिया गया। शाम करीब चार बजे भारी वाहनों का नेशनल हाईवे पर चलना शुरू हो गया। इस दौरान कई बार जाम लग गया। हालांकि पुलिस जाम को खुलवाती रही।

महाशिव रात्रि को लेकर तीन दिन पहले हाईवे से गुजरने वाले भारी वाहनों को अजीतपुर बाइपास से होकर गुजारा जा रहा था। ताकि कांवड़ लेकर आने वाले भक्तों किसी कोई परेशानी न हो। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल तैनात किया गया था।

शुक्रवार को शाम चार बजे डायवर्जन खत्म कर दिया गया। इसके बाद ढाबों पर खड़े वाहनों का चलना शुरू हो गया। इससे कई बार जाम भी लग गया। पुलिस जाम खुलवाती रही। टीआई विजेंद्र सिंह ने बताया कि शाम को चार बजे से डायवर्जन खोल दिया गया है।

मंदिर के पुजारी को रास्ते में घेरकर किया जानलेवा हमला

संवाददाता, मिलक

अमृत विचार : क्षेत्र के भैंसोड़ी गांव स्थित मंदिर पर रहने वाले साधु को एक समुदाय के लोगों ने राह चलते घेर लिया। विरोध पर मारपीट कर घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची ने गंभीर रूप से घायल साधु को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है।

मिलक के गांव भैंसोड़ी शरीफ निवासी कृष्ण कुमार कश्यप गांव के बाहर स्थित मंदिर के बराबर में बनी झोपड़ी में साधु के भेष में रहता है। शुक्रवार की शाम वह अपने पुत्रों के बच्चों को खाने का सामान देने घर गया था। वहां से लौटते समय एक विशेष समुदाय के कुछ लोगों ने उसे रास्ते में घेर लिया और अभद्रता करने लगे। विरोध पर उन्होंने साधु के चिमटे से उस पर जानलेवा हमला बोल दिया। इसमें साधु बुरी तरह घायल हो गया। घायल साधु ने पड़ोस के घर मे घुसकर जान बचाई। साधू की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग एकत्र हो गए। यह देख हमलावर फरार हो गए। इससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल साधू को नगर के सरकारी अस्पताल ले गई। डॉक्टर ने गम्भीर रूप से घायल साधू को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायल की पुत्रवधू ने बताया कि जानलेवा हमले की तहरीर दे दी गई है। घटना दो समुदाय के बीच होने से गांव का माहौल गर्म है।

> भैंसोड़ी गांव में साधु के साथ मारपीट की गयी है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तहरीर मिलने पर जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। -धनंजय सिंह, कोतवाली मिलक

एक नजर

मंदिर के पास की जमीन को कराया जाए कब्जा मुक्त

रामपुर, अमृत विचार : महाशिवरात्रि पर पूर्व राज्यमंत्री शिव बहादुर सक्सेना अपने बेटे के साथ भमरौआ मंदिर पहुंचे। उन्होंने सेवादार संदीप सोनी के साथ जलाभिषेक किया। महाशिवरात्रि पर महाभारत कालीन इतिहास समेटे भमरौआ महादेव मंदिर में लाखों शिवभक्तों ने शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। पातालेश्वर मंदिर के मुख्य सेवादार संदीप अग्रवाल सोनी ने बताया कि भमरौआ मंदिर को पर्यटन स्थल विकसित कराने के उद्देश्य से 40 बीघा जमीन को कब्जा मुक्त कराकर शामिल कराना आवश्यक है। पातालेश्वर शिवालय सेवा ट्रस्ट की तरफ से मांग की गई कि मंदिर की चारदीवारी से बाहर 40 बीघा भूमि मंदिर बाउंड्रीवाल के अंदर शामिल की जाए। इस अवसर पर सेवादार उपेंद्र गुप्ता, सत्य प्रकाश, मास्टर रोशन लाल, सुदेश यादव, विष्णु हरी गुप्ता, राधेश्याम, गेंदन लाल सैनी, कमल वर्मा, मिलन सक्सेना, अमित गुप्ता मौजूद रहे।

पुलिस की मौजूदगी में हुआ जलाभिषेक

शाहबाद, अमृत विचार : महाशिवरात्रि पर शिवालयों में भीड़ उमड़ पड़ी। पुलिस की मौजूदगी में शिवभक्तों ने जलाभिषेक किया। घरों पर भी लोगों ने रुद्राभिषेक कराया। चंदौसी रोड पर लक्खी बाग स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर भोर के पहले पहर से ही श्रद्धालु पहुंचने शुरू हो गए। कांवड़ियों ने पूर्व संध्या से ही डेरा डाल लिया था। उधर परौता गांव स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। एसडीएम सुनील कुमार प्रथम, सीओ अतुल पांडेय, कोतवाल ओमकार सिंह फोर्स के साथ मुस्तैद रहे।

शिवभक्तों को वितरित किए जल और फल

रामपुर, अमृत विचार : शुक्रवार को महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में नारायणा ई-टेक्नो स्कूल के द्वारा सिविल लाइंस थाने के सामने शिव भक्तों की सेवा के लिए शिविर लगाया गया। इसमें शिवभक्तों को जल और फल वितरित किये गए। कार्यक्रम का आरंभ स्कूल की एजीएम डॉ. उजमा कमर के साथ विद्यालय के स्टॉफ ने महादेव की पूजा करके किया। इस दौरान प्रतीक मधुर, सजल सक्सेना, चेतन स्वरूप शर्मा, दिनेश कुमार, पायल सक्सेना इत्यादि मौजूद रहे।

भमरौआ मंदिर में जलाभिषेक करते पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी। ● अमृत विचार

भमरौआ मंदिर में जल चढ़ाने के लिए कतार में लगे शिव भक्त। ● अमृत विचार

दौड़कर जल लेकर आते भक्त। ● अमृत विचार

महाशिवरात्रि पर शिवालयों में हर-हर महादेव की गूंज

तड़के ही कांवड़ियों ने किया भमरौआ मंदिर में जलाभिषेक, सुरक्षा के लिए तैनात रही पुलिस

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : महाशिवरात्रि पर शहर के सभी मंदिरों में तड़के से ही भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों की गूंज वातावरण में गूंजती रही। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल भी तैनात रहा।

शुक्रवार को जिले में महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया। सुबह होते ही शिवालयों में भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। तड़के से ही कांवड़ियों ने जलाभिषेक शुरू कर दिया। दिन निकलने के बाद धीरे-धीरे भीड़ बढ़ती चली गई। भमरौआ और पंजाबनगर मंदिर में दोपहर बाद तक भगवान शंकर के भक्त लाइन में लगकर जलाभिषेक करते रहे। मंदिरों में प्रवेश द्वार और निकास द्वार अलग-अलग बनाए गए। सजावट और प्रसाद आदि की व्यवस्थाएं की गई। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल तैनात रहा। दोपहर में एएसपी अतुल कुमार श्रीवास्तव ने भमरौआ और पंजाबनगर मंदिर का निरीक्षण किया। भमरौआ मंदिर के बाहर लगे मेले में बच्चों ने झूलों का आनंद लिया। महिलाओं ने घर में प्रयोग किए जाने वाली वस्तुएं खरीदीं।

मंदिर में प्रवेश के दौरान घंटा बजाता भक्त। ● अमृत विचार

जल चढ़ाने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते भक्त।

पुलिस अधीक्षक ने भमरौआ मंदिर में किया जलाभिषेक

शिवरात्रि पर गली-मोहल्लों में बने मंदिरों पर भी सुबह से ही भक्तों का पहुंचना शुरू हो गया था। इस दौरान कृष्णा मंदिर, मनोकामना मंदिर, शिव मंदिर में भक्तों ने भगवान शंकर को जल चढ़ाया। तमाम भक्तों ने तड़के ही जलाभिषेक शुरू कर दिया। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने भी भमरौआ मंदिर में जलाभिषेक किया। शिवरात्रि पर्व पर विशेष रूप से शिव कृपा प्राप्त करने के लिए अग्रवाल धर्मशाला में पंडित विश्वनाथ मिश्रा ने भगवान शंकर को जल, पुष्प, दूध, दही, घी, शहद से स्नान कराकर पूजन करने के बाद आरती की। इस दौरान भक्तों की भीड़ रही।

रठौंडा मेले में राज्यमंत्री ने किया जलाभिषेक

रामपुर, अमृत विचार : महाशिवरात्रि पर राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख बिलासपुर के प्राचीन शिव मंदिर रठौंडा पहुंचे। यहां उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ जलाभिषेक किया। रठौंडा मेले में आए ग्रामवासी और आसपास के श्रद्धालुओं से भी मिले। प्रबंधक और पुजारी से व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी की। इस मौके पर मिलक की ब्लॉक प्रमुख अर्चना गंगवार, मंडल अध्यक्ष रवि गंगवार, जिला पंचायत सदस्य रजनीश पटेल, राम सिंह, नंद किशोर गंगवार मौजूद रहे।

बृजघाट से लाए 54 कलश जल से किया जलाभिषेक

रामपुर, अमृत विचार : शिव भक्तों का एक दल बृजघाट पहुंचा। यहां इस दल ने 54 कलशों में जल भरने के बाद विधि-विधान से गंगा घाट पर कलश का पूजन किया। इसके बाद रामपुर के लिए रवाना हो गए। प्रातः कालीन ब्रह्म मुहूर्त में मिलक राठौंडा शिव मंदिर में जलाभिषेक किया। इसके बाद शिव परिवार की आरती की। मंदिर में शिव पार्वती की मूर्तियों का श्रृंगार पंडित मुन्ना हरि ने किया। मंदिर के पुजारी पंडित शिवम शर्मा, पंडित सोमानंद शर्मा ने मंत्रोच्चारण कराया। बाद में मंदिर के द्वारा सभी भक्तों के लिए खोले गए। शिव दल में शामिल अश्वनी त्यागी, अतुल शर्मा, संजय प्रजापति, तारा प्रजापति, पंडित प्रेम शंकर तिवारी, संजय ठाकुर, मुन्ना सिंह, प्रशांत गुप्ता, पंडित अंकुर शर्मा, राजेंद्र अग्रवाल, राजू भाई, नरेंद्र अरोड़ा आदि शामिल थे।

रठौंडा मंदिर में जलाभिषेक करते राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख। ● अमृत विचार

कलश के साथ मौजूद भक्त। ● अमृत विचार

परिवार के साथ जलाभिषेक करने पहुंचे शहर विधायक आकाश सक्सेना।

रठौंडा में जलाभिषेक को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

संवाददाता, मिलक

अमृत विचार : शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर गांव रठौंडा स्थित प्राचीन शिव मंदिर में हजारों श्राद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। मेले में खरीदारी कर झूलों, सर्कस इत्यादि का आनंद उठाया।

सुबह चार बजे से कांवड़ियों ने जलाभिषेक शुरू कर दिया। सुबह से शाम चार बजे तक श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। कांवड़िए नाचते-गाते मंदिर पहुंचे। महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या से ही मंदिर परिसर व मेला परिसर में भारी पुलिस बल तैनात रहा। ब्लॉक प्रमुख अर्चना गंगवार, जिला पंचायत सदस्य टेकचंद गंगवार, रजनीश पटेल, रामसिंह गंगवार, लीलाधर गंगवार, देवेश गंगवार, रवि गंगवार आदि रहे। दोपहर 12 बजे के बाद शहर विधायक आकाश सक्सेना परिवार के साथ मेला प्रांगण पहुंचे। जिला पंचायत के टेंट में उन्होंने भाजपाइयों से वार्तालाप की। इसके बाद परिवार के साथ मंदिर में जलाभिषेक किया। भारी भीड़ के उन्होंने मंदिर के बाहर प्रांगण में परिवार के साथ पूजा-अर्चना की। उनके साथ तहसीलदार राकेश कुमार भी रहे।

रस्तोगी महासभा ने निकाली बाबा की बरात

रामपुर, अमृत विचार : रस्तोगी महासभा की ओर से शुक्रवार को बाबा की बरात निकाली गई। इसका जगह-जगह स्वागत किया गया। सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात रहा।

रस्तोगी महासभा की ओर से हर साल बाबा की बरात निकाली जाती है। इसी के चलते शुक्रवार को महाशिवरात्रि के मौके पर रस्तोगी महासभा की ओर से मंदिर में जलाभिषेक किया गया। इसके बाद पकौड़ी का प्रसाद बांटा गया। शाम को बाबा का श्रृंगार करके कैथ वाली मस्जिद से बरात निकाली गई। जो शहर में घूमती हुई वापस धर्मशाला पहुंची। बरात के आगे बैंड बाजे चले रहे। भूत प्रेत नृत्य कर रहे थे।

बरात का जगह-जगह स्वागत किया गया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष छोटे लाल रस्तोगी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमल किशोर रस्तोगी, महामंत्री राजू रस्तोगी, मनोज कुमार रस्तोगी, उमेश रस्तोगी, अशोक मिश्रा मौजूद रहे। बच्चों की झांकियों में शिवांश रस्तोगी, उर्वशी, सुविका, नेहा आदि मौजूद रहे।

मेले में नमाज पढ़ने का ऐलान सुन गुस्साए शहर विधायक

संवाददाता, मिलक

- पंडाल में जाकर कर्मचारियों को सुनाई खरी खोटी
- आनन-फानन में हटाई गईं नमाज के लिए बिछाई गई दरियां

अमृत विचार : महाशिवरात्रि पर शुक्रवार को परिवार के साथ रठौंडा मेला पहुंचे शहर विधायक आकाश सक्सेना का मेले में हो रहे जुमे की नमाज का ऐलान सुनकर पारा चढ़ गया। उन्होंने मेला अधिकारियों व कर्मचारियों को फटकार लगाई।

मंदिर जाने के लिए शहर विधायक मेला प्रांगण में बनी पुलिस चौकी के सामने पहुंचे। तब जिला पंचायत के पंडालों के बीच खाली मैदान में जुमे की नमाज पढ़ने का ऐलान मेला परिसर में गूंज रहा था। मेला परिसर में नमाज पढ़ने के ऐलान को सुनकर वह भड़क गए। उन्होंने ऐलान कर रहे कर्मचारी एवं जिला पंचायत के अधिकारियों व कर्मचारियों से पूछा कि मेला परिसर में किसके आदेश पर जुमे की नमाज का ऐलान किया जा रहा है। जिला पंचायत के अधिकारी ने बताया कि मेले में आये एक मुस्लिम दुकानदार द्वारा यह ऐलान कराया जा रहा है। अधिकारियों ने ऐलान करा रहे दुकानदार को तत्काल विधायक के सामने पेश किया। विधायक ने दुकानदार को फटकार लगाते हुए कहा कि यह हिंदुओं का मेला है। यहां हिन्दू समुदाय जलाभिषेक करने आता है। मेला परिसर में नमाज नहीं पढ़ी जाएगी। जिसे भी नमाज अदा करनी है वह बाहर जाकर नमाज अदा करे।

उधर पंडाल के बीच खाली पड़े मैदान में नमाज अदा करने के लिए दरियां बिछ चुकी थीं। मुस्लिम दुकानदारों के पहुंचने का सिलसिला भी शुरू हो गया था। आनन-फानन में कर्मचारियों ने दुकानदारों को पंडाल से बाहर किया गया तथा दरियों को हटवाया।

भक्तों ने आस्था के साथ किया जलाभिषेक

टांडा, अमृत विचार : नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में महाशिवरात्रि का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भक्तों ने महादेव पर आस्था के साथ जलाभिषेक किया। मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। पर्व को लेकर मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया।

शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर भक्तों ने सुबह चार बजे से पूरी श्रद्धा के साथ शिवालयों में जलाभिषेक करना शुरू कर दिया। नगर व आसपास के क्षेत्र के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। महाशिवरात्रि को लेकर मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया। श्रद्धालुओं ने भोले भंडारी के जयकारे लगाए।

शिव मंदिर टांडा व निकटवर्ती ग्राम बादली के प्राचीन शिव मंदिर, मोहल्ला नवाबपुरा, मरघटी, दुलीवाला, विश्वनाथ मढई मंदिर सहित क्षेत्र के गांव पीपली नायक, लांबाखेड़ा, धनपुरा आदि के शिव मंदिरों में कावड़ियों ने जलाभिषेक किया।

मौसम | चिकित्सक दे रहे लापरवाही नहीं बरतने की सलाह

बदला मौसम का मिजाज, दिन भर चली धूल भरी हवा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : शुक्रवार को महाशिवरात्रि के दिन मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। सुबह 10 बजे से धूल भरी हवा चलती रही। इससे लोगों को काफी परेशानी हुई। दुकानों पर रखा सामान उड़ता रहा। शाम को हवा रुकने के बाद लोगों को राहत मिली। घरों के दरवाजे और कपड़े तक धूल से भर गए। पेड़ों से पतझड़ होता रहा। चिकित्सक लापरवाही नहीं बरतने की सलाह दे रहे हैं।

मार्च को एक सप्ताह गुजर चुका है। कई दिन से चल रही सर्द हवा से लोगों को सुबह शाम ठंड का अहसास हो रहा था। लोग अभी भी स्वटेर और जैकेट पहन रहे हैं। वही छोटे बच्चों को सर्द हवा से बचाकर रखा जा रहा है। शुक्रवार को महाशिवरात्रि के मौके पर बदले मौसम से लोगों को गर्मी का अहसास हुआ। सुबह दस बजे से धूल भरी आंधी चलने से छतों पर सूखने के लिए डाले गए कपड़े उड़ गए। महिलाएं बच्चों से कपड़े मंगवाती रहीं। ईंट आदि से दबाकर रखे गए कपड़ों पर धूल चढ़ गई। बाजारों में दुकानों के बाहर टंगे कपड़े भी उड़ते रहे। दोपहिया वाहन सवारों को भी धूलभरी हवा से काफी परेशान किया।

शाम को हवा रुक जाने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। हालांकि, जिला अस्पताल के चिकित्सक डा. शहजाद हसन खां अभी भी गरम कपड़े नहीं उतारने की सलाह मरीजों को दे रहे हैं।

रामपुर में शुक्रवार को पूरे दिन तेज हवा चलती रही। शाम को सूर्यास्त के समय मौसम खुशगवार हो गया। ● अमृत विचार

> 12 मार्च तक पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में मौसम शुष्क रहने व तापमान में बढ़ोत्तरी होने का अनुमान है।
>
> -डा. उदय प्रताप शाही, मौसम वैज्ञानिक, कृषि विश्वविद्यालय मेरठ

हाल-ए-मौसम

आद्रता	30 प्रतिशत
वायु वेग	18 किमी प्रति घंटा

लोगों को बीमार बना रहा मौसम का बदलाव

जिला अस्पताल के चिकित्सक डा. डीके वर्मा बताते हैं कि रोजाना मौसम बदलने से बच्चे व बूढ़े बीमार हो रहे हैं। रोजाना खांसी, जुकाम के मरीज जिला अस्पताल व निजी अस्पतालों में पहुंच रहे हैं। पांच साल तक के बच्चों में खांसी-जुकाम की शिकायतें मिल रही हैं। मौसम में हुए बदलाव के चलते डाक्टर बच्चों के अभिभावकों को गर्म कपड़े पहनाने की की सलाह दे रहे हैं।

नव मनोनीत जिलाध्यक्ष पुष्पा गुप्ता का स्वागत करतीं पदाधिकारी। ● अमृत विचार

महिला मातृशक्ति की जिलाध्यक्ष बनीं पुष्पा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : शुक्रवार को सिविल लाइन में सुषमा अग्रवाल के निवास पर धर्म रक्षा संघ (मातृशक्ति) की बैठक हुई। इसमें राष्ट्रीय संगठन मंत्री जगदीश गुप्ता ने धर्म रक्षा संघ के बारे में तथा उसके द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

धर्म रक्षा संघ (मातृशक्ति) की राष्ट्रीय अध्यक्ष पारूल गुप्ता एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष राजीव सिंघल ने विचार प्रस्तुत किए। देश में किए जा रहे कार्यों से अवगत कराया। सभी से धर्म रक्षा संघ के कार्यों एवं उद्देश्यों को गति प्रदान करने का अनुरोध किया। बैठक में सर्वसम्मति से पुष्पा गुप्ता को महिला मातृशक्ति की जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। उन्होंने कहा कि वह जल्द से जल्द कमेटी गठित कर संस्था के प्रति समर्पित होकर कार्य करेंगी।

बैठक में सुषमा अग्रवाल, अरूणा मांगलिक, बबिता गुप्ता, रागिनी शर्मा, कल्पना कपूर, नीता गुप्ता, मिथिलेश राजपूत, नीलम वैश्य, चन्द्र प्रभा गुप्ता आदि उपस्थित रहीं।

एक नजर

स्वार के बीईओ का हुआ आगरा तबादला

रामपुर, अमृत विचार : कई वर्ष से जिले में तैनात खंड शिक्षाधिकारी विजय कुमार का स्थानांतरण आगरा कर दिया गया है। कार्यालय शिक्षा निदेशक प्रयागराज की ओर से कई जिलों के शिक्षाधिकारियों का तबादला किया गया है। इसमें स्वार में तैनात बीईओ विजय कुमार का तबादला रामपुर से आगरा के लिए कर दिया गया है।

वरिष्ठ कोषाधिकारी बने रणजीत सिंह

रामपुर, अमृत विचार : शुक्रवार को शासन ने रणजीत सिंह को जिले का वरिष्ठ कोषाधिकारी बनाया है। ट्रेजरी में काफी समय से यह पद खाली चल रहा था। शासन की ओर से शुक्रवार को रंजीत सिंह को वरिष्ठ कोषधिकारी बनाया गया है। तत्काल प्रभाव से कार्यभार ग्रहण करने के आदेश दिए गए हैं।

वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते ब्लॉक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख।

शुद्ध पानी का महत्व समझाने के लिए प्रचार वाहन रवाना

संवाददाता, बिलासपुर

अमृत विचार : विकास खंड कार्यालय में शुक्रवार को ब्लॉक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख व बीडीओ राजेश कुमार ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाई। सरकार की जल जीवन मिशन परियोजना के तहत यह प्रचार वाहन ब्लॉक के प्रत्येक राजस्व गांव में जाकर वहां के प्रधानों के सहयोग से कार्यशाला आयोजित करेगा।

शासन द्वारा अधिकृत की गई प्योर लाइफ सोसायटी के ट्रेनर ग्रामीणों को कार्यशाला के माध्यम से शुद्ध पेयजल का महत्व बताएंगे। साफ पेयजल की पहचान, अशुद्ध जल से होने वाले रोग, जल संरक्षण आदि के बारे में भी जागरूक किया जाएगा।

इस अवसर पर सोसायटी के जिला समन्वयक अमरपाल गंगवार, ट्रेनर परमेश्वरी दयाल, देवदत्त आर्य, ज्ञान प्रकाश, इंद्रपाल सिंह, ज्ञानवती, मुन्नी देवी, रेशमा बी, मौ.हसन, सौरभ कुमार आदि मौजूद रहे।

गेहूं-सरसों के साथ लहसुन, शिमला मिर्च, धनिया, चुकंदर, पालक, सौंफ और पापुलर की कर रहे खेती

सह-फसली खेती करके मालामाल हो गए शीलचंद पाल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : अब एक फसल से मुनाफा लेकर अच्छी तरह घर चलाना मुमकिन नहीं है। किसानों को मुख्य फसल के साथ छोटी फसलों के उत्पादन की ओर भी ध्यान देने का समय आ गया है। कुछ किसान एक साथ कई फसल उगा कर काफी लाभ कमा रहे हैं। इससे खाद-पानी की बचत तो होती ही है मुनाफा भी कई गुना हो जाता है। जबकि एक फसल के भरोसे रहने पर किसान को कभी-कभी घाटा भी उठाना पड़ता है।

ब्लॉक स्वार के प्रगतिशील किसान शीलचंद के पास छह एकड़ खेती होने से हमेशा आर्थिक तंगी रहती थी। लेकिन जब से उन्होंने सह-फसली खेती करनी शुरू की तबसे थोड़ी-सी जमीन होने के बावजूद वह मालामाल हो गए। मुख्य फसलों के साथ सात फसल उगाकर दूसरों के लिए वह मिसाल बन गए हैं। कई फसलें एक साथ होने से लागत कम और मुनाफा कई गुना बढ़ गया है।

सह-फसली के लिए शीलचंद को प्रोत्साहित करते उप कृषि निदेशक शैलेंद्र कुमार।

> जबसे सह-फसली करने लगा हूं, तबसे घर के इस्तेमाल के लिए धनिया, चुकंदर, पालक, सौंफ, मिर्च, लहसुन बाजार से लेना नहीं पड़ता। मुझे गेहूं-सरसों और मसूर कृषि विभाग से मिली है। कृषि विभाग से ही दवा का भी लाभ उठा रहा हूं। कृषि विभाग से लेने पर 75 फीसदी सब्सिडी मिलती है। मेरा मानना है कि एक फसल बोने से कभी-कभी घाटा भी हो जाता है। इसलिए हर किसान को एक फसल पर ही निर्भर नहीं होना चाहिए। **-शीलचंद पाल**, किसान, ग्राम लखीमपुर, ब्लॉक स्वार

> सह-फसली खेती से ही किसान को मुनाफा हो सकता है। एक ही खाद एवं एक ही जल-प्रवाह से कई फसलें पैदा हो जाती हैं। इसमें पानी, बिजली, डीजल और खाद की बचत होती है। ऐसे किसानों को चिन्हित कर विभाग स्वयं उनका प्रसार-प्रचार करता है। ताकि यह विधि अपनाकर अन्य किसानों के हालात भी सुधरें और देश विकास की राह पर तेजी से अग्रसर हो। **-शैलेंद्र कुमार**, उप कृषि निदेशक

ब्लॉक स्वार के ग्राम लखीमपुर निवासी शीलचंद पाल के पास कुल छह एकड़ भूमि है। कम जमीन होने से कुछ साल पहले घर का गुजारा अच्छी तरह से नहीं हो पाता था। ऐसे हालात में शीलचंद की उप कृषि निदेशक शैलेंद्र कुमार से बातचीत हुई। इसके बाद किसान को सह-फसली खेती के रूप में समाधान मिल गया। शीलचंद ने कुछ साल से गेहूं-सरसों के साथ लहसुन, शिमला मिर्च, धनिया, चुकंदर, पालक, सौंफ आदि की खेती भी करनी शुरू कर दी। इसके अलावा वह पापुलर के पौधे भी मेढ़ पर लगा देते हैं। शीलचंद ने बताया कि लहसुन बोने में प्रति बीघा 10 हजार रुपये लागत आती है। इसमें 3-4 क्विंटल प्रति बीघा लहसुन पैदा हो जाता है। लहसुन का सही बाजार भाव जाने पर एक बार में तकरीबन 80 हजार रुपये तक का लाभ मिल जाता है। हरी मिर्च और शिमला मिर्च 10-15 क्विंटल पैदा हो जाती है। मिर्च की खेती से भी 15 हजार रुपये तक का मुनाफा हो जाता है। पापुलर के पेड़ काटकर भी लाभ कमा लेते हैं। वह रसायनायिक खाद व कीटनाशक से परहेज करते हैं।

उन्होंने बताया कि जैविक खेती करने के लिए कई गाय भी पाल रखी हैं। उनके गोबर से खाद तैयार कर प्राकृतिक खाद को भी बढ़ावा दे रहे हैं। सह-फसली में सभी फसलों को एक साथ खाद-पानी मिलने से पानी-खाद की बचत होती है। शीलचंद ने कई फसल एक साथ कर अपनी आर्थिक स्थिति तो मजबूत कर ली है। अब वह अन्य ग्रामीणों को भी सह-फसली के लिए जागरूक कर रहे हैं।

रोजाना खतरनाक रास्ते से गुजर रहे विद्यार्थी

आठ माह पूर्व तोड़ी गई पुलिया की नहीं हो सकी मरम्मत, पालिका के अधिकारी बरत रहे लापरवाही

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में करीब साढ़े पांच हजार छात्र-छात्राएं शिक्षा ग्रहण करते हैं। कालेज के मुख्यद्वार से 150 कदम की दूरी पर स्थित पुलिया को जलभराव के चलते आठ माह पूर्व आनन-फानन में तोड़ दिया गया था। यह पुलिया करीब आठ फिट चौड़ी, 12 फिट लंबी और 10 फिट गहरी है। टूटी पुलिया के निकट चार फिट का रास्ता है। जहां कालेज की छुट्टी होने पर भीड़ का दबाव बढ़ जाता है। यह रास्ता छात्र-छात्राओं के लिए मौत के रास्ते से जैसा हो गया है। कई बार छात्र साइकिल और बाइक समेत इस पुलिया में गिरने से बच चुके हैं। इससे कभी भी हो बड़ा हादसा हो सकता है। छात्र-छात्राओं के अलावा राहगीरों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



रजा डिग्री कालेज रोड पर टूटी पड़ी पुलिया। ● अमृत विचार

जुलाई 2023 में डिग्री कालेज की पुलिया को जलभराव के कारण तोड़ा गया था। इसके बाद बरसात के पानी की निकासी हुई थी। लेकिन पुलिया टूटने के बाद लोगों की समस्या और बढ़ गई है।

लोगों ने पुलिया को तोड़ने का विरोध भी किया था। उनका कहना था कि पुलिया को तोड़ने की बजाए वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। इससे लोगों को काफी हद तक समस्या से छुटकारा मिल जाएगा। यह पुलिया नई बस्ती, मुमताज पार्क, चौकी पाखड़, सैजनी नानकार, खुसरो बाग रोड, पीडब्ल्यूडी कालोनी, नई तहसील, पक्षी विहार, जेल, पुलिस लाइन, नवीन मंडी और स्वार रोड को जोड़ रही है।

पुलिया के तोड़े जाने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। यहां के लोगों की समस्या को देखते हुए पालिका प्रशासन ने रात में नाले को तोड़ दिया था। आठ माह से छात्र-छात्राओं व अन्य लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले दिनों मरम्मत कराने के लिए नगर पालिका ने मिट्टी डलवा दी थी। मिट्टी समतल न होने की वजह से वाहन हिचकौले खाते निकल रहे हैं। यहीं नहीं इसके आगे बनाई गई पुलिया की बजरी भी कई जगह से उधड़ चुकी है। इससे लोग फिसल रहे हैं।

> बारिश के समय पानी की निकासी के लिए पुलिया तोड़ी गई थी। उस पर काम चल रहा है। ठेकेदार को तेजी से काम कराने के निर्देश दिए है। ताकि लोगों को आने-जाने में परेशानी का सामना न करना पड़े। **-दुर्गेश्वर त्रिपाठी**, ईओ नगर पालिका परिषद

5500 छात्र-छात्राओं व शिक्षकों की रहती है आवाजाही

राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 5500 छात्र-छात्राएं है। कालेज के प्रमुख चौराहे पर सड़क जगह-जगह से उधड़ी है। यह सड़क कई रास्तों को आपस में जोड़ रही है। यहां से हजारों की संख्या में लोगों की आवाजाही रहती है। इसके बाद भी इसे ठीक नहीं कराया जा रहा है। इस पुलिया से किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है।

शहर की कई सड़कों में हैं गहरे गड्ढे

शहर की अधिकांश सड़कों में गहरे गड्ढे हो चुके है। एलआईसी, राधा रोड, बरेली गेट, नालापार, तोपखाना और वाल्मीकि बस्ती के सडकों को स्थिति बेहद जर्जर है। इन गड्ढों को सही नहीं कराया जा रहा है। आचार संहिता लगने में कुछ दिन ही शेष हैं। इसके बाद कोई भी कार्य नहीं कराया जा सकता। इसलिए यदि जल्द इन्हें सही नहीं कराया गया तो लोग टूटी सड़कों पर चलने को मजबूर होंगे।

स्वार में धूमधाम से निकाली भगवान शिव की शोभायात्रा

स्वार, अमृत विचार : महाशिवरात्रि के पर्व पर भगवान शिव की शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। इसमें देवी-देवताओं की झांकियां देखकर नगरवासी मंत्रमुग्ध हो गए। चंदौसी से आया भगवान शंकर का अखाड़ा आकर्षण का केंद्र रहा।

बड़ा प्राचीन शिवमंदिर से प्रारंभ हुई शोभा यात्रा मुख्य मार्ग से होती हुई पंजाबी कालोनी, सैनी मोहल्ला, कोतवाली रोड, स्वार खास, चक स्वार, वाल्मीकि बस्ती होती हुई बड़ा शिव मंदिर पर संपन्न हुई। शोभायात्रा का उद्घाटन स्वार टांडा विधायक शफीक अहमद अंसारी के पुत्र उमैर अंसारी ने फीता काटकर किया। इसमें भगवान शंकर, राम लक्ष्मण, मां काली, सरस्वती, हनुमान, रावण आदि की झांकियों ने मन मोह लिया।

शोभायात्रा में संचालक धर्मेंद्र शर्मा, अनिल भारद्वाज, शिवओम शर्मा, जिला मंत्री भाजपा राजेश शर्मा, आजाद सैनी, राजीव वर्मा, रामौतार कुमुद, पंडित प्रशांत शर्मा, फूलचंद, मुरारी लाल आदि मौजूद रहे। सुरक्षा की दृष्टि से क्षेत्राधिकारी संगम कुमार, कोतवाल संदीप त्यागी भारी पुलिस बल के साथ तैनात रहे।

बिलासपुर में जलाभिषेक के लिए कतार में लगे भक्त। ● अमृत विचार

बम-बम भोले के जयकारों के बीच किया जलाभिषेक

संवाददाता, बिलासपुर

अमृत विचार : महाशिवरात्रि पर्व पर क्षेत्र के शिव मंदिरों में स्थापित शिवालयों पर शिवभक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। जयकारों के बीच भक्तों ने जलाभिषेक किया। उधर सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात रहा। मंदिरों के बाहर बेलपत्र आदि की दुकानें भी लगीं।

शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर ऐतिहासिक चंदेन के शिव मंदिर व बिढ़वा नगला स्थित मोटे महादेव मंदिर समेत नगर के मंदिरों में शिवभक्तों का सैलाब उमड़ा। जलाभिषेक करने वालों की लम्बी कतारें लग गईं। बताया जाता है कि हरिद्वार से जल लाने वाले कांवड़िए चंदेन मंदिर के शिव मंदिर व मोटे महादेव मंदिर पर जलाभिषेक करते हैं। रामपुर रोड स्थित शिव मंदिर व अन्य मंदिरों में भी जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंदिरों के बाहर बेलपत्र की दुकानें व साफ-सफाई चाक चौबंद रही। पंजाबी कॉलोनी स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर के मंहत पंडित राम मनोहर पाठक ने बताया कि मंदिर में सवेरे चार बजे से शाम तक पूजा-पाठ हुई। दोपहर में प्रसाद का वितरण किया गया।

आर्य समाज मंदिर में हवन में आहुति देते भक्त। ● अमृत विचार

वेद मार्ग पर चलने का आह्वान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : आर्य समाज के महामंत्री मनोज कुमार आर्य ने कहा कि हम सभी ऋषियों की संतान हैं। हमें वेद मार्ग पर चलना चाहिए।

पट्टी टोला स्थित आर्य समाज मंदिर में महाशिवरात्रि एवं ऋषि बोध उत्सव के उपलक्ष में एक दिवसीय कार्यक्रम का आरंभ वैदिक यज्ञ से हुआ। यज्ञ आर्य समाज पट्टी टोला के धर्माचार्य बृजेश कुमार शास्त्री ने कराया। अध्यक्ष सुभाष चंद्र रस्तोगी, मनोज कुमार की पत्नी सुरभि रस्तोगी तथा राजीव रस्तोगी अपनी पत्नी बबीता रस्तोगी के साथ यजमान रहे। बृजेश कुमार शास्त्री ने वेद मन्त्रों का उच्चारण करते हुए यजमानों को यज्ञोपवीत धारण कराया।

कासगंज से पधारी किरण आर्या ने ऋषि चर्चा के माध्यम से महाशिवरात्रि के व्रत के बारे में बताया। आर्य समाज के प्रधान सुभाष चंद्र रस्तोगी ने आभार जताया। कोषाध्यक्ष रचित रस्तोगी ने ऋषि देव दयानंद से प्रेरणा लेने की बात कही। सभा के अध्यक्ष ने ऋषि मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर राजीव आर्य, संजय आर्य, कौशल्या नंदन, मुकेश आर्य, असित आर्य, माता चंचल आर्या आदि उपस्थित रहे। सभा का संचालन कर रहे शास्त्री ने शांति पाठ कराया।

अदालत के आदेश पर पुलिस ने अयोध्या से दो लोग पकड़े

बिलासपुर, अमृत विचार : न्यायालय के गैर-जमानती वारंटों के आधार पर कोतवाली व केमरी पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर लखनऊ के कृष्णानगर थाना क्षेत्र के आशुतोष नगर निवासी अखिलेश मणि को पकड़ा है। उसे अयोध्या जिले के फैजाबाद स्थित कृष्णा पैलेस होटल से गिरफ्तार किया गया। उसके विरुद्ध कोर्ट में एनआई एक्ट का मामला विचाराधीन है। वहीं, केमरी थाने के प्रभारी निरीक्षक सतेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि गैर-जमानती वारंट पर मोहल्ला माजुल्लानगर के कमुआ रोड निवासी शफीक अहमद को पकड़ा है। उसके विरुद्ध मारपीट का मामला कोर्ट में विचाराधीन है। लंबे समय से तारीखों पर हाजिर न होने के कारण अदालत ने उसके विरुद्ध गैर-जमानती वारंट जारी किए थे।

नुक्कड़ नाटक से बच्चों को जागरूक करते कलाकार। ● अमृत विचार

नुक्कड़ नाटक से बच्चों को सफाई के लिए किया प्रेरित

संवाददाता, बिलासपुर

अमृत विचार : गांव कोठा जागीर स्थित कम्पोजिट अपर प्राइमरी स्कूल में पंचायती राज विभाग के स्वच्छ भारत मिशन के तहत नाटक के जरिए बच्चों को जागरूक किया गया।

नाटक व संवाद के माध्यम से छात्र-छात्राओं को स्वच्छता का महत्व बताया। बच्चों से कहा कि वह स्वयं साफ-सुथरे रहें और आसपास भी सफाई रखें। अपने परिजनों को भी इसके लिए प्रेरित करें। बच्चों ने नाटक व गीतों को ध्यान से सुना और खूब तालियां बजाईं। कोआर्डिनेटर प्रदीप कुमार, ट्रेनर कमलेश कुमार, ग्रुप लीडर धीरज कुमार मौर्य, रंगकर्मी पवन कुमार, राहुल, लक्ष्मी आदि ने प्रस्तुतियां दीं। दिनेश बाबू, लखविंदर सिंह, उमेश राठौर, निरंजन सिंह, सुमन, रिंकी, रानी आदि विद्यालय स्टाफ, आंगनबाड़ी कार्यकत्री व अभिभावक मौजूद रहे।

कथा में मां कात्यायनी के व्रत का महत्व बताया

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : श्रीमद् भागवत कथा यज्ञ समिति के तत्वावधान में आवास-विकास स्थित मंदिर में भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इसमें वृंदावन से आए आचार्य मुमुक्षु कृष्ण शास्त्री ने भक्तों को बताया कि गुरु और भगवान के सामने भक्त को सम्मान पाने की इच्छा कभी नहीं करनी चाहिए। भगवान अकारण ही सहायता करते हैं। जबकि जीव बता कर सहायता करता है।

शुक्रवार को आचार्य ने महारास का सुंदर वर्णन किया। बताया कि महारास में कामदेव को परास्त किया। इसके बाद गोपी गीत भक्तों को सुनाया। गोपियों ने भगवान कृष्ण को पति के रूप में पाने के लिए माता कात्यायनी का व्रत किया। उन्होंने माता कात्यायनी के व्रत का महत्व को बताया। गोपी का अर्थ बताते हुए कहा कि इंद्रियों को कृष्ण नाम का रस पीना ही गोपी है।

श्रीमद् भागवत कथा सुनते भक्त। ● अमृत विचार

उद्धव के ज्ञान की चर्चा करते हुए कहा कि प्रेम के सामने ज्ञान शून्य है। प्रेम में गोपियां इतनी मस्त थीं कि उन्हें उद्धव का ज्ञान अच्छा नहीं लगा।

कथा वाचक ने जरासंध वध और रुक्मणी विवाह का वर्णन करते हुए कहा कि माता रुक्मणी ने श्री कृष्ण से कहा कि प्रभु मुझमें नारी सुलभ समस्त गुण हैं। आपसे विनती है कि जब मैं मंदिर में पूजा कर वापस लौट रही हूं तब आप मेरा वरण कर लें। गुरु महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान के द्वार का रास्ता गुरु के द्वार से होकर जाता है। कंस के वध का सुंदर वर्णन किया। कथा से पूर्व मुख्य यजमान राजेश कुमार एवं यजमान दिलीप कुमार गुप्ता पत्नी सीमा गुप्ता, मनोज सक्सेना ने पत्नी सहित पूजन किया। कथा में राधेश्याम यादव, पीयूष कुमार, विनोद कुमार गुप्ता, नरेश चंद्र शर्मा, हरीश अग्रवाल, अजीत यादव, जिला प्रचारक वीरेंद्र शर्मा, राकेश मिश्रा, उमेश शर्मा आदि शामिल रहे।

आयोजन वाल्मीकि रामायण आज पूरी दुनिया में चलायमान, वाल्मीकि कृति पर गर्व करे पूरा हिंदू समाज : सांसद

नीला ध्वज लेकर भावाधस के कार्यकर्ताओं ने शहर में निकाली बाइक रैली

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : सांसद घनश्याम सिंह लोधी ने कहा कि भगवान वाल्मीकि दुनिया में मनुष्य से पहले आए। इसलिए उन्हें दुनिया भगवान कह रही है। उनके द्वारा लिखित रामायण आज पूरी दुनिया में चलायमान है। हिंदू समाज को वाल्मीकि कृति पर गर्व करना चाहिए। भावाधस की ध्वज यात्रा में युवा बाइक लेकर सड़क पर उतर आए।

भावाधस (भीम) की ध्वजा यात्रा शुक्रवार को आंबेडकर पार्क से शुरू हुई। शुभारंभ भावाधस (भीम) के राष्ट्रीय प्रमुख वीरेश भीम अनार्य ने हरी झंडी दिखाकर किया। इसके बाद ध्वजा यात्रा भगवान वाल्मीकि धाम पहुंची। यहां मुख्य अतिथि सांसद घनश्याम सिंह लोधी ने नीले झंडे के आयोजन के लिए भीम अनार्य और वाल्मीकि समाज को बधाई दी। कहा कि जिस काम में अपनी पहचान नहीं बनती वह काम खत्म हो जाता है। आसमानी झंडा दिवस ऐसा ही प्रयास है। उन्होंने कहा कि मैंने वाल्मीकि धाम को 10 लाख रुपये देने की घोषणा की थी। मगर मैं इसे पूरा नहीं कर सका। लेकिन अब ब्याज सहित वापस करूंगा।

सांसद को सम्मानित करते भावाधस के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

ध्वजा यात्रा को हरी झंडी दिखाते भावाधस के राष्ट्रीय प्रमुख वीरेश भीम अनार्य।

भाजपा के जिलाध्यक्ष हंसराज पप्पू ने कहा कि भगवान वाल्मीकि पर ध्यान देना चाहिए। हमें गर्व होना चाहिए कि रामायण और संविधान लिखने वाले दोनों ही दलित थे। वाल्मीकि समाज का जहां पसीना बहेगा वहां अपना खून बहा देंगे।

भाजपा की सह प्रभारी मंजू दिलेर ने कहा कि भगवान वाल्मीकि ने रामायण लिख राम को पहचान दी। वीरेश भीम अनार्य ने कहा कि आसमानी झंडा किसी कौम या धर्म के खिलाफ नहीं है बल्कि वाल्मीकि समाज को एकजुट करने का प्रयास है। आसमान के नीचे हर वर्ग एक छतरी के रूप में उसका आनंद ले रहा है। ऐसे ही वाल्मीकि समाज आसमानी झंडे के नीचे अपनी पहचान बना सके।

यह लोग रहे मौजूद

राष्ट्रीय संचालक राहुल राही, राष्ट्रीय महामंत्री नीरज पाराशर, राष्ट्रीय प्रचार मंत्री कैलाश एकलव्य, आकाश आनंद, संदीप राजवंश, मनोज पवार, दीपक आंबेडकर, अर्जुन एकलव्य आदि।

उप चिकित्साधिकारी डॉ. दशरथ सिंह ने कहा कि भावाधस (भीम) एक नई सोच लेकर चल रहा है। उसके लिए वह बधाई का पात्र है। आज नहीं तो कल समाज इस क्रांति का महत्व समझेगा। इस अवसर पर डॉ. प्रीति सिंह, डॉ. शर्मिष्ठा सिंह एवं मंजू दिलेर को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पंजाब से आई भजन मंडली ने भगवान वाल्मीकि के भजनों का गुणगान किया। संचालन वीर कमलेश्वर (इंजीनियर) ने किया।

रायपुरा शाखा प्रबंधक व अध्यक्ष को गुलदस्ता देते बैंककर्मी। ● अमृत विचार

72 लाभार्थियों को बांटे गए स्वीकृति पत्र और पासबुक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक और स्वयं सहायता समूह एवं संयुक्त देयता का कार्यक्रम हुआ। बैंक के अध्यक्ष संजीव भारद्वाज ने स्वयं सहायता समूत एवं संयुक्त देयता समूह के 72 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र और पासबुक वितरित की। शाखा पटवाई ने स्कार्पियों, शाहबाद शाखा ने डंपर फाइनेंस किया।

प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक शाखा की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शाखा प्रबंधक रेवड़ी कलां, कोयला सेविया कलां, शाहबाद-पटवाई ने प्रतिभाग किया। अध्यक्षता क्षेत्रीय प्रबंधक अनुज मांगलिक व संचालन वित्तीय समन्वयक भूप सिंह यादव ने किया। इस अवसर पर उप क्षेत्रीय प्रबंधक हरनंदन गंगवार, वरिष्ठ प्रबंधक टीएस गहलौत, सत्यपाल दिवाकर, आदित्य प्रताप, विवेक मिश्रा, इंद्रजीत कुमार, प्रसुन्न कुमार, अजीत यादव, नंदनी, रंजीत यादव, केयर हैल्थ इंश्योरेंस मनिंद्र सिंह और कुणाल भारती शामिल रहे।

महानगर के 84 घंटा मंदिर में जलाभिषेक के लिए कतार में खड़े शिवभक्त। ● अमृत विचार

बंगला गांव स्थित चामुंडा मंदिर में दूध, दही व गंगा जल से भगवान शिव का अभिषेक करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

दूध, दही और गंगा जल से हुआ भगवान भोलेनाथ का अभिषेक

शिवालयों में लगी शिवभक्तों की कतार, भक्तों ने भांग, धतूरा, बेल पत्र, बेर और पंचामृत अर्पण कर की शिव की आराधना

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: महाशिवरात्रि पर शिवभक्तों ने दूध, दही और पवित्र गंगा जल से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया। भक्तों ने भांग, धतूरा, बेल-पत्र, बेर और पंचामृत अर्पण कर अपने आराध्य की आराधना की। शुक्रवार को तड़के से ही शिवालयों व महानगर के प्रमुख मंदिरों में भक्तों की कतार लग गई। जैसे-जैसे दिन चढ़ा भक्तों की संख्या भी बढ़ती रही। हाथ में पूजा की थाली और उसमें भांग, धतूरा, मिष्ठान, फूल, फल, घृत, दीपक और साथ में गंगा जल लेकर शिवालयों जलाभिषेक किया। शिव के प्रति भक्ति ऐसी कि घंटे और घड़ियाल के साथ बोल बम के जयकारे गूंजते रहे।

कांवड़िये हरिद्वार से कांवड़ लेकर गुरुवार देर शाम ही महानगर पहुंच गए। यहां वह तड़के से ही मंदिरों के बाहर लाइन में जलाभिषेक के लिए खड़े हो गए। अन्य भक्त भी तड़के ही स्नान करके मंदिरों में जलाभिषेक के लिए पहुंच गए। जैसे ही मंदिरों के कपाट खुले शिवभक्तों ने भोलेनाथ का दूध, दही, घी, शहद और पवित्र गंगा जल से अभिषेक किया। महानगर के 84 घंटा मंदिर, नटबाबा मंदिर, शिव मंदिर बंगला गांव, नागेश्वर मंदिर, सीताराम मंदिर, झारखंडी मंदिर समेत अन्य शिवालयों में जलाभिषेक किया। इस दौरान पुलिस प्रशासन भी शिवभक्तों की सुरक्षा के लिए मंदिरों के बाहर तैनात रहा।

आलाधिकारी भी मंदिरों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी करते रहे। दीनदयाल नगर निवासी प्रयाग मिश्रा का कहना है कि बाबा की भक्ति करने का अपना अलग ही आनंद है। उनके जैसा इस ब्रह्माण्ड में कोई दूसरा नहीं। शिवानी का कहना है कि तड़के ही स्नान के बाद 84 घंटा मंदिर आ गए। लाइन में लगकर काफी समय बाद जलाभिषेक किया।

रामगंगा विहार स्थित शिव शक्ति मंदिर में शिवलिंग पर जल चढ़ाते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

व्यवस्था बनाने में वॉलंटियर्स ने भी किया सहयोग

महाशिवरात्रि पर श्रीकामेश्वर नाथ 84 घंटा मंदिर किसरौल और झारखंडी मंदिर किसरौल पर कांवड़ियों द्वारा जलाभिषेक किया गया। गुरुवार से ही काफी संख्या में कांवड़िये महानगर पहुंच चुके थे। सुबह से ही कांवड़ियों और शिवभक्तों के द्वारा शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से जलाभिषेक किया। सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स भी सुबह से ही व्यवस्था बनाने में जुटे रहे। अपनी अपनी जिम्मेदारी से ड्यूटी को अंजाम देते रहे। नागरिक सुरक्षा कोर के वॉलंटियर्स पीली ड्रेस पहनकर सहयोग करते रहे। इस अवसर पर राष्ट्रपति पदक से दो बार सम्मानित प्रभारी डिवीजनल वार्डन अशोक कुमार गुप्ता, सूरज प्रकाश, निमित जायसवाल, अरशद अली, आशीष त्रिवेदी, रविन्द्र गौतम, यादवेंद्र जोशी, पंकज शर्मा, हरज्ञान सिंह, ललित कुमार यादव, बिजेश शर्मा, हसीन अहमद आदि का सहयोग रहा।

सुरक्षा के लिए पुलिस रही तैनात

महाशिवरात्रि पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से सफल बनाने में पुलिस का भी अहम योगदान रहा। महानगर के प्रमुख शिवालयों के बाहर पुलिस तैनात रही। जबकि पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भ्रमण करके पल-पल की जानकारी लेते रहे।

ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में जलाभिषेक को लगीं कतारें

महानगर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में शुक्रवार को महाशिवरात्रि धूमधाम से मनाई गई। गांव महलकपुर निजामपुर, मोहम्मदपुर ध्यान सिंह, काजीपुरा समेत अन्य गांवों में पारंपरिक शिवरात्रि मेले में बड़ी संख्या में शिवभक्त पहुंचे और महादेव का जलाभिषेक किया। इसके अलावा गांव मलहपुर खैय्या, रवाना, बैरमपुर के शिवालयों में भक्तों ने जलाभिषेक किया। महिलाओं व युवतियों ने पूजा-अर्चना कर शिव से अपनी मनोकामना पूर्ति का आशीर्वाद मांगा।

जगह-जगह मंदिरों में हुआ भंडारे का आयोजन

महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में विभिन्न मंदिरों के बाहर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें बाबा के भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसी क्रम में शिव धाम लाडलाबाद मंदिर में श्री सिद्धबली गुरुजी सेवा संस्थान की ओर से भंडारे का आयोजन हुआ। इस दौरान संस्थापक अरविंद चौधरी, यशपाल सिंह, महेश विश्वोई, योगेंद्र कुमार, विपिन चौधरी, विकास सोती, शीशपाल सिंह, आशीष तोमर, राम रतन, बिट्टू आदि मौजूद रहे।

शिवालयों में रही भजन-कीर्तन की धूम

बारादरी स्थित हठीले वाले बाला जी का मंदिर, माता मंदिर लाइनपार, लोकोशेड स्थित शक्ति लोक शिवालय 84 घंटा मंदिर, नटबाबा मंदिर, शिव मंदिर बंगला गांव, नागेश्वर मंदिर, सीताराम मंदिर, झारखंडी मंदिर में भजन-कीर्तन की धूम रही। भक्तों के माध्यम से श्रद्धालुओं ने बाबा की भक्ति का गुणगान किया। शाम को सभी मंदिरों में भोलेनाथ की महाआरती की गई और भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया।

दोपहर 2 बजे के बाद तक शिवालयों में जलाभिषेक

मुरादाबाद, अमृत विचार : बम-बम भोले और हर-हर महादेव के जयघोष से शिवालय गुंजायमान रहे। अधिकांश में देर रात से ही भगवान शिव का जलाभिषेक शुरू हो गया। मंदिरों में तड़के से शुरू हुआ श्रद्धालुओं का पहुंचने का सिलसिला दोपहर तक चलता रहा। चौरासी घंटा, बाबा झारखंडी और मनोकामना श्री हनुमान मंदिर के अलावा क्षेत्रीय मंदिरों में भी खूब भीड़ रही। देर रात कांवड़ियों के साथ पहुंचे वाहनों को थाना नागफनी और दीवान के बाजार के चौराहे पर ही रोक दिया गया।

भक्तों ने शिव-पार्वती की महिमा का गुणगान किया

मुरादाबाद, अमृत विचार : श्रीशिव मंदिर सागर सराय में महिला मंडल ने मंदिर को भव्य रूप से सजाया। शिव पुराण का पाठ किया गया। महिलाओं ने भजन-कीर्तन कर भगवान शिव-पार्वती की महिमा का गुणगान किया। शिवभक्तों ने विधिविधान से पूजा-अर्चना कर भगवान शिव की आराधना की। इससे पूर्व सुबह से ही मंदिर में जलाभिषेक के लिए शिवभक्त उमड़ते रहे। संयोजिका बेदवाला गुप्ता रहीं। संतोष, यशोदा, कमलेश, पूनम, नीलम, विमला, ललिता, विमलेश, ममता शर्मा का सहयोग रहा।

पुलिस लाइन मंदिर में लगी भक्तों की लंबी कतार। ● अमृत विचार

नागेश्वर मंदिर में पूजा करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

सीताराम मंदिर में जलाभिषेक करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

पाकबड़ा के मंदिर में जलाभिषेक करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

मंदिरों में उमड़ी भीड़, भक्तों ने किया जलाभिषेक

पाकबड़ा, अमृत विचार : महाशिवरात्रि पर सभी मंदिरों में भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। भगवान भोले का जलाभिषेक करने के लिए भक्तों की लंबी कतार लगी रही। कुछ मंदिरों में तो इतनी भीड़ रही कि शाम तक भी जलाभिषेक किया गया। नया मुरादाबाद स्थित महाकालेश्वर धाम मंदिर में भारी संख्या में भक्तों की भीड़ रही। सुबह से लेकर शाम तक भक्तों ने जलाभिषेक किया। भक्तों ने शिवलिंग पर बेलपत्र, बेर, दूध, शहद एवं जल चढ़ाया। पाकबड़ा के हनुमान मंदिर, चामुंडा देवी सरस्वती शिशु मंदिर, बड़ा मंदिर, शिवशहाय मंदिर, कहारों वाला मंदिर, कलरिया महादेव मंदिर पर भी भारी संख्या में भक्तों की उपस्थिति रही। मंदिरों में पुलिस की भी निगरानी बनी रही। इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध रहे।

शिव मंदिरों में जलाभिषेक को उमड़े

संवाददाता, मैनाठेर

अमृत विचार: क्षेत्र में शुक्रवार को महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाया गया। शिवालयों में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ दिखाई दी।

मैनाठेर के गुरैर स्थित मेला शिव मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई। जहा श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। ग्राम प्रधान अरुण कुमार ने शिवभक्तों के लिए भंडारे का आयोजन किया। इस मौके पर भगवान शिव और माता पार्वती की बरात निकाली। बरात में शामिल भूत-प्रेत और अन्य विभिन्न पौराणिक पात्रों का आकर्षण दिखते ही बना। मेला शिव मंदिर के पास से निकली यह बरात आंबेडकर पार्क, चामुंडा देवी स्थल, होली चौक, हवन कुंड स्थल से निकलकर वापस मेला शिव मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। रास्ते में कई जगह बरात का स्वागत किया गया।

इसके अलावा संभल रोड पर शिव मंदिर और नरोदा रोड पर प्राचीन काली मंदिर, मैनाठेर के शिव मंदिर सहित कई मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। वहीं कांवड़ियों के जत्थे गुरुवार की रात में ही मंदिरों में पहुंच गए। जिसके बाद सुबह तड़के ही मंदिरों में शिव लिंग पर जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक किया गया। सैकड़ों की तादाद में आए श्रद्धालुओं ने शिव लिंग पर बेल पत्र, बेर व अन्य पूजा सामग्री चढ़ाकर अपनी मन्नत पूरी होने की प्रार्थना की। मंदिरों के आसपास सफाई व्यवस्था का खास ध्यान रखा गया। इस दौरान अरुण कुमार प्रधान गुरैर, रामकुंवर, अमर सिंह, पुजारी शुभानंद ,रोबिन, सुमित, सूरज, जयप्रकाश, कुलदीप चौधरी, सोमवारी, राजबीर आदि मौजूद रहे।

मैनाठेर क्षेत्र में शिव मंदिर में जलाभिषेक को पहुंचे कांवड़िये व शिवभक्त। ● अमृत विचार

दिव्यलोक आश्रम में धूमधाम से मनाया पर्व

मुरादाबाद, अमृत विचार: महाशिवरात्रि का पर्व आशियाना स्थित दिव्यलोक आश्रम में धूमधाम से मनाया। भक्तों ने उत्साह के साथ भगवान भोलेनाथ का दूध, शहद व बेल पत्र के साथ गंगा जल से अभिषेक किया।

संगीता वर्मा, सुनीता छाबड़ा, मंजू भटनागर, मधु, अनिता शर्मा, सुषमा सक्सेना आदि ने सुबह 9:00 से 11:00 बजे तक ओम नमः शिवाय मंत्र का जाप किया। यजमानों द्वारा 108 शिवलिंग बनाए। कार्यक्रम में मंडल प्रधान राकेश अग्रवाल, शोभा अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, संजीव वर्मा, विनोद भटनागर, रणवीर सिंह, अश्वनी, राजीव गुलाटी, गंगाराम, डा.आशा चन्द्रा, विदुला, मीरा अग्रवाल, सुनीता मंगला, मीना अग्रवाल, सत्या, अंजू मिगलानी, भारती, आदि मौजूद रहे।

पर्व पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने संभाली कमान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

व्यवस्था

- तहसील क्षेत्रों में मंदिरों का संबंधित एसडीएम करते रहे भ्रमण
- शिवालयों में शिवभक्तों ने विधि विधान से की पूजा-अर्चना

अमृत विचार: महाशिवरात्रि पर मंदिरों के आसपास पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने कमान संभाली। महानगर में एडीएम सिटी ज्योति सिंह समेत सिटी मजिस्ट्रेट व दोनों एसीएम तैनात रहे। इसके अलावा जिले की सभी तहसीलों में एसडीएम ने कमान संभाली और पूरे दिन व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर काफी संख्या में कांवड़ियों ने मंदिरों पर पहुंचकर जलाभिषेक किया। शुक्रवार तड़के से ही मंदिरों पर शिव भक्त पहुंचना शुरू हो गए थे। जिसके चलते मंदिरों पर मजिस्ट्रेट सुबह से ही व्यवस्था में जुट गए। पुलिस फोर्स के साथ अधिकारियों ने भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एडीएम सिटी ज्योति सिंह ने ओवर ऑल व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। संबंधित सीओ के साथ एसीएम प्रीति सिंह ने भी अपने क्षेत्र में पड़ने वाले शिवालयों में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एसीएम द्वितीय समेत सभी तहसीलों कांठ, ठाकुरद्वारा, बिलारी और सदर में अधिकारियों की टीमें पूरा दिन मंदिरों पर तैनात रहे।

नट बाबा मंदिर पर जलाभिषेक करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

84 घंटा मंदिर में शिवलिंग पर जल चढ़ाते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

बंगला गांव स्थित चामुंडा मंदिर के बाहर लगी भक्तों की कतार। ● अमृत विचार

एक नजर

स्टेट हाईवे व नेशनल हाईवे पर यातायात शुरू

गजरौला, अमृत विचार : महाशिवरात्रि के बाद बिजनौर-बदायूं स्टेट हाईवे व नेशनल हाईवे पर यातायात की पाबंदी समाप्त हो गई है। नेशनल हाईवे पर दोनों ओर से सभी वाहन दौड़ने लगे। आठ मार्च को दोपहर बाद पुलिस ने बिजनौर-बदायूं स्टेट हाईवे व नेशनल हाईवे पर भारी वाहनों को छूट दे दी है। प्रतिबंध हटने के बाद मालवाहक वाहन भी चलने लगे, कई दिन से आवश्यक वस्तुओं के अलावा अन्य सामान लदे ट्रक भी रुके हुए थे। पुलिस प्रशासन द्वारा अब सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन शुरू करा दिया गया है।

जिला पंचायत अध्यक्ष का किया स्वागत

सैदनगली, अमृत विचार : उझारी में जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर का स्वागत किया गया। वह गांव बिजनौरा जाते हुए बिलाल अब्बासी के आवास पर रुके, जहां पर समर्थकों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया और कहा कि भाजपा सरकार सभी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचा रही है। सरकार बिना किसी भेदभाव के काम करती है। इस मौके पर बिलाल अब्बासी, दीपक अग्रवाल, क्षण, नेम चौधरी, अमित गुर्जर आदि कार्यकर्ता रहे।

मंदिरों में भंडारे लगाकर की शिव भक्तों की सेवा

हसनपुर, अमृत विचार : महाशिवरात्रि पर नगर स्थित शिवाला मंदिर के निकट नगर पालिका सहित अन्य समाजसेवियों ने भंडारों का आयोजन किया। शुक्रवार को रामलीला मैदान में महाशिवरात्रि पर शिवाला मंदिर में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने पहुंचे श्रद्धालुओं की सेवा के लिए नगर पालिका परिषद हसनपुर, भाजपा नेता महेश प्रजापति एवं जय भोला सेवा सहित अन्य सामाजिक संस्थाओं ने शिविर लगाकर भंडारे का आयोजन किया। इस मौके पर महेश प्रजापति, मयंक अग्रवाल, संजय शर्मा, संजय सहदेव, विक्रम शर्मा, गोपाली सैनी, राकेश, सुनील, हर्षवर्धन, अमित, अंकित आदि मौजूद रहे।

शिवालयों में लगी रही श्रद्धालुओं की कतार

मंडी धनौरा, अमृत विचार : महाशिवरात्रि पर शिवमंदिरों में सुबह से ही शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के मंदिरों में श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर शिवलिंग पर जल और दूध चढ़ाकर अभिषेक किया। क्षेत्र के गांव पत्थर कुटी स्थित प्राचीन शिव मंदिर, महादेव स्थित प्राचीन शिव मंदिर, चुचैला कलां प्राचीन शिव मंदिर, ग्राम तोमड़ा प्राचीन शिव मंदिर समेत सभी मंदिरों के द्वार सुबह चार बजे ही खोल दिए थे। इससे पहले ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। विधायक राजीव तरारा ने भक्तों संग प्राचीन पत्थर कुटी शिव मंदिर पहुंचकर जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की।

श्री वासुदेव तीर्थ मंदिर में जलाभिषेक करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

चाकेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक के लिए लगी शिवभक्तों की कतार। ● अमृत विचार

छपना मंदिर में जलाभिषेक के लिए खड़े कांवड़िये। ● अमृत विचार

हर-हर महादेव के जयघोष के साथ कांवड़ियों ने किया जलाभिषेक

श्री वासुदेव तीर्थ मंदिर में जलाभिषेक के लिए दोपहर बाद तक लगी रही कतार, श्रद्धालुओं ने मंदिर में लगे मेले में खरीदारी की

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : महाशिवरात्रि जिले भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर गंगा जल, दूध, दही, बेलपत्र, फूल, भांग, धतूरा, केसर आदि चढ़ाकर विधि विधान से महादेव की पूजा अर्चना की। हरिद्वार से कांवड़ लेकर लौटे कांवड़ियों के साथ परिजनों ने भगवान शंकर का जलाभिषेक किया। दिन भर शिवालयों में श्रद्धालुओं की कतार लगी रही।

शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर मंदिरों में कांवड़ियों ने हरिद्वार से कांवड़ लाकर हर-हर महादेव के जयघोष के साथ जल चढ़ाया। डीजे की धुन पर नाचते-गाते कांवड़िये मंदिरों तक पहुंचे। वासुदेव तीर्थ मंदिर में दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। सुबह पांच बजे से बैठी कांवड़ चढ़ाने और जलाभिषेक का सिलसिला शुरू हो गया था। दोपहर में खड़ी कांवड़ चढ़ाई गईं। श्री वासुदेव प्रबंध समिति ने मंदिर परिसर में मेले का आयोजन किया। जिसमें बच्चों ने खिलौने खरीदे। जबकि महिलाओं ने गिफ्ट, सजावट और घरेलू सामान के अलावा मीना बाजार से भी खरीदारी की।

शिवभक्तों ने किया जलाभिषेक : गजरौला : भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए शुक्रवार को तड़के से ही शिवभक्तों की भीड़ शिवालयों में उमड़ पड़ी। गांव चाकीखेड़ा स्थित प्राचीन चाकेश्वर महादेव मंदिर समेत अन्य मंदिरों में भी शिवभक्तों ने जलाभिषेक किया। हरिद्वार, नीलकंठ, ब्रजघाट से कांवड़ लाने वाले कांवड़ियों ने शुक्रवार तड़के से ही जलाभिषेक शुरू कर दिया। स्थानीय श्रद्धालु भी जलाभिषेक करने के लिए मंदिरों में पहुंचे। गजरौला के गंगा प्याऊ मंदिर, रेलवे स्टेशन रोड स्थित शिव मंदिर, चौपला स्थित शिव मंदिर, चौबारा स्थित शिव मंदिर समेत अन्य प्राचीन शिव मंदिरों में भी शिवभक्तों ने जलाभिषेक किया। सलेमपुर गोसाई निवासी हितेश कुमार ने बताया कि प्राचीन चाकेश्वर महादेव मंदिर में खीर का वितरण किया गया।

जलाभिषेक करते जिपं अध्यक्ष ललित तंवर व अन्य। ● अमृत विचार

पत्थर कुटी प्राचीन शिव मंदिर में पूजा अर्चना करते विधायक राजीव तरारा। ● अमृत विचार

सैदनगली के मंदिर में जलाभिषेक करते अभिनव कौशिक। ● अमृत विचार

जोया के इंकौदा गांव में कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

जोया में गूंजा भगवान शिव का जयघोष

डिडौली, अमृत विचार : महाशिवरात्रि पर मंदिरों में हर हर महादेव के जयकारे गूंजे। इससे पहले गुरुवार शाम तक शिवभक्त हरिद्वार से कांवड़ लेकर अपनी मंजिलों तक पहुंच गए थे। शुक्रवार सुबह से कस्बा जोया में श्रद्धालुओं की चहल पहल रही। श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर शिवलिंग पर गंगा जल, दूध दही चढ़ाया और महादेव की पूजा की। जोया में बजरंग मंदिर में श्रद्धालुओं का सुबह से ही तांता लगा रहा। पंडित त्रिलोक चंद शर्मा ने बताया कि महादेव हर किसी का दुख निवारण करते हैं। जोया में इंकोदा रोड पर कलश यात्रा निकाली गई। मंदिर समिति की अध्यक्षा सीमा चौधरी, सुनीता गुप्ता, कौशल गुप्ता, प्रिंस तोमर, सचिन कश्यप, राहुल गुप्ता, बबीता, बॉबी तोमर, मीना गुप्ता, अर्पित गुप्ता, महेश तोमर रहे।

बिजनौरा के शिव मंदिर में उमड़ी भीड़

सैदनगली, अमृत विचार : भोले के जयकारों के साथ श्रद्धालुओं ने शिव मंदिर में जलाभिषेक किया। सैदनगली के बगीची वाले मंदिर और धर्मशाला वाले मंदिर में सैकड़ों कांवड़ियों व लोगों ने शंकर भगवान को जल अर्पित करके बेलपत्र, चढ़ाई और पूजा अर्चना कर प्रार्थना की। बिजनौरा के शिव मंदिर में भाजपा जिला महामंत्री अभिनव कौशिक ने बेलपत्र, पुष्प चढ़ाए। यहां महिलाओं और पुरुषों की प्रात: काल से ही लंबी कतार लग गई थी। दोपहर में जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर ने बिजनौरा स्थित मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक किया।

शिवालयों में महादेव के जयकारों की गूंज

मुबारिजपुर, अमृत विचार : महाशिवरात्रि पर शिवालयों में तड़के से ही श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया। श्रद्धालुओं ने वेदमंत्रों के साथ दूध व जलाभिषेक कर पुण्य लाभ लिया। यहां क्षेत्राधिकारी दीप पंत कुमार ने मेले का निरीक्षण किया। उधर, कोकापुर के महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना कर हजारों कांवड़ियों ने जलाभिषेक किया। यहां भी श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रहीं।

गंगाजल से किया अभिषेक

डिडौली, अमृत विचार : महाशिवरात्रि पर भक्तों ने हरिद्वार से गंगाजल लाकर जलाभिषेक किया। भूड़ शिव मंदिर एवं दयानाथ शिव मंदिर में सुबह से ही जल अभिषेक के लिए कांवड़ियों की कतार लगी रही। जलाभिषेक का सिलसिला शाम तक चलता रहा। दिन भर हर हर महादेव के उद्घोष से वातावरण पूरी तरह शिवमय रहा। कस्बे के साठा भूड़ शिवमन्दिर में मेला लगा। जहां से लोगों ने सामान खरीदा और झूलों का आनंद उठाया। पुजारी सुखदेव महाराज, ठाकुर पोपाल सिंह, ठाकुर राकेश सिंह, मुखराम सिंह प्रधान, रामप्रकाश वर्मा, उदयवीर सिंह, परम सिंह, नरदेव प्रधान, मास्टर भूप सिंह, पूर्व प्रधान सोमपाल सिंह, पंकज पवार, होते राम सैनी रहे।

मंदिरों में गूंजे भोले के जयकारे

बुरावली, अमृत विचार : महाशिवरात्रि को लेकर भक्तों में उल्लास दिखाई दिया। सुबह से ही बम बम भोले के जयकारों से मंदिरों के प्रांगण गूंज उठे। शिव मंदिरों में शिव भक्तों व कांवड़ियों की जलाभिषेक के लिए लंबी कतार लग गईं। मंदिरों में सुबह से ही शिव भक्त उमड़ने लगे। गांव छपना में हरिद्वार से कांवड़ लेकर आए भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। इसके अलावा बुरावली क्षेत्र के गांव तरौली, चंदनपुर, छपना, फरौटा, बुरावली, पतेई खादर, लिसड़ा, नवाबपुरा, कुटी दौलतपुर आदि गांव में शिव मंदिरों में पूरे विधि विधान से जलाभिषेक किया। इस मौके पर दिमाग सिंह, लखन गुर्जर, सोनू नागर, अंकित धामा, आनंद सिंह, कलुआ, अनुज नागर, भंवर सिंह, प्रमोद नागर, कुलदीप धामा, जसवीर सिंह, खेम सिंह, कमल सिंह रहे।

महाशिवरात्रि पर खीर बांटते हितेश कुमार व अन्य। ● अमृत विचार

गजरौला में शिव बरात में शामिल भोलेनाथ बने कलाकार और नंदी की झांकी। ● अमृत विचार

महादेव संघ ने निकाली शिव बरात

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : शुक्रवार को श्री झारखंडी महादेव सेवक संघ के तत्वावधान में स्व. रमाशंकर कौशिक स्मृति पार्क से शिव बरात निकाली गई। बरात का आरंभ विधायक राजीव तरारा ने किया। भगवान शिव के भजनों पर नाचते गाते हुए भक्तों ने पूरे शहर में बरात का भ्रमण कराया। भगवान शिव के स्वरूप में सजे कलाकार नंदी पर सवार होकर बरात में शामिल रहे। बरात कार्यक्रम स्थल से प्रारंभ होकर अग्रसेन बाजार, बस्ती रोड, अवंतिकानगर, इंदिरा चौक होकर पुनः कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर समाप्त हुई। बस्ती शिव मंदिर में भगवान शिव की जयमाला हुई।

विधायक राजीव तरारा ने कहा कि हमें जीवन में भगवान के प्रति आस्थावान रहना चाहिये। क्योंकि भगवान की कृपा से ही बिगड़े काम बनते हैं। इस अवसर पर महादेव सेवक संघ के अध्यक्ष अमन अग्रवाल, वैभव गोयल, शुभम सिंघल, समर्थ अग्रवाल, प्रशांत शर्मा, टिंकू, निशांत वर्मा, अमरनाथ गोयल, नोनू बंसल, शुभम सिंघल, केशव कौशिक, राहुल अग्रवाल, हैप्पी बंसल कपिल सिंघल, वंशिक चौहान, आलोक चौहान आदि मौजूद रहे। वहीं सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल मुस्तैद रहा।

हसनपुर में शिवाला मंदिर में जलाभिषेक करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

शोभायात्रा का आरंभ करते पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी। ● अमृत विचार

जयकारों के साथ भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : महाशिवरात्रि पर शक्तिपीठ श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भक्तों ने भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। जलाभिषेक के लिए भक्तों की मंदिरों में कतार लगी रही। भक्तों की सेवा के लिए शिवाला मंदिर में शिविर लगाए गए। भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए प्रातः तीन बजे से ही भक्तों की कतार लगनी शुरू हो गई थी। हरिद्वार से गंगाजल लेकर आए कांवड़ियों ने भी भोले बाबा का जलाभिषेक किया। शिवाला मंदिर के प्रबंधक अंकुर अग्रवाल ने बताया कि हजारों शिव भक्तों ने भोलेनाथ का जलाभिषेक किया है। क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत एवं प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह गश्त करते रहे।

शोभायात्रा में झांकियों ने मनमोहा

हसनपुर, अमृत विचार : शुक्रवार को श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर से श्री शिव महादेव सेवा समिति के तत्वावधान में भगवान भोलेनाथ की शोभायात्रा निकाली गई। इसका आरंभ नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने किया। शोभायात्रा शिवाला मंदिर शिव प्रारंभ होकर मुख्य मार्गों पर भ्रमण करती हुई शिवाला मंदिर पर संपन्न हुई। शोभायात्रा में राधा कृष्ण, शंकर पार्वती, मां काली, भगवान शंकर, राम दरबार आदि की झांकियां शामिल थीं। शोभायात्रा में अभिनव कौशिक, मयंक अग्रवाल, संजय शर्मा, वेद प्रकाश यादव, रवि शंकर सैनी, राजेंद्र यादव, सर्वेश ठाकुर, मंकू सक्सेना, नरेश ठाकुर, गौरव अग्रवाल, शोभित गुप्ता, अंशुल अग्रवाल, शौर्य रस्तोगी, सुधीर सिंह, मनु, संजय, विशाल, विवेक, निक्की, सीमा यादव रहे।

शिविर लगाकर की कांवड़ियों की सेवा

मंडी धनौरा, अमृत विचार : प्राचीन पत्थर कुटी शिव मंदिर के सामने एसडीएसवाई हॉस्पिटल में शिव भक्तों के लिए सेवा शिविर लगाया गया। जिसमें नित्या सेवा संकल्प समिति के पदाधिकारियों ने कांवड़ियों के लिए चिकित्सा सेवाएं, दवा एवं भोजन की व्यवस्था कराई। समिति के उपाध्यक्ष सतेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि कवाड़ियों की सेवा करना पुनीत कार्य है।

एसडीएसवाई हॉस्पिटल के डायरेक्टर व नित्या सेवा संकल्प समिति के कोषाध्यक्ष डॉ. राजन उपाध्याय ने कहा कि शिव भक्तों को निःशुल्क दवाओं का वितरण किया। इस मौके पर विदित यादव, आकाश उपाध्याय, प्रयाग गोयल, जितेंद्र कुमार, अमन सैनी, अनुज, धर्मेंद्र, कपिल सैनी, प्रवीण, शिवम, विष्णु नागर आदि मौजूद रहे।

एक नजर

महाशिवरात्रि पर भी धरने पर बैठे रहे किसान

संभल, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन असली के बैनर तले किसानों का धरना 46वें दिन भी जारी रहा। किसानों ने अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर आवाज बुलंद की। किसानों ने कहा कि गांव हिसामपुर और भटौला के बीच अंडरपास बनवाने की मांग प्रशासन ने पूरी नहीं की है। इस कारण किसानों को महाशिवरात्रि भी धरना स्थल पर मनानी पड़ी है। अंडरपास निर्माण की मांग जारी रखी जाएगी। इस दौरान भाकियू असली जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव, राहिद, गनपत, सत्यवान शर्मा, वेद प्रकाश शर्मा, जसवंत सिंह, ऋषिपाल, विनोद, छत्रपाल सिंह, चंद्र प्रकाश शर्मा, अशोक कुमार, प्रकाश आदि रहे।

स्वास्थ्य संबंधी सुझाव देंगी चिकित्सक

संभल, अमृत विचार : अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से गायत्री महिला मंडल की बैठक सविता गर्ग के निवास पर हुई। इसमें बताया कि गायत्री महिला मंडल की अध्यक्ष डॉ. रंजना सिंह बालिकाओं और महिलाओं को गायत्री सेवा आश्रम निकट गोमासती शहजादी सराय पर स्वास्थ्य संबंधी सुझाव देंगी। बैठक में सविता गर्ग, किरन भाटी, किरन अग्रवाल, डॉ.रंजना सिंह, विनीता भारद्वाज आदि रहीं।

भाभी व भतीजों पर मारपीट का आरोप

संभल, अमृत विचार : नखासा थाना क्षेत्र के गांव बहरामपुर की मढैया निवासी सतीश का अपने बड़े भाई वीरपाल से घर के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। शुक्रवार को वीरपाल काम करने गया था। घर पर वीरपाल की पत्नी व दो बेटे थे। सतीश का आरोप है कि घर के बंटवारे को लेकर भतीजे गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर भतीजों व भाभी ने सतीश की मारपीट की। भतीजों ने ईंट मारकर सतीश को घायल कर दिया।

बाइकें टकराने पर दो कांवड़िये घायल

बबराला, अमृत विचार : कांवड़ियों की बाइकें आपस में टकरा गईं। जिससे दो कांवड़िये घायल हो गए। धनारी थाना क्षेत्र के गांव छपरा निवासी बहादुर और मझौला निवासी नीरेश राजघाट से गंगाजल भर कर बाइकों से लौट रहे थे। गुरुवार देर शाम नेशनल हाईवे पर बबराला से आगे साथ-साथ दौड़ रहीं दोनों बाइकें आपस में टकरा गईं। इस हादसे में बहादुर और नीरेश घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को सीएचसी में भर्ती कराया।

संभल में नाचते-गाते शिवालय की ओर जातीं महिलाएं। ● अमृत विचार

फतेपुर भाऊ के प्रकटेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक करते शिवभक्त। ● अमृत विचार

शिव मंदिर के बाहर कांवड़ लेकर पहुंचीं युवतियां व महिलाएं। ● अमृत विचार

बम-बम भोले के जयकारों से गूंजे शिवालय, किया जलाभिषेक

शिवभक्तों ने मंदिरों में पूजा कर मांगी मनौती, कई जगह लगे मेले, सुरक्षा में मुस्तैद रहे पुलिस बल

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : जनपद में महाशिवरात्रि का त्योहार श्रद्धा एवं आस्था के साथ मनाया गया। शहर से देहात तक शिवालयों पर उमड़े कांवड़ियों और शिव भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया और पूजा अर्चना कर मनौती मांगी। बम-बम भोले के जयकारों से मंदिर गुंजायमान रहे। कई मंदिरों पर लगे मेले में खरीदारी हुई। सुरक्षा में पुलिस बल मुस्तैद रहा।

भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए गुरुवार देर रात कांवड़ियों के जत्थों ने शिवालयों का रुख किया था। शुक्रवार भोर से ही मंदिरों की तरफ बढ़े कांवड़ियों और शिव भक्तों ने बम-बम भोले के जयकारे लगाए। सुबह चार बजे से ही मंदिरों में भगवान शिव का जलाभिषेक शुरू हो गया। संभल में बहजोई मार्ग पर स्थित सिद्धपीठ श्री पातालेश्वर महादेव मंदिर, नगर के सूर्यकुंड तीर्थ मंदिर, फत्तेहपुर भाऊ के प्रकटेश्वर महादेव मंदिर, गुमसानी के झारखंडी महादेव मंदिर पर सुबह पांच बजे से ही कांवड़ियों और भक्तों की कतारें लगी नजर आईं। बारी-बारी से भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा अर्चना करते हुए मनौती मांगी। मंदिरों में ज्यादा भीड़ होने के कारण भक्त कतारों में खड़े नजर आए। जत्थों में शामिल कांवड़िये डीजे पर गूंज रहे गीतों पर नाचते गाते हुए मंदिरों का रुख करते रहे।

सिद्धपीठ श्री पातालेश्वर महादेव पर लगे मेले में खरीदारी हुई। सौंदर्य प्रसाधन के सामान, खेल खिलौने खरीदे गए। सिरसी, सौंधन, पंवासा, असमोली, बहजोई, धनारी, बबराला, गुन्नौर, जुनावई, रजपुरा और गवां क्षेत्र के मंदिरों में पहुंचे कांवड़ियों और भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। उधर, खानपुर बंद के शिव मंदिर पर कार्यक्रम में भाजपा के जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह और अन्य पदाधिकारी शामिल हुए।

गुन्नौर के पाताली मंदिर में भगवान को झाड़ू अर्पित करने के लिए कतार में महिलाएं।

बहजोई के सादातबाड़ी शिव मंदिर पर जलाभिषेक के लिए उमड़े शिवभक्त। ● अमृत विचार

बेरनी शिव मंदिर पर लगा मेला, उमड़े लोग

चन्दौसी, अमृत विचार : गांव बेरनी के प्राचीन शिव मंदिर व गांव छाबड़ा स्थित झारखंड शिव मंदिर पर कांवड़ियों व शिवभक्तों ने जलाभिषेक किया। श्रद्धालुओं ने भगवान शंकर को फूल, धतूरा, दूध, गंगा जल, बताशे अर्पित कर घर परिवार में सुख समृद्धि की कामना की। बेरनी के शिव मंदिर पर मेले में महिलाओं व बच्चों ने खरीदारी की। बच्चों ने झूलों का आनंद लिया।

खानपुर बंद के शिव मंदिर पर कार्यक्रम में बोलते भाजपा के जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह।

प्रधान के पति से झूलों को लेकर जताई नाराजगी

चन्दौसी, अमृत विचार : गांव बेरनी स्थित शिव मंदिर पर जिलाधिकारी मनीष बंसल ने सुरक्षा के इंतजाम देखे। मंदिर के बाहर पर पकौड़ी की दुकान पर जल रही भट्ठी को देख डीएम ने नाराजगी व्यक्त की। भट्ठी को बंद कर दिया गया और मंदिर से दूर जलाने की बात कही। मेले में बिना अनुमति लगे बड़े झूलों को देख गांव बेरनी की ग्राम प्रधान गायत्री देवी के पति रामवीर सिंह यादव से नाराजगी जताई। कहा कि झूले लगवाने के लिए अनुमति लेनी चाहिए। अगर झूलों से कोई हादसा होता है, तो कौन जिम्मेदार होगा।

जलाभिषेक करने के लिए लगी भक्तों की कतार

गुन्नौर/बबराला, अमृत विचार : गुन्नौर क्षेत्र में महाशिवरात्रि पर मंदिरों में भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक कर मनौती मांगी। हर-हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे। भक्तों ने भगवान शिव की पूजा कर व्रत भी रखा। शुक्रवार सुबह चार बजे ही मंदिरों के पट खोले गए और आरती की गई। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव पर कांवड़ चढ़ाई। गुन्नौर के प्रसिद्ध पातालेश्वर शिव मंदिर, गांव गोठना के प्राचीन शिव मंदिर, गांव सिकरौरा खादर के महादेव मंदिर, हुल्काबाद शिव मंदिर, जयरामनगर, हरिबाबा बांध, कुदारसी व हिरौनी के शिव मंदिरों में जलाभिषेक के लिए कांवड़ियों की कतार लगी रही।

भोलेनाथ को झाड़ू चढ़ाकर मांगी मनौती

गुन्नौर अमृत विचार : प्राचीन पाताली मंदिर में श्रद्धालुओं ने भांग, धतूरा, बेलपत्र, बेर, दूध जल, नारियल व झाड़ू चढ़ाकर त्वचा संबंधी रोगों से छुटकारा पाने की मनौती मांगी। नगर निवासी विमलेश ने बताया कि किसी को त्वचा रोग है तो उसे इस मंदिर में जरूर आना चाहिए। यहां आने वाले भक्त यदि सोमवार के दिन भगवान शिव को झाड़ू भेंट करें तो उनके गंभीर त्वचा रोग ठीक हो जाते हैं।

हिरौनी के मंदिर पर उमड़े भक्त, रहे सुरक्षा के प्रबंध

रजपुरा, अमृत विचार : रजपुरा क्षेत्र के शिव मंदिर हिरौनी पर भक्तों की भीड़ उमड़ी। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारे गूंजते रहे। यहां कांवड़ियों और भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर मनौती मांगी। यहां हरिद्वार, ब्रजघाट से गंगाजल लेकर लौटे कांवड़ियों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। थाना प्रभारी निरीक्षक जयपाल सिंह और अन्य पुलिस अफसर सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाले रहे।

मंदिर पर जलाभिषेक को उमड़े शिवभक्त

बहजोई, अमृत विचार : सादातबाड़ी प्राचीन पातालेश्वर महादेव मंदिर पर जलाभिषेक को लेकर कांवड़ियों व शिवभक्तों की भीड़ उमड़ी। कांवड़ियों ने जलाभिषेक किया। बहजोई के गांव सादातवाड़ी स्थित प्राचीन पातालेश्वर महादेव मंदिर पर प्रात से ही जल अभिषेक करने को लेकर कांवडिया व शिव भक्त बम बम भोले का जय घोष करते हुए मंदिर की ओर बढ़ रहे थे। कोई डीजे की धुन पर भक्ति गीतों पर नृत्य करते हुए चल रहा था तो कोई अपने कंधों पर कावड़ लेकर भगवान शिव का जय घोष कर रहा था। मंदिर परिसर में हजारों कांवडियों व शिवभक्तों की भीड़ उमड़ी। इस दौरान एडीओ पंचायत गुरदयाल सिंह, ग्राम प्रधान लखन यादव, सचिव आकाश कुमार, कोतवाल सत्येंद्र पवार सहित भारी पुलिस बल सुरक्षा व्यवस्था में तैनात दिखा।

विधि विधान से पूजा अर्चना कर चढ़ाया जल

जुनावई, अमृत विचार : जुनावई क्षेत्र के गांव सिकरौरा खादर, दबथरा, असदपुर, जुनावई, हुलकाबाद के शिव मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक किया गया। हरिद्वार से कांवड़ में गंगाजल लेकर आए कांवड़ियों ने जल चढ़ाया। घंटों तक पूजा अर्चना करने का सिलसिला चलता रहा। सिकरौरा खादर, दबथरा और हुलकाबाद में लगी दुकानों पर बच्चों ने खेल खिलौने खरीदी। महिलाओं और पुरुषों ने भी खरीदारी की। मिठाई की दुकानों पर खरीदारी हुई। बच्चों ने चाट-पकौड़ी का आनंद लिया। सुरक्षा में पुलिस तैनात रही।

मंदिरों में शिव भक्तों ने महादेव को चढ़ाया जल

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: महाशिवरात्रि पर शुक्रवार को कांवड़ियों व शिव भक्तों ने मंदिरों में महादेव का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। सुबह पांच बजे से ही मंदिरों के बाहर शिवभक्तों की कतारें लगनी शुरू हो गईं। सुरक्षा की दृष्टि से मंदिरों पर पुलिस तैनात रही।

शहर के शिव मंदिरों पर श्रद्धा व उल्लास के साथ जलाभिषेक किया गया। गंगा घाट से कांवड़ लेकर पहुंचे कांवड़िये सुबह चार बजे से ही शिव मंदिरों पर पहुंचना शुरू हो गए। सुबह सात बजे शहर के सीता रोड स्थित मूंछों वाले शिव मंदिर, बड़ा महादेव स्थित शिव मंदिर, सुभाष रोड स्थित प्राचीन शिव मंदिर, मिलक स्थित प्राचीन शिव मंदिर, आवास विकास स्थित शिवालय, मोती मोहल्ला स्थित अर्धनारीश्वर शिव मंदिर, मुंसिफ रोड स्थित शिव मंदिर व गांव मौलागढ़ स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर कांवडियों की कतार नजर आई। पुलिस ने शिवभक्तों की कतार लगवाई। शिव मंदिरों पर मेले लगे। इनमें बच्चों ने खिलौने खरीदे व चाट पकौड़ी का आनंद लिया। बनियाठेर थाना क्षेत्र के कस्बा नरौली में महाशिवरात्रि पर मंदिरों पर जलाभिषेक किया गया। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना के साथ भोलेनाथ के जयकारे लगाए।

▸▸ गंगा घाट से कांवड़ लेकर शिव मंदिरों में पहुंचे कांवड़िये

मोहल्ला साहूकारा स्थित शिव मंदिर, सब्जी मंडी स्थित नारायण मंदिर, पीपल वाला स्थित शिव मंदिर, हाइवे स्थित शिव मंदिर, तेली वाला कुआं स्थित शिव मंदिर, बंजारी कुआ स्थित शिव मंदिर पर जलाभिषेक किया गया। गंगा जल, दूध, बेलपत्र, बेर, भाग आदि भोलेनाथ को अर्पित किए। इस दौरान अंशु गुप्ता, प्रिंसी गुप्ता, नेहा, रितु भारद्वाज, मुस्कान गुप्ता, दौलत राम आदि मौजूद रहे।

कुंआखेडा शिव मंदिर पर जलाभिषेक के लिए शिवभक्तों की कतार देखने को मिली। उधर, जिलाधिकारी मनीष बंसल व एसडीएम नीतू रानी ने प्रमुख शिव मंदिरों पर व्यवस्था का जायजा लिया।

मूंछों वाले शिव मंदिर में जलाभिषेक करते लोग। ● अमृत विचार

जलाभिषेक करने के लिए शिवभक्तों की लगी कतार। ● अमृत विचार

मोती मोहल्ला स्थित शिव मंदिर में महाकाल के रूप में सजा शिवलिंग।

शिव विवाह पर महाकाल के रूप में सजा शिवलिंग

चन्दौसी, अमृत विचार : शिव मंदिरों में सुबह से लेकर रात तक माहौल भक्तिमय रहा। नगर के मोहल्ला मोती स्थित शिव मंदिर व अर्धनारीश्वर शिव मंदिर को सजाया गया। मंदिर में महाआरती के बाद शिव विवाह हुआ। शिवलिंग को महाकाल के रूप में सजाया गया। अंशुल गुप्ता, राहुल गुप्ता, रामकुमार शर्मा, राजेन्द्र कुमार शर्मा राजा, तीरथ किशोर गुप्ता, प्रेम किशोर गुप्ता, पवन वार्ष्णेय आदि रहे।

नरौली स्थित शिव मंदिर में पूजा-अर्चना करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

मूंछों वाले मंदिर पर एसडीएम से जानकारी लेते जिलाधिकारी मनीष बंसल।

आस्था शोभायात्रा में भगवान शंकर की झांकी ने मन मोहा, उमड़े लोग

धूमधाम से निकली महाकाल की पालकी

संवाददाता, बहजोई

अमृत विचार : बाबा महाकाल सेवा समिति की ओर से नगर में महाशिवरात्रि पर बाबा महाकाल की पालकी धूमधाम के साथ निकाली गई। शिव भक्त पालकी को अपने कंधों पर लेकर महाकाल का जय घोष करते हुए चल रहे थे। भगवान शंकर की झांकी सभी को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी।

पुराना बाजार रामलीला मैदान स्थित रघुनाथ मंदिर से पदाधिकारी ने पूजा अर्चना कर बाबा महाकाल की पालकी का आरंभ किया। सबसे आगे माता महाकाली का अखाड़ा अपने करतब दिखाते चल रहा था। भगवान शिव की मनमोहक झांकी सभी का मनमोह रही थी। बाबा महाकाल की पालकी रघुनाथ मंदिर से प्रारंभ होकर लक्ष्मी नारायण मंदिर पर जाकर संपन्न हुई। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर पालकी का स्वागत किया। इस दौरान चेयरमैन राजेश शंकर राजू, कपिल वार्ष्णेय, मयंक वार्ष्णेय, अजय तंबाकू, कपिल गुप्ता, मृदुल वार्ष्णेय, राजीव कुमार, अमित मोदी, प्रदीप गुप्ता, मनोज बर्तन, प्रदीप कुमार उर्फ बिल्ला आदि व्यवस्था बनाए हुए चल रहे थे।

बाबा महाकाल की पालकी शोभायात्रा में उमड़े लोग। ● अमृत विचार

अधिकारों के प्रति जागरूक होकर महिलाएं बनें सशक्त

बहजोई, अमृत विचार : बहजोई महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर प्रथम दिन महिला सशक्तीकरण को लेकर गोष्ठी हुई। इसमें महिलाओं को अधिकारों के प्रति जागरूक होने का आह्वान किया।

ग्राम श्रीनगर कनैटा में विशेष शिविर का आरंभ प्राचार्य डॉ. वीरेन्द्र कुमार गुप्ता, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गीता, प्रधान अमित कुमार ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। रानी लक्ष्मीबाई टोली की स्वयंसेविका महिमा और प्रेरणा ने सरस्वती वंदना से कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गीता ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम एक ऐसा कार्यक्रम है जो हमे एक जिम्मेदार नागरिक बनने का अवसर देता हैं। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गीता, संजय कुमार, सलोनी रस्तोगी, रामतीर्थ, राजीव कुमार, देव, ब्रजेश कुमार आदि ने सहयोग किया।

मंडी समिति के शिव मंदिर में मौजूद महिला सभा की पदाधिकारी। ● अमृत विचार

महिलाओं ने विधि विधान के साथ किया रुद्राभिषेक

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : ब्राह्मण महिला सभा की पदाधिकारी महाशिवरात्रि पर मंडी समिति स्थित शिव मंदिर पहुंचीं। यहां आचार्य नंद किशोर गौड़ व पुजारी अशोक शंखधार ने विधि विधान से रुद्राभिषेक कराने के बाद पूजा-अर्चना कराई। हरिओम उपाध्याय व जनार्दन पारासरी ने कहा कि भगवान शिव अपने भक्तों की मनोकामना हमेशा पूरी करते हैं। बाद में मंदिर पर भंडारा हुआ।

इस दौरान सुनीता शर्मा, अनिता शर्मा, रंजना शर्मा, उर्मिला शर्मा, रानी शर्मा, सुधा शर्मा, अंजुला शर्मा, रेनू शर्मा, ऊषा शर्मा, वर्णिका शर्मा, रश्मि राघव, नूरी शर्मा आदि रहीं।

पसमांदा समाज के पिछड़ेपन को दूर करना जरूरी

सरायतरीन, अमृत विचार : जकात सेंटर इंडिया ट्रस्ट संभल की ओर से शुक्रवार को सरायतरीन स्थित रॉयल पैलेस में बैठक हुई। इसमें डॉ. हफीजउर्रहमान फलाही ने संभल यूनिट की रिपोर्ट पर चर्चा की। कहा कि जकात सेंटर इंडिया का मकसद पसमांदा समाज के पिछड़ेपन को दूर करना है। कार्यक्रम का संचालन मौलाना रेहान फलाही ने किया। इस दौरान अब्दुल जब्बार सिद्दीकी, मोहम्मद आतिफ इसराइली, मोहम्मद वासिफ, मोहम्मद अदनान सिद्दीकी, इफ्तेखार अली, नाजिम, अतहर उल्लाह खान, शाने आलम, इमरान, हसन इसराइली, फुरकान अली खान, शारिक अराफात आदि मौजूद रहे।

VARUN ARJUN UNIVERSITY
NH-2, Banthra, Shahjahanpur
Direct Admission Open for Session-2024-25
D. Pharm | B. Pharm
DMLT | X-Ray
Special Features
100% Placement, Qualified Faculty, Wi-Fi Campus
24 Hrs. Security, Light, Water, AC & Non AC Hostels
For any query Contact : Mr. Rajendra Gupta
Contact No. : 9455113105 (Calling Time - 10 AM to 6 PM)

एक नजर

ईंट मारकर चोटिल करने का आरोप, तहरीर दी

संभल, अमृत विचार : हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव लहराकमंगर निवासी रहीस अहमद की पत्नी मोमिना ने शुक्रवार को थाने पहुंच कर पुलिस को तहरीर दी। तहरीर में बताया कि गांव के बाहरी छोर पर घर के पास ही भूखंड स्थित है। आरोप है कि नवनिर्माण करा रहे पड़ोसी ने मकान की नींव भूखंड की जमीन में खोदकर चिनाई करा रहा था। विरोध करने पर पड़ोसी ने गाली गलौज करते हुए मोमिना को ईंट मारकर चोटिल कर दिया।

पुलिस ने चाकू के साथ आरोपी को पकड़ा

संभल, अमृत विचार : ऐचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के गांव मांडली समसपुर के पास शुक्रवार को संदिग्ध व्यक्ति के खड़े होने की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और संदिग्ध से पूछताछ की। संदिग्ध ने अपना नाम पता असमोली थाना क्षेत्र के गांव दबोई कलां निवासी अरुण बताया। तलाशी लेने पर पुलिस को अरुण के पास से चाकू बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस ने अरुण को गिरफ्तार कर लिया।

रमजान में दुरुस्त रहे सफाई, बिजली व्यवस्था

संभल, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य फिरोज खां ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। रमजान में उचित व्यवस्था कराने की मांग की। कहा कि रमजान में रोजा इफ्तार और सहरी के समय मस्जिद पर माइक की अनुमति दी जाए। नगर पालिकाओं की ओर से मस्जिदों के बाहर सफाई, बिजली व पानी की आपूर्ति सुचारू रहे। पुलिस शाम को वाहन की चेकिंग नहीं करे। शाम छह बजे से जनपद में शराब की दुकानें बंद कराने और रमजान में बिजली चेकिंग रोकने की मांग उठाई।

तमंचे के साथ जिला बदर का आरोपी गिरफ्तार

संभल, अमृत विचार : नखासा थाना क्षेत्र के गांव रुकनुद्दीन सराय निवासी जिला बदर का आरोपी कलीम शुक्रवार को गांव में अशरफी चौराहे से सलारपुर गांव जाने वाले रास्ते पर खड़ा हुआ था। पुलिस ने पूछताछ की, लेकिन कलीम यहां खड़े होने की कोई साफ साफ वजह नहीं बता सका। तलाशी लेने पर पुलिस को कलीम के पास से तमंचा बरामद हुआ। जिसके बाद पुलिस ने कलीम को गिरफ्तार कर लिया और आर्म्स एक्ट व उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई कर कलीम का चालान कर दिया।

हादसे में युवक की मौत, भांजी घायल

बबराला के पास वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, बहन के घर से लौट रहा था ओमप्रकाश

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

अमृत विचार : गुन्नौर थाना क्षेत्र में मुरादाबाद-आगरा नेशनल हाईवे पर अज्ञात वाहन ने बाइक सवारों को रौंद दिया। हादसे में युवक की मौत हो गई जबकि उसकी भांजी घायल हो गई। युवक की मौत से 24 दिन में ही पत्नी का सुहाग उड़ गया।

घायल भांजी को सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव न्यौरा निवासी ओमप्रकाश (22) पुत्र सोमवीर गुरुवार शाम जुनावई क्षेत्र के गांव लतीपुर में बहन ममता के घर से भांजी खुशबू (8) को लेकर बाइक से घर लौट रहा था। जैसे ही वह कस्बा बबराला के पास पहुंचा तो अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को रौंद दिया। वाहन बाइक को करीब 10 मीटर तक घसीटता रहा। हादसे में ओमप्रकाश की मौत हो गई जबकि भांजी खुशबू गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर पहुंचाया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। मां प्रेमवती, पत्नी पूजा और अन्य परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

रजपुरा में युवक की मौत के बाद बिखलतीं परिवार की महिलाएं। ● अमृत विचार

24 दिन में ही उजड़ गया पूजा का सुहाग

गांव न्यौरा निवासी ओमप्रकाश की शादी 13 फरवरी को जुनावई थाना क्षेत्र के गांव अहरौला नोआबाद की पूजा के साथ हुई थी। अभी पूजा के हाथों से मेहंदी का रंग भी नहीं उतरा था कि पति की मौत हो गई। जिससे पूजा पर दुखों का पहाड़ टूट गया। पति की मौत पर पूजा विलाप करते हुए बेसुध हो रही है। महिलाएं उसे संभालती है तो वह पति को याद कर फिर बिलखने लगती है।

ट्रैक्टर की चपेट में आने से किसान जख्मी

चन्दौसी, अमृत विचार : कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव कुढ़फतेहगढ़ में ट्रैक्टर की चपेट में आने से किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। शुक्रवार शाम चार बजे गांव कुढ़फतेहगढ़ निवासी राकेश कुमार ट्रैक्टर से खेत जोतने पहुंचा। वहां उसका ट्रैक्टर बंद हो गया। किसान ने सेल्फ स्टार्ट करने का प्रयास किया। लेकिन ट्रैक्टर स्टार्ट नहीं हुआ। नीचे से उतरकर ट्रैक्टर को चांभी से स्टार्ट करने लगा। ट्रैक्टर गियर में था और स्टार्ट होकर दौड़ गया। जिससे राकेश ट्रैक्टर के नीचे आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। चीख-पुकार सुनकर आसपास खेतों पर कार्य कर रहे लोग मौके पर पहुंचे। घटना की सूचना किसान के परिजन व एंबुलेंस को दी गई। परिजन भी मौके पर पहुंचे। एंबुलेंस से किसान को उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया।

बदायूं मार्ग पर बाइकों की भिड़ंत में मासूम सहित 6 लोग घायल

संभल/जुनावई, अमृत विचार : जुनावई थाना क्षेत्र में मेरठ-बदायूं मार्ग पर दो बाइकों की भिड़ंत हो गई। इसमें मासूम सहित छह लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर महिला को प्राथमिक उपचार देकर हायर सेंटर रेफर किया गया।

गांव बघोई निवासी मोनू शुक्रवार को अपनी मां भूरी देवी, भाभी मंजू पत्नी सोनू और पांच माह के विशाल पुत्र सोनू के साथ बाइक से हरिबाबा धाम में पूजा पाठ व जल चढ़ाकर घर जा रहा था। तभी मेरठ बदायूं मार्ग पर जुनावई स्थित धर्मकांटे के पास सामने से आ रही बाइक ने मोनू की बाइक में टक्कर मार दी। जिससे सोनू, भूरी, मंजू, विशाल और दूसरी बाइक पर सवार गांव धनीपुर निवासी दीपक व सिमरई गांव निवासी अमित घायल हो गया। भूरी देवी को हायर सेंटर रेफर किया गया है।

सार संक्षेप

जर्जर टैंक से हादसे का खतरा, जिम्मेदार बेखबर

चन्दौसी, अमृत विचार : बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव अकरौली के पीएचसी में पानी का टैंक जर्जर हो चुका है, जबकि पीएचसी में रोजाना सैकड़ों मरीज उपचार कराने व दवा लेने पहुंचते हैं। जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। गांव अकरौली के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पानी की टंकी का टैंक रखा हुआ है। जर्जर होने के बाद उसका उपयोग करना बंद कर दिया। वर्तमान में पानी की टैक काफी जर्जर हो गया और कभी भी गिर सकता है। जबकि पीएचसी में रोजाना दवा लेने सैकड़ों मरीज पहुंचते हैं। कई बार ग्रामीण जर्जर टैंक को उतारने की शिकायत पीएचसी में कर चुके हैं। इसके बाद टैंक को ऊपर से हटाया नहीं गया है। जिससे कभी भी बड़ा हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। मगर जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी निभाना नहीं चाह रहे हैं। जिससे आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

पीएचसी में जर्जर पानी का टैंक। ● अमृत विचार

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनातीं समिति की पदाधिकारी व सदस्य।

आज महिलाएं हैं आत्मनिर्भर : कल्पना

चन्दौसी, अमृत विचार : जनकल्याण सेवा समिति की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर फव्वारा चौक स्थित एक रेस्तरां में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें महिला पदाधिकारियों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। राजनीतिक व समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशा गोस्वामी व साधना श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया। कल्पना वार्ष्णेय ने कहा कि महिला किसी की मोहताज नहीं है, वह आत्मनिर्भर हैं। सचिव भावना गुप्ता ने कहा कि घर व समाज को बेहतर करने के लिए पुरुष व महिला दोनों समान रूप से योगदान करते हैं। उपाध्यक्ष रेखा रस्तोगी ने कहा कि महिलाएं किसी पर निर्भर नहीं हैं। कोषाध्यक्ष आशा गोस्वामी ने केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान मधु तोमर, सीमा सिंह, पूर्णिमा, अनामिका, आभा, संगीता शर्मा, मीरा सिंह, सोनी रस्तोगी, कांता अदलखा, मीनू, सीमा, रुचि अग्रवाल, अनुराधा, सारिका, निर्मल, संगीता गौतम, पूनम अग्रवाल आदि मौजूद रहीं।

होली से पहले व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की मांग

चन्दौसी, अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी के सभासद अनुराग अग्रवाल ने नगर पालिकाध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। होली से पहले शहर की सड़कों, खुले व क्षतिग्रस्त मैनहोलों को दुरुस्त कराने की मांग की। बताया कि शहर में जिन स्थानों पर होलिका दहन होता है, वहां सड़क व मैनहोलों को दुरुस्त कराया जाए। 20 मार्च को रंग एकादशी का जुलूस मोहल्ला स्थित खेल गोपाल मंदिर से निकाला जाएगा, जो मोहल्ला गोपाल, चाह धोबियान, शेखान व डिस्पेसरी रोड से प्रमुख मार्गों का भ्रमण करेगा। होलिका दहन से पहले खेड़ापति मोहल्ला गोपाल से रामधुन के साथ पुरानी पैठ स्थित बड़ो होलिका के लिए प्रस्थान करेंगे। इसलिए सड़कों पर बने गड्ढे, पथ प्रकाश, मैनहोल व सफाई की व्यवस्था कराई जाएगी।

बाइक सवार ने दंपती को रौंदा महिला को 50 मीटर घसीटा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : बनियाठेर थाना क्षेत्र में आगरा-मुरादाबाद हाईवे पर गांव आटा के पास बाइक चालक ने साइकिल लेकर आ रहे दंपती को टक्कर मार दी। बाइक सवार महिला को 50 मीटर तक घसीटता हुआ ले गया। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां तीनों की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया।

गांव मौलागढ़ की मिलक निवासी दीनदयाल पत्नी शांति के साथ दोपहर को गांव आटा स्थित खेत पर गया था। शाम सात बजे दीनदयाल साइकिल से पैदल अपनी पत्नी के साथ घर लौट रहा था। जब दंपती मॉल के पास पहुंचे तभी बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। महिला की साड़ी बाइक में फंस गई और बाइक सवार उसे हाइवे पर 50 मीटर तक घसीटता हुआ ले गया।

घायल वृद्धा का उपचार करते चिकित्सक।

हादसे में ग्रामीण घायल

संभल, अमृत विचार : मुरादाबाद के मोहल्ला खुशहालपुर निवासी शेखर गुरुवार देर रात 10 बजे बाइक पर सवार होकर ऐचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के गांव मढ़ावली स्थित ससुराल जा रहा था। सैदनगली मनोटा मार्ग पर गांव शाहपुर सिरपुड़ा के पास वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे शेखर घायल हो गया। पुलिस ने उसे सीएचसी असमोली पहुंचाया।

मदरसे बंद करने की बात चुनावी स्टंट

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : कांग्रेस नेता व राज्यसभा सदस्य इमरान प्रतापगढ़ी ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से सीएए लागू करना और उत्तर प्रदेश में 13 हजार मदरसे बंद करने की बात लोगों का ध्यान भटकाने वाला चुनावी स्टंट है। भाजपा मंदिर-मस्जिद और नफरत की राजनीति करती है।

संभल में सपा सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क के घर शोक संवेदना प्रकट करने पहुंचे इमरान प्रतापगढ़ी ने पत्रकार वार्ता की। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 400 पार का दावा भी 25 लाख मिलने वाले जुमले से की तरह है। प्रधानमंत्री इस समय डरे हुए हैं, इसलिए वे 400 पार का नारा दे रहे हैं। केरल से मुस्लिम प्रत्याशी को भाजपा टिकट को लेकर इमरान प्रतापगढ़ी ने कहा कि मेरा प्रधानमंत्री मोदी से सीधा सवाल है। मुख्तार अब्बास नकवी, जफर इस्लाम, एमजे अकबर कहां हैं, जो राज्यसभा में हुआ करते थे। असदुद्दीन ओवैसी के यूपी में चुनाव लड़ने को लेकर कहा कि उन्हें तेलंगाना में नकारा जा चुका है। इमरान ने प्रधानमंत्री मोदी के 140 करोड़ लोगों के परिवार वाले नारे पर भी कटाक्ष किया। कहा कि उनके परिवार में किसान आते हैं या नहीं। सात सौ किसान शहीद ही चुके हैं। इस दौरान कुंदरकी से सपा विधायक जियाउर्रहमान बर्क भी मौजूद रहे।

पत्रकारों से बातचीत करते इमरान प्रतापगढ़ी, साथ में जियाउर्रहमान बर्क।

▸▸ राज्यसभा सदस्य बोले- 140 करोड़ लोगों का परिवार प्रधानमंत्री मोदी का जुमला

दिल्ली में नमाजियों को पीटना शर्मनाक

संभल, अमृत विचार : कुंदरकी से सपा के विधायक जियाउर्रहमान बर्क ने दिल्ली में नमाजियों के साथ पुलिस द्वारा मारपीट व अभद्रता की घटना को शर्मनाक बताया। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की। शुक्रवार शाम अपने दीपा सराय आवास पर पत्रकारों से बातचीत में विधायक जियाउर्रहमान बर्क ने कहा कि दिल्ली में नमाजियों के साथ पुलिस ने जो किया, वह बेहद शर्मनाक है। सड़क पर जुमे की नमाज अदा कर रहे मुसलमानों के साथ जो हुआ, उसका वीडियो घटना का सच बयान कर रहा है। पुलिस कर्मियों ने नमाज अदा कर रहे लोगों के साथ न सिर्फ मारपीट की बल्कि अमर्यादित व्यवहार कर उन्हें अपमानित किया है। इस घटना को लेकर मुसलमानों में गुस्सा है। उन्होंने कहा कि आरोपी पुलिसकर्मियों व अधिकारियों को बर्खास्त कर उनके खिलाफ मामला दर्ज किया जाए।

मयूर विहार में महिलाओं को उपहार देकर सम्मानित करतीं ग्रुप की पदाधिकारी। ● अमृत विचार

मजदूरी करने वाली महिलाएं सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

▸▸ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर दिया महिलाओं को बराबरी पर जोर

अमृत विचार : जायन्ट्स ग्रुप ऑफ वूमेन पावर ने मयूर विहार कॉलोनी में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया। महिलाओं को सामाजिक बराबरी देने की बात कही गई।

ग्रुप की पदाधिकारियों ने मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करने वाली दो महिलाओं को सम्मानित किया। कहा कि दोनों महिलाओं की हमेशा मदद करने का ग्रुप की सदस्यों ने संकल्प लिया। यूनिट की डायरेक्टर क्षमा अग्रवाल ने कहा कि आज महिला पुरुषों से किसी भी क्षेत्र में कम नहीं है। ग्रुप की अध्यक्ष साधना अग्रवाल ने कहा कि समाज में बदलाव तभी आ सकता है, जब सभी इस दिशा में सोचे। इस दौरान अनु रस्तोगी, साधना अग्रवाल, शुभा अग्रवाल, निधि अग्रवाल, शुभ्रा अग्रवाल, प्रियांसी अग्रवाल, ज्योति साहनी, नैना अग्रवाल, शिखा अग्रवाल, शालिनी अग्रवाल, मनीषा अग्रवाल, ज्योति अक्षत, निमिषा अग्रवाल, वंदना गुप्ता, मीनू अग्रवाल आदि रहीं।

घर में घुसकर पिता व पुत्री को पीटा, घायल

संभल, अमृत विचार: हयातनगर थाना क्षेत्र में रास्ते के विवाद को लेकर पड़ोसी ने घर में घुसकर लाठी डंडों व धारदार हथियार से हमला कर पिता पुत्री को घायल कर दिया। छत पर चढ़कर पथराव करने का भी आरोप है।

गांव हसनपुर मुंजब्ता निवासी सुल्तान के पड़ोसी मुजाहिद ने अपने घर के पास मिट्टी डालकर रास्ते को ऊंचा कर लिया। इसे लेकर दोनों में विवाद हो गया। आरोप है कि कुछ देर बाद मुजाहिद व उसके चार बेटे लाठी डंडे व धारदार हथियार लेकर सुल्तान के घर पहुंचे और मारपीट करने लगा। जिससे सुल्तान व उसकी बेटी सना घायल हो गई। सुल्तान ने छत पर चढ़कर घर में पथराव करने का भी आरोप लगाया। तहरीर मिलने पर पुलिस ने सुल्तान व सना का जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया।

हरी झंडी दिखाकर बस सेवा का आरंभ करते समिति के अध्यक्ष अतुल गोयल व अन्य।

निशुल्क बस सेवा की शुरू

संवाददाता, बबराला

अमृत विचार : मां गंगा जनकल्याण समिति ने गंगा आरती में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क बस सेवा की शुरूआत की है। निशुल्क बस सेवा की शुरूआत शुक्रवार शाम चिकित्सक डॉ. कैलाश वार्ष्णेय ने झंडी दिखाकर की।

समिति के अध्यक्ष अतुल गोयल ने बताया कि आरती में शामिल होने जाने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क बस सेवा की व्यवस्था की गई है। बस नियमित रूप से शाम साढ़े पांच बजे रेलवे स्टेशन से श्रद्धालुओं को लेकर छह बजे इंदिरा चौक से राजघाट को चलेगी और गंगा आरती समापन के बाद रात साढ़े आठ बजे लौटेगी। इस मौके पर उमेश वार्ष्णेय, योगेन्द्र यादव, विजय कुमार, विवेक एडवोकेट, लकी वार्ष्णेय, पंकज मामा आदि रहे।

व्यापार मंडल की बैठक में बोलते प्रदेश मंत्री शाह आलम मंसूरी। ● अमृत विचार

उद्योग व्यापार मंडल का महासम्मेलन आज

चन्दौसी, अमृत विचार : अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का व्यापारी सम्मान महासम्मेलन शनिवार को साहू झुन्नीलाल धर्मशाला में होगा। इसकी सफलता को लेकर व्यापार मंडल ने बैठक में चर्चा की। जवाहर रोड स्थित कैंप कार्यालय में शुक्रवार को बैठक में जिलाध्यक्ष प्रेम ग्रोवर ने कहा कि 9 मार्च को व्यापारी सम्मान महासम्मेलन होगा। इसमें ढाई सौ व्यापारियों व समाजसेवियों को सम्मानित किया जाएगा। महिला शक्ति को भी व्यापार मंडल सम्मानित करेगा। प्रदेश मंत्री शाह आलम मंसूरी में कहा कि आज देश में एकमात्र अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल व्यापारियों की समस्याओं को उठा रहा है। बैठक में अनुज वार्ष्णेय अन्नू, राजू चड्ढा, संजीव अग्रवाल, उमेश वार्ष्णेय, सुशील अग्रवाल, सुभाष मित्तल आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता प्रेम ग्रोवर व संचालन शाह अलम मंसूरी में किया।

पोस्टर दिखातीं छात्राएं, साथ में पदाधिकारी। ● अमृत विचार

पोस्टर बनाकर दिया महिला सशक्तीकरण का संदेश

बहजोई, अमृत विचार : अखिल भारतीय वार्ष्णेय वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से सरस्वती इंटर कॉलेज में पोस्टर व भाषण प्रतियोगिता कराई गई। इसमें छात्राओं ने पोस्टर बनाकर महिला सशक्तीकरण का संदेश दिया। प्रधानाचार्य नैना गुप्ता ने समाजसेवी महिलाओं का सम्मानित किया। जल संरक्षण व प्रदूषण बचाओ विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता में अनुष्का शर्मा प्रथम, जिकरा द्वितीय व महक तृतीय रहीं। भाषण में जिकरा प्रथम, अनुष्का द्वितीय व अवनी शर्मा तृतीय रहीं। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रश्मि वार्ष्णेय, कोषाध्यक्ष नूतन वार्ष्णेय, उपाध्यक्ष, उमा वार्ष्णेय, मंत्री सुनैना, नैना गुप्ता, कार्यालय प्रभारी मीरा वार्ष्णेय, आरती वार्ष्णेय आदि रहीं।

गाजे बाजे के साथ निकली शोभायात्रा

संभल, अमृत विचार : मोहल्ला बरेली सराय स्थित शिव मंदिर से शिव बरात शोभायात्रा का उद्घाटन भाजपा नेता डॉ. अरविंद गुप्ता ने किया। यहां भाजपा नेता दिनेश जाटव, संजय सांख्यधर आदि भी रहे। शोभायात्रा बरेली सराय से प्रेमशंकर वाटिका, कूप मंदिर और दुर्गा कालोनी के विभिन्न हिस्सों से गुजरी। शोभायात्रा का समापन बरेली सराय मंदिर पर हुआ। कई स्थानों पर शोभायात्रा का स्वागत किया गया।

आयोजन शहर में निकाली गईं तीन शोभायात्राएं, शिव पार्वती, श्रीकृष्ण राधा, महाकाल, भगवान शिव, श्रीराम दरबार की झांकियां रहीं शामिल

शिव बरात शोभायात्रा में झांकियां देखकर मंत्रमुग्ध हुए लोग

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : महाशिवरात्रि पर शहर में शिव बरात की तीन शोभायात्रा निकाली गईं। शहर के अलग-अलग हिस्सों से निकली शोभायात्रा में शामिल झांकियों को देखकर लोग मंत्रमुग्ध हो गए। विभिन्न स्थानों पर शोभायात्राओं का स्वागत हुआ।

शहर में मोहल्ला कोट पूर्वी से शिव बरात शोभायात्रा का आरंभ हुआ। शोभायात्रा डाकखाना तिराहा, कोतवाली, बाजार ठेर, बाजार गंज, आर्य समाज रोड, एजेंटी तिराहा, अस्पताल चौराहा, शंकर इंटर कालेज चौराहा होते हुए सूर्यकुंड तीर्थ पर पहुंची। पूजा अर्चना के बाद शोभायात्रा का समापन हुआ। शोभायात्रा में शिव पार्वती, श्रीकृष्ण राधा, महाकाल, भगवान शिव, श्रीराम दरबार की झांकियां शामिल रही। उधर मोहल्ला हल्लू सराय की सरथल चौकी से शुक्रवार शाम शिव बरात शोभायात्रा निकाली गई। इसका उद्घाटन सभासद जयप्रकाश ने किया। शोभायात्रा सरथल चौकी से मोहल्ला कोट पूर्वी में विभिन्न गलियों से घूमते हुए हल्लू सराय पहुंचकर समाप्त हुई। इसमें शिव पार्वती, राधा कृष्ण, पंचमुखी हनुमान, मां दुर्गा, महाकाल झांकियां शामिल रहीं। इस दौरान दिनेश ठाकुर, महंत मुरली सिंह, गणेश सिंह राठौर समेत तमाम लोग शामिल रहे।

हल्लू सराय में शोभायात्रा में शिव पार्वती के रूवरूप में नृत्य करते कलाकार।

संभल में शिव बारात शोभायात्रा के दौरान विभिन्न स्वरूप में सजे बच्चे। ● अमृत विचार

इन्द्रियैरिन्द्रियार्थेषु वर्तमानैरनिग्रहैः।
तैरयं ताप्यते लोको नक्षत्राणि ग्रहैरिव॥

इंद्रियां यदि वश में न हो तो ये विषय-भोगों में लिप्त हो जाती हैं। उससे मनुष्य उसी प्रकार तुच्छ हो जाता है, जैसे सूर्य के आगे सभी ग्रह।

संपादकीय

भारत पर भरोसा

आर्थिक और राजनीतिक शक्ति के रूप में ग्लोबल साउथ के उदय ने पारंपरिक शक्ति की गतिशीलता को चुनौती दी है और बदलती वैश्विक व्यवस्था की ओर ध्यान आकर्षित किया है। विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि ग्लोबल साउथ के देश कई मुद्दों पर एक-दूसरे के प्रति सहानुभूति रखते हैं। 'ग्लोबल साउथ' शब्द का इस्तेमाल आमतौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। ये मुख्य रूप से अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका में स्थित हैं। आमतौर पर ग्लोबल नार्थ के धनी देशों की तुलना में इन देशों में गरीबी, आय असमानता और जीवन स्थितियां चुनौतीपूर्ण हैं। टोक्यो में भारत-जापान साझेदारी पर 'निक्कई फोरम' को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि आजादी मिलने के तुरंत बाद हमने आक्रमण देखा, हमारी सीमाओं में बदलाव की कोशिश हुई। आज भी भारत के कुछ हिस्सों पर एक अन्य देश का कब्जा है, लेकिन हमने इस पर दुनिया को यह कहते नहीं देखा कि चलो हम सभी भारत का साथ दें, परंतु अब परिस्थितियां बदली हैं।

ग्लोबल साउथ में हाल के दशकों में धन और राजनीतिक परिस्थितियों में महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं। ग्लोबल साउथ के राजनेता तेजी से वैश्विक मामलों में प्रभावशाली भूमिका निभा रहे हैं। यानी ग्लोबल साउथ ने स्वयं को मजबूत करना जारी रखा है, यह भू-राजनीति को नया आकार देता है, एक नए युग की शुरुआत करता है। अनुमानों से संकेत मिलता है कि वर्ष 2030 तक चार सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से तीन ग्लोबल साउथ की होंगी। गौरतलब है कि ग्लोबल साउथ का प्रभाव ग्लोबल नॉर्थ के ऐतिहासिक प्रभुत्व को चुनौती देता है। ये बदलाव विश्व मंच पर ग्लोबल साउथ की बढ़ती मुखरता और प्रभाव को दर्शाते हैं। इसमें भारत का अपना सामरिक महत्व है। रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते खाद्य पदार्थों, उर्वरकों की कीमतें बढ़ गई हैं और श्रीलंका जैसे देश में इतना बड़ा आर्थिक संकट पैदा हुआ। श्रीलंका को अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) का पैकेज काफी देर बाद मिला जबकि भारत ने कुछ सप्ताह के भीतर एक पैकेज दिया। आईएमएफ का पैकेज तीन अरब डॉलर का था, जबकि हमने श्रीलंका को आईएमएफ के मुकाबले 50 फीसदी अधिक पैकेज दिया। उल्लेखनीय है कि भारत एक बड़ी अर्थव्यवस्था होने के नाते अपने दायित्व को समझता है और ग्लोबल साउथ की जिम्मेदारी को बहुत गंभीरता से लेता है। महत्वपूर्ण है कि इस मंच के 125 देशों ने भारत पर अपना विश्वास जताया है। जबकि चीन उनकी चिंताओं पर ध्यान तक नहीं देता। ग्लोबल साउथ की बढ़ती आर्थिक और राजनीतिक शक्ति का वैश्विक भू-राजनीति पर महत्वपूर्ण प्रभाव है और भारत ग्लोबल साउथ में बड़ी जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार है।

अब अपना हक मांगती आधी दुनिया

विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

किरण राजधानी की इस पहली महिला पंचायत में काउंसलर है। वह बताती है 'महिला पंचायत में आने वाली महिलाओं को बताया जाता है कि उनके पास क्या-क्या कानूनी अधिकार हैं और हम कैसे काउंसलिंग, पुलिस और अदालतों के माध्यम से उनकी मदद कर सकते हैं।

अभी यह कहना तो जल्दबाजी ही होगी कि आधी दुनिया को उनके सारे कानूनी हक भारतीय समाज ने दे दिए हैं, पर इतना कहना ही होगा कि अब औरतें अपने वाजिब हकों को हासिल करने के लिए घरों से निकल रही हैं। वह अपने घरों के अंदर या दफ्तरों में होने वाले अन्याय को सहने के लिए तैयार नहीं हैं। बेशक यह बदलते हुए भारत का एक रोशन चेहरा है। यह एक तरह से उम्मीद जगाता है कि आधी दुनिया अब अन्याय और अत्याचार सहने के लिए तैयार नहीं हैं।

राजधानी दिल्ली के बहुत से मेहनतकश लोगों के इलाकों में उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, बंगाल, उड़ीसा के लाखों लोग रहते हैं। इन प्रवासी परिवारों की महिलाएं अब अपने घरों में होने वाले घरेलू उत्पीड़न और अपने कार्य स्थलों में होने वाले शोषण के खिलाफ महिला पंचायतों में जाकर शिकायतें करने लगी हैं। ये सब यहां की काउंसलरों से सलाह लेने आती हैं कि किस तरह से इन्हें न्याय मिल सकता है। राजधानी के न्यू सीमापुरी की महिला पंचायत के प्रभारी फादर जॉर्ज बताते हैं कि महिला पंचायत में आने वाली महिलाओं को बताया जाता है कि उनके पास क्या-क्या कानूनी अधिकार हैं और हम कैसे काउंसलिंग, पुलिस और अदालतों के माध्यम से उनकी मदद कर सकते हैं। इस महिला पंचायत को दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी ने स्थापित किया था। बता दें कि दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी ने ही करीब 140 साल पहले दिल्ली में सेंट स्टीफंस कॉलेज खोला था और अब यह सोनीपत में सेंट स्टीफंस कैम्ब्रिज स्कूल खोल रहा है।

उस दिन महिला पंचायत के दफ्तर के अंदर करीब 30 महिलाएं एक फर्श पर बैठी थीं। इसकी दीवारें अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पोस्टरों से अटी हुई हैं। परेशान और पस्त दिख रही 38 वर्षीय माधुरी एक फोल्डर में कुछ कागजात के साथ वहां मिलती हैं। अपने पति के जुल्मों-सितम से टूटी हुई माधुरी यहां अपनी सास के साथ अपने पति से तलाक लेने का तरीका पूछने आई है। उसे संतोष है कि न्याय की लड़ाई में उसे अपनी सास का सपोर्ट मिल रहा है। दो बच्चों की मां, माधुरी कहती हैं," मेरी सास ने भी मेरे साथ होने वाले

राजधानी दिल्ली के बहुत से मेहनतकश लोगों के इलाकों में उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, बंगाल, उड़ीसा के लाखों लोग रहते हैं। इन प्रवासी परिवारों की महिलाएं अब अपने घरों में होने वाले घरेलू उत्पीड़न और अपने कार्य स्थलों में होने वाले शोषण के खिलाफ महिला पंचायतों में जाकर शिकायतें करने लगी हैं। ये सब यहां की काउंसलरों से सलाह लेने आती हैं कि किस तरह से इन्हें न्याय मिल सकता है। राजधानी के न्यू सीमापुरी की महिला पंचायत के प्रभारी फादर जॉर्ज बताते हैं कि महिला पंचायत में आने वाली महिलाओं को बताया जाता है कि उनके पास क्या-क्या कानूनी अधिकार हैं और हम कैसे काउंसलिंग, पुलिस और अदालतों के माध्यम से उनकी मदद कर सकते हैं।

अत्याचारों को देखा है।" जैसे-जैसे वह अपनी सिसकती कहानी सुना रही थी, उसकी आंखें नम होती जा रही थीं। पर वह अब अपने शराबी पति के साथ और रहने के लिए तैयार नहीं है। माधुरी राजधानी के एक औद्योगिक क्षेत्र में एक फैक्ट्री में नौकरी करती है। वह 18 हजार रुपये महीने कमाती है। उसे यह भी संतोष है कि उसके दोनों बच्चे स्कूल जाते हैं। महिला पंचायत में आने वाली औरतों को उनके अधिकारों से अवगत भी करवाया जाता है। जैसे कि भारतीय नागरिक प्रक्रिया संहिता के अनुसार किसी महिला आरोपी को शाम 6 बजे के बाद या सूर्योदय यानी सुबह 6 बजे से पहले गिरफ्तार नहीं किया जा सकता है। धारा 160 के अनुसार अगर किसी महिला से पूछताछ भी करनी है तो उसके लिए एक महिला कांस्टेबल या उस महिला के परिवार के सदस्यों की मौजूदगी होना जरूरी है।

किरण राजधानी की इस पहली महिला पंचायत में काउंसलर है। वह बताती है 'महिला पंचायत में आने वाली महिलाओं को बताया जाता है कि उनके पास क्या-क्या कानूनी अधिकार हैं और हम कैसे काउंसलिंग, पुलिस और अदालतों के माध्यम से उनकी मदद कर सकते हैं। " झारखंड की मूल निवासी रानी कुछ घरों में खाना पकाकर हर महीने करीब 20 हजार रुपये कमा लेती हैं। वह महिला पंचायत में इसलिए आई हैं, क्योंकि उसके इलाके का एक अवारा लड़का पिछले कई महीनों से उसका पीछा कर रहा है। रानी कहती है- "मैं जब अपने काम के लिए घर से बाहर निकलती हूं तो वह अपने स्कूटर से मेरा पीछा करता है। वह मुझसे शादी करने के लिए कहता है। मैं इस पागल आदमी से बहुत परेशान हूं। मेरे बार-बार डांटने के बावजूद भी वह नहीं बदल रहा है।" फादर सोलोमन जॉर्ज बताते हैं कि घनी और स्लम इलाकों में बहुत सारी महिलाओं को उन सिरफिरों से भी जूझना पड़ता है, जो उनके पीछे पड़ जाते हैं। वे औरतों को लगातार फोन करते हैं और अश्लील मैसेज भेजते हैं। इस कारण महिलाएं बुरी तरह से भयभीत हो जाती हैं। इस तरह की महिलाओं के लिए हम पुलिस से मदद मांगते हैं, पर अभी आधी दुनिया को अपने हक लेने के लिए बहुत संघर्ष करना होगा। अभी भी घरों के बाहर लगी नेमप्लेट में मां, बेटी और बहू के लिए जगह नहीं है।

हालांकि अब घर बनाने के लिए आमतौर पर पति-पत्नी मिलकर मेहनत करते हैं और फिर होम लोन ले लेते हैं। कहने को भले ही कहा जाता रहे कि हर सफल इंसान के पीछे किसी महिला की प्रेरणा होती है। ये बात अपने आप में सौ फीसद सही है। इस बारे में कोई बहस या विवाद नहीं हो सकता। सफल इंसान को जीवन में सफलता दिलाने में मां, बहन, पत्नी वगैरह का रोल रहता है, पर उन्हें घरों के बाहर लगी नेमप्लेट में जगह देने के बारे में सोचने वाले लोग बहुत कम ही हैं। एक प्रकार से मान लिया गया है कि नेमप्लेट में तो घर के पुरुष सदस्य का ही नाम होगा। कोई माने या न माने, पर नेम प्लेट में आधी दुनिया के लिए जगह नहीं है। हिंदी की दो प्रख्यात लेखिकाओं के घरों के बाहर लगी नेमप्लेट में भी उनका नाम नहीं है। वहां पर उनके क्रमशः कारोबारी तथा सरकारी अफसर पतियों के नाम ही नेमप्लेट पर चमक रहे थे। ये भी विडंबना ही है कि ये दोनों महिलाएं आधी दुनिया के पक्ष में निरंतर लिखती रही हैं, जो समाज नारी को देवी के रूप में पूजनीय मानता है वहां पर औरतों को उनके अपने घरों की नेम प्लेट से दूर रखा जाता है। यह शर्मनाक स्थिति है। अगर बात घर से बाहर की हो तो भी महिलाओं की मेरिट की अनदेखी होना सामान्य सी बात है। ये कोई बहुत पुरानी बात नहीं है कि जब हमारे यहां प्राइवेट कंपनियों के प्रमोटर अपनी पत्नियों, बेटियों, बहुओं वगैरह को ही बोर्ड रूम में रखकर सोचते थे कि उन्होंने बहुत बड़ी क्रांति कर दी है। इतना भर करके उन्हें लगता था कि उन्होंने नारी मुक्ति आंदोलन को गति दे दी। हालांकि अब स्थितियां बहुत सकारात्मक हो चुकी हैं। आधी दुनिया को कॉर्पोरेट जगत में हर एक पद मिल रहा है। ये उन पदों पर रहते हुए श्रेष्ठ काम करके दिखा रही हैं।

बहरहाल जैसे-जैसे हमारे यहां महिलाएं उद्यमी बनेंगी तो बोर्ड रूम में उनकी संख्या में भी बढ़ोत्तरी होती रहेगी। विश्व महिला दिवस को आधी दुनिया के हक में तमाम संकल्प लिए जाते हैं। इस बार भी लिए जाएंगे। अब भी कितने परिवार या पिता अपनी बेटियों को अपनी चल और अचल संपत्ति में पुत्रों के बराबर का हिस्सा देते है? बुरा न मानें, आपको दस फीसद परिवार भी नहीं मिलेंगे, जहां पर पुत्री को पिता या परिवार की अचल संपत्ति में हक मिला हो। भारतीय कानून पिता की पुश्तैनी संपत्ति में बेटी को भी बराबर हिस्से का अधिकार देता है। हिंदू उत्तराधिकार कानून 1956 में बेटी के लिए पिता की संपत्ति में किसी तरह के कानूनी अधिकार की बात नहीं कही गई थी। जबकि संयुक्त हिंदू परिवार होने की स्थिति में बेटी को जीविका की मांग करने का अधिकार दिया गया था। बाद में 9 सितंबर 2005 को इस क़ानून में संशोधन लाकर पिता की संपत्ति में बेटी को भी बेटे के बराबर अधिकार दिया गया। आधी आबादी घर और घर के बाहर कदम-कदम पर अन्याय का शिकार होती है। यह सब जानते हैं। अपने हिस्से का आसमान छूने वाली बेटी को अपने ही माता-पिता के घर में सही से न्याय नहीं मिल पाता।

प्रसंगवश

जो रचेगा, सो बचेगा

फेसबुक ने दो दिन पहले ही अपने मैसेंजर पर कुछ नया फीचर शुरू किया। चैट सेव करने के लिए पासवर्ड (कोड) बनाओ या फिर एक ही डिवाइस पर सेव करने का विकल्प चुनो और भी कुछ था। तकनीकी लफड़े पता नहीं क्या, लेकिन मुझे लगता है कि फेसबुक के पास चैट सेव करने के लिए जगह की कमी हो रही होगी।

पिछले दिनों फेसबुक और इंस्टाग्राम थोड़ी देर के लिए गड़बड़ा गए। गड़बड़ी के दौरान और बहाल होने के बाद हजारों लोगों ने इस बात पर अपने हिसाब से लिखा। चुटकुले बने, लेख लिखे गए। और न जाने क्या-क्या। बाद में पता चला कि इस घटना से मेटा के शेयर गिर गए। 100 मिलियन डॉलर की चपत लगी फेसबुक को। इत्ती रकम का हिसाब-किताब और तुलना भी करना बेफालतू का काम। मिलियन, विलियन डॉलर की जब बात आती है तो 'हमसे संबद्ध नहीं' कहकर बगलिया देते हैं। फेसबुक ने दो दिन पहले ही अपने मैसेंजर पर कुछ नया फीचर शुरू किया। चैट सेव करने के लिए पासवर्ड (कोड) बनाओ या फिर एक ही डिवाइस पर सेव करने का विकल्प चुनो और भी कुछ था।

तकनीकी लफड़े पता नहीं क्या, लेकिन मुझे लगता है कि फेसबुक के पास चैट सेव करने के लिए जगह की कमी हो रही होगी। तभी यह फीचर शुरू हुआ। जगह की कमी हर जगह हो रही है। आने वाले समय में डाटा से जुड़ी कंपनियों की बड़ी चुनौती अपने डाटा को बचाने की होगी। किसी तकनीकी गड़बड़ी से किसी का डाटा लीक हो जाएगा, किसी का खो जाएगा, किसी के यहां डाटा डकैती हो जाएगी। कभी राजे-महाराजे दूसरे देशों पर हमले करते थे जमीन पर कब्जा करने के लिए। आने वाले समय में डाटा पर कब्जे के लिए आक्रमण होंगे। ज्यादा डाटा कब्जे में रखने वाले 'डाटा सम्राट' कहलाएंगे।

अनूप शुक्ल
कानपुर

फेसबुक पर अपन पिछले लगभग 15 साल से हैं। तमाम लिखाई यहीं हुई। इसके पहले ब्लॉग पर लिखाई हुई छह साल। इसी में सबको इकट्ठा करके किताबें बनी। अभी भी कई किताबों का मसाला जमा है यहां। जब मन आएगा किताब बना लेंगे। कवर पेज लगा देंगे। लोग बधाई देंगे। कुछ लोग खरीद भी लेंगे। उनमें से भी कुछ लोग पढ़ भी लेंगे। कुछ लोग उनके बारे में लिखेंगे भी। किताबें तो जब लिखीं जाएंगी तब लिखी जाएंगी अभी तो बात फेसबुक की। मान लीजिए आज फेसबुक बंद हो जाए तो हमारा सारा लेखन खत्म हो जाएगा। दुनिया का कितना कूड़ा कम हो जाएगा। कुछ दिन हुड़केंगे, फिर शुरू हो जाएंगे। तमाम लोगों को लगता होगा कि आज फेसबुक बंद हो गया तो क्या होगा। मुझे लगता है कुछ नहीं होगा। फेसबुक बंद हो जाएगा तो कोई नया माध्यम आएगा। लोग उसमें डूबेंगे। फेसबुक में आने वाले विज्ञापन कहीं और खिसक जाएंगे। फेसबुक के हाल आजकल अखबार जैसे ही हो गए हैं। अखबार में आजकल विज्ञापन प्रधान हो गए हैं। शुरुआत से अंत तक विज्ञापन ही विज्ञापन। जगह बची तो खबर छिड़क दी गई।

विज्ञापनों की भरमार के चलते ही आमलोगों की पोस्ट, जो प्रायोजित नहीं हैं, कम दिखती हैं। भुगतान देकर छपने वाली खबरें विज्ञापन वीआईपी सीट पर आगे आते हैं। सामान्य पोस्ट पीछे की सीट पर। इन सामाजिक मीडियाओं की सेटिंग ऐसी कर दी गई होगी कि ऐसी पोस्टें ऊपर रहें जिनसे उनको फायदा हो। इसी कड़ी में और भी तमाम इंतजाम किए गए होंगे। इसलिए जिन लोगों को लगता है कि उनकी पोस्ट कम लोगों तक पहुंच रही है उनको यह भी समझना चाहिए कि कोई भी सुविधा मुफ्त नहीं रहती बहुत दिन तक। हर चीज की कीमत चुकानी पड़ती है। बड़े गणित के बहुत छोटे अंश हैं हम लोग। ज्यादा हलकान न हों, मस्त रहें। लिखते रहें, रचते रहें, जो रचेगा, सो बचेगा। माध्यम तो बदलते रहते हैं।

श्रीकांत वर्मा की कविता 'हवन' पढ़िए: चाहता तो बच सकता था/मगर कैसे बच सकता था/ जो बचेगा /कैसे रचेगा। पहले मैं झुलसा/ फिर धधका/चिटखने लगा/कराह सकता था/ मगर कैसे कराह सकता था/जो कराहेगा/ कैसे निबाहेगा/ न यह शहादत थी/न यह उत्सर्ग था /न यह आत्मपीड़न था/न यह सजा थी/ तब/क्या था यह / किसी के मत्थे मढ़ सकता था/ मगर कैसे मढ़ सकता था / जो मढ़ेगा कैसे गढ़ेगा।

कहीं आत्मघाती न हो जाए विपक्ष की बयानबाजी



राकेश शर्मा
अध्यक्ष, इंडियन न्यूज पेपर सोसाइटी, नई दिल्ली

ठीक है आपकी प्रभु राम में आस्था नहीं है, आप प्राण प्रतिष्ठा का बहिष्कार भी करने से नहीं चूके, लेकिन पूरे भारत राष्ट्र की प्रभु राम में आस्था है। उनकी आस्था और श्रद्धा को अपमानित कर आप लोकसभा में भाजपा और उनके सहयोगियों का चार सौ पार का संकल्प पूरा करने में मदद कर रहे हैं। राहुल तो आजकल कह रहे हैं कि जय श्रीराम का नारा तुम्हें भूखा मार देगा, कोई कह रहा है राम लहर कहां हैं नजर नहीं आ रही, कोई श्री राम का अस्तित्व ही नकार रहा है।

विपक्ष ने लगता है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से नफरत में राजनैतिक आत्महत्या का तय करके 2024 में चार सौ लोकसभा सीटों का उपहार उन्हें देने का संकल्प ले लिया है। ऐसा लगने लगा है कि जनता ही नहीं पूरा विपक्ष भी अब भाजपा और सहयोगियों को एक बार फिर से सरकार बनाने में मदद करने का फैसला कर चुका है।

राहुल तो कैम्ब्रिज में एक वर्ष पहले ही कह आए थे कि भारत राष्ट्र है ही नहीं यह तो राज्यों का समूह है। अब यही बात इंडी के एक महत्वपूर्ण दल डीएमके के वरिष्ठ नेता ए राजा ने कह दी कि भारत उपमहाद्वीप में भारत का हर राज्य एक राष्ट्र है, क्योंकि हर राज्य की भाषा अलग है। राजा ने राष्ट्र विरोधी टिप्पणी की है। आपको याद होगा कि 2016 में जेएनयू में जब कन्हैया कुमार (जो अब कांग्रेस के बड़े पदाधिकारी हैं) के नेतृत्व में नारे लगे थे कि भारत तेरे टुकड़े होंगे, इंशा अल्लाह इंशा अल्लाह और इन नारों के अगले दिन सुबह राहुल गांधी, अरविंद केजरीवाल और वाम के सभी दल इन नारों के समर्थन में जेएनयू पहुंच गए थे। इससे एक बात साबित होती है कि भारत को तोड़ने की साजिश अनायास ही नहीं हो रही है।

यह विपक्ष द्वारा अपनी लगातार हो रही हार की खीज मिटाने का राष्ट्र विरोधी षड्यंत्र का एक बड़ा हिस्सा लगता है। सरकार को और सर्वोच्च न्यायालय को इसका स्वयं संज्ञान लेकर ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करनी चाहिए, क्योंकि यह बोलने लिखने की आजादी का दुरुपयोग है। इस भाव को यहीं कुचलना होगा। उधर भगवान राम को अपशब्द कहने की पूरे विपक्ष में एक होड़ सी लग गई है। लगता है विपक्ष के बीच गालियां देने की प्रतियोगिता चल रही हों और हर कोई प्रथम आना चाहता है।

ठीक है आपकी प्रभु राम में आस्था नहीं है, आप प्राण प्रतिष्ठा का बहिष्कार भी करने से नहीं चूके, लेकिन पूरे भारत राष्ट्र की प्रभु राम में आस्था है। उनकी आस्था और श्रद्धा को अपमानित कर आप लोकसभा में भाजपा और उनके सहयोगियों का चार सौ पार का संकल्प पूरा करने में मदद कर रहे हैं। राहुल तो आजकल कह रहे हैं कि जय श्रीराम का नारा तुम्हें भूखा मार देगा, कोई कह रहा है राम लहर कहां हैं नजर नहीं आ रही, कोई श्री राम का अस्तित्व ही नकार रहा है।

रामायण की चौपाई में ठीक लिखा है कि "जाको प्रभु दारुण दुख देई, ताकि मति पहले हर लेई"। उधर भ्रष्टाचार में सजा काट चुके और बहुत से भ्रष्टाचार के आरोपों में आरोपित लालू यादव भी फिर से सक्रिय लगने लगे हैं, वैसे तो बीमारी का बहाना करते हैं, लेकिन मोदी को भला बुरा कहने के लिए पूर्ण स्वस्थ हो जाते हैं। दुर्भावना, हताशा की ऊर्जा से ओतप्रोत कुछ भी कहकर पूरे विपक्ष को मुसीबत में डाल देते हैं। गठबंधन के अधर्म का पालन करते कोई गठबंधन का साथी उनकी बेफजूल की बातों का विरोध भी नहीं करता है। उन्होंने कहा कि हिंदू हृदय सम्राट मोदी, हिंदू हैं ही नहीं क्योंकि अपनी मां के दिवंगत होने पर उन्होंने दाढ़ी और सिर के बाल नहीं मुंडवाए। इसके अलावा उन्होंने यह भी कहा कि मोदी के बच्चे क्यों नहीं हैं, उनका परिवार क्यों नहीं है? हद कर दी लालू ने। खैर मोदी हर विपरीत परिस्थिति को पलटना जानते हैं और उनके आह्वान पर पूरा भारत कह रहा है "मैं हूं मोदी का परिवार"। इसे कहते हैं कुल्हाड़ी पर पांव मारना।

एक तरफ़ जहां मोदी हर दिन राष्ट्र को हर तरह विकसित और मजबूत बनाने में लगे हैं, वहीं दूसरी और कुत्सित विपक्ष लगातार मोदी को हराने, हटाने के कुटिल प्रयास कर रहा है। अब इसमें देखना क्या है निश्चित है विजय सकारात्मक सोच के मोदी की ही होनी है।

सोशल फोरम

पूर्णता का दिन है महाशिवरात्रि

वो जिसने देवता ही क्यों, बल्कि राक्षसों का भी ख्याल किया। सबको बराबर की मोहब्बत दी। उन सबके हिस्सों का जहर खुद पी लिया। वो जिनको मानने में देवता, इंसान, जानवर, राक्षस, संत सब हैं। आप सबको शिव त्रिशूल में दिखते होंगे। हमें तो हर कोमल हृदय में शिव दिखते हैं जिनको सबके जज्बात का एहसास था, जो बिना किसी चालाकी के सबके अपने थे। हर एक की पहुंच में थे। पाप पुण्य के ऊपर, वही तो शिव थे। शिव की तीसरी आंख से पहले कोमल दिल को देखो। आंख तो एक झटके में दिख जाएगी, मगर विशाल विराट बदन में दिल, तब दिखेगा, जब दिल से देखोगे। मासूमियत तब दिखेगी जब दिल में शिव के लिए सच्ची मोहब्बत होगी। उनके कुछ मानने वाले जहर उगल सकते हैं, मगर उनसे मोहब्बत करने वाले जहर खुद पीते हैं।

हफीज किदवई
लेखक

इंसानियत की खुशी के लिए हम जहर पी लें तभी तो हम शिव के हैं और शिव हमारे हैं। बिना फर्क किए सबको गले लगाए तभी तो आप में शिव होंगे। मैं पलट कर देखता हूं तो सर झुक जाता है कि शिव का दिल कितना बड़ा और मासूम था। कौन नहीं था जो शिव तक आसानी से पहुंच जाता था, किसे आखिर शिव हासिल नहीं थे। उनको पाने में न कोई शर्त, न बंधन नियम वे तो सबके हैं। नीलकंठ में मौजूद बर्फ सा सफेद रंग का ठहराव ऊपर से चेहरे पर दूर तक बिखरी मुस्कान, अपने आप में सारा संसार लपेटे हुए। पत्नी पार्वती को अपने बराबर बैठाकर औरत के बराबरी के दर्जे की हिमायत करते शिव आखिर क्यों नहीं दिखते? प्रकृति के हर सजीव में कोई विभेद किए बिना वोह सबके हैं। शिव त्याग हैं, तपस्या हैं, तप हैं, प्रताप हैं, सरल हैं, साधारण हैं, भोले हैं। यह भोलापन ही तो मानवता के लिए वरदान है जिसके अंदर से भोलापन खत्म होता है, वह उतना ही शिवत्व से दूर होते-होते कठोर हृदय का स्वामी बनता जाता है। जहां से गलत रास्ते की शुरुआत होती है। महाशिवरात्रि पूर्णता का दिन है। अर्धनारीश्वर बनने का दिवस, दुनिया को सबसे सफल प्रेम का साक्षात्कार कराने का दिन है। शिव-पार्वती जैसे आशीर्वाद का दिन है, यह निर्माण और विस्तार का दिन है।

-फेसबुक वॉल से

स्वास्थ्य क्षेत्र में पुरुषों के मुकाबले महिलाओं की स्थिति सोचनीय

डा. श्रीधर द्विवेदी
वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ, नेशनल हार्ट इंस्टिट्यूट, नई दिल्ली

यद्यपि ये बातें अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन ने वर्ष 2022 में अपने नागरिकों के संदर्भ में प्रकाशित-सुप्रचारित की हैं, परंतु वास्तविकता में ये निर्देश समस्त विश्व के लिए खरे उतरते हैं।

प्रति वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के माध्यम से हम नारी समाज के उत्थान के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सामूहिक विमर्श करते हैं, ठोस प्रयास और भविष्य की योजनाएं बनाते हैं। इस संपूर्ण विमर्श में महिलाओं के स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में विशेष चर्चा होती है। विगत दस वर्षों में महिलाओं की दशा में अभूतपूर्व सुधार हुआ है और अब किशोरियों, युवतियों और नारियों का योगदान निरंतर उत्कृष्टता की तरफ अग्रसर है। इन महत्वपूर्ण उपलब्धियों के बावजूद शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्रों अपेक्षित सुधारों की नितांत आवश्यकता है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में महिलाओं की स्थिति पुरुषों की अपेक्षा अधिक सोचनीय है। सर्वप्रथम हम भारतीय महिलाओं (इसमें किशोरियां भी सम्मिलित है) में पाई जाने वाली कुछ प्रमुख स्वास्थ्य समस्याओं का उल्लेख कर लें : मोटापा, डायबिटीज, उच्चरक्तचाप (हाइपरटेंशन), हृदयाघात (हार्टअटैक), रुमैटिक हृदय रोग, विविध कैंसर-स्तन, योनि, गर्भाशय, घुटनों की कमजोरी और थायरॉयड की अक्षमता।

अच्छी सेहत के लिए महिलाओं की जीवनशैली में निम्न सुधार आवश्यक हैं। प्रतिदिन आधे घंटे सैर-व्यायाम, योग-ध्यान, मोटापा स्त्रियों के लिए बहुत दुखदायी होता है। अनेक स्वास्थ्य समस्याओं को जन्म देता है। जैसे यकृत में चिकनाई की मोटी परत का जमना (नैश), ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल की अधिकता, हृदयाघात, पक्षाघात, सांस की समस्या, खर्राटा मारना, घुटनों में सूजन, नाभि की हर्निया आदि अनेक व्याधियां। इसलिए चिकित्सक अक्सर कहते हैं-मोटापा दिल के लिए समस्या। अपने कोलेस्ट्रॉल स्तर का ज्ञान-कोलेस्ट्रॉल 150 से कम होना जरूरी है। 'अधिक कोलेस्ट्रॉल दिल के लिए काल'। न तम्बाकू न धूम्रपान, यदि महिलाएं धूम्रपान या तंबाकू मिश्रित पदार्थ का सेवन करती हैं तो प्रकृति प्रदत्त हृदय रोगों से सुरक्षा का कवच उनसे छिन जाता है। ऐसी महिलाओं को कम उम्र में दिल का दौरा पड़ता देखा गया है।

अब यह बात निर्विवाद रूप से सिद्ध हो गई है कि शाकाहार सर्वश्रेष्ठ भोजन है। 'शाकाहार सर्वोत्तम आहार'। इसके विपरीति 'मांसाहार अनेक दोष, हृदय कैंसर जैव कुदोष। मांसाहार विशेषतः लाल मांस खाने से दिल के दौरे की संभावना, बड़ी आंत का कैंसर तथा जैव विविधता (बायोडाइवर्सिटी) पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। अब इस बात की साधिकारिक पुष्टि विश्व स्वास्थ्य संगठन, विकृति विज्ञानी और सिंगापुर विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा किए गए शोध से प्रमाणित हो गई है। स्वास्थ्य की दृष्टि से शाकाहार सर्वोत्तम आहार है। अपने रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) को सुचाप अर्थात् सामान्य श्रेणी में रखना चाहिए। सामान्य ब्लड प्रेशर 120/80 माना जाता है। उच्च रक्तचाप अचानक मृत्यु, हृदयाघात, पक्षाघात, नेत्राघात, गुर्दे पर चोट, यकृत आघात का कारण बन सकता है। अधिक रक्त शर्करा डायबिटीज का द्योतक होती है और अनेक प्रकार के रोगों की जननी कही गई है। इसीलिए चिकित्सक अक्सर कहते हैं-'अधिक शक्कर दिल के लिए आफत'। अधिक शुगर का मतलब अधिक इंफेक्शन। महिलाओं में डायबिटीज के चलते पेशाब और योनि मार्ग में अक्सर संक्रमण और सूजन। यद्यपि ये बातें अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन ने वर्ष 2022 में अपने नागरिकों के संदर्भ में प्रकाशित-सुप्रचारित की हैं, परंतु वास्तविकता में ये निर्देश समस्त विश्व के लिए खरे उतरते हैं।

वर्ष 2024 में उपर्युक्त दिशा-निर्देशों से मिलते-जुलते एक और शोध अध्ययन अमेरिकन जर्नल ऑफ न्यूट्रीशन प्रकाशित हुआ है जिसके अनुसार 40 वर्ष के बाद नियमित शारीरिक व्यायाम, धूम्रपान निषेध, शाकाहार, शराब से परहेज, 7-8 घंटे की अच्छी नींद और बात-व्यवहार में सकारात्मकता व्यक्ति की मृत्यु दर में कमी तथा आयु में वृद्धि और सुस्वास्थ्य को जन्म देती है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इन्हीं को हमारे प्राचीन ग्रंथ श्रीमद्भगवद्गीता में स्वयं योगेश्वर कृष्ण कहते हैं: युक्ताहार विहारस्य युक्त चेष्टस्य कर्मसु। युक्तस्वप्नावबोधस्य योगो भवति दुःखह।। अर्थात हम उपयुक्त भोजन (शाकाहार), समुचित व्यायाम, सम्यक कर्तव्य पालन, समय से सोने और समय पर जगकर हम रोगमुक्त रह सकते हैं। सभी प्रकार के दुखों से दूर रह सकते हैं। यही योग है। इन पंक्तियों के लेखक के पास अपने लंबे चिकित्सकीय अनुभव में ऐसे दर्जनों प्रसंग हैं, जहां लोगों ने शाकाहार, योग और सकारात्मक/आध्यात्मिक जीवन शैली के बल पर लंबी आयु पाई और लंबी बीमारियों से अपेक्षाकृत रूप से बचे रहें।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर हम संपूर्ण मातृशक्ति और तरुणी-बालाओं से आग्रह करते हैं कि वे प्रतिदिन अपने स्वास्थ्य के लिए कम से कम आधा घंटा अवश्य निकालें। योग-व्यायाम करें, परम सत्ता का ध्यान करें, खान-पान, बात-व्यवहार में सात्विकता-सकारात्मकता बनाएं रखें जिससे शरीर रूपी हमारा मंदिर साफ सुथरा, स्वस्थ-निरामय बना रहे। आखिर तंदरुस्ती ठीक रहेगी तभी तो हम धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष को प्राप्त कर सकेंगे।

एक नजर

रोहित कुमार बने खो-खो संघ के मंडल कोऑर्डिनेटर

मुरादाबाद, अमृत विचार : जिला खो खो संघ के अध्यक्ष रोहित कुमार अब नई जिम्मेदारी में दिखाई देंगे। उन्हें खो-खो संघ का मंडल कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया गया है। इससे संघ के सदस्यों में खुशी है। उन्होंने रोहित कुमार को नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं दी। उत्तर प्रदेश खो-खो संघ की कार्यकारिणी ने जिला खो-खो संघ मुरादाबाद के अध्यक्ष रोहित कुमार को मंडल का कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया है। इस उपलब्धि पर जिला खो खो संघ के सचिव पंकज कुमार द्विवेदी, उपाध्यक्ष विपिन जखमोला, कोषाध्यक्ष देवेंद्र राणा, सचिन नैनवाल, विपिन, विक्रम सिंह, संदीप डबराल, विजेंद्र सिंह आदि ने शुभकामनाएं दी। नवनियुक्त कॉर्डिनेटर ने कहा कि प्रदेश संघ द्वारा जो जिम्मेदारी दी गई है उसको निष्ठा के साथ निभाएंगे।

मारपीट की घटना के डेढ़ साल बाद दर्ज कराई एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ पड़ोसी ने पुराने विवाद में दूसरे पक्ष पर दर्ज कराई थी रिपोर्ट

अमृत विचार: माझरा लाकड़ी के निवासी सुंदर पाल और इनके पड़ोसी जगदीश के बेटों के बीच डेढ़ साल पुराना विवाद अभी भी चला आ रहा है। इस मामले में एक पक्ष ने कई महीने पहले अपने पड़ोसी को आरोपी बनाकर मझोला थाने में मारपीट और विवाद करने के आरोप में मामला दर्ज कराया था और अब दूसरे पक्ष के सुंदरपाल के बेटे ने जगदीश के दो बेटों के विरुद्ध मारपीट और झगड़ा करने के आरोप में मामला दर्ज कराया है।

यह एफआईआर अमन कुमार पुत्र सुंदरपाल ने गुरुवार को थाने में दर्ज कराई है। चूंकि, इन दोनों पड़ोसियों, सुंदरपाल और जगदीश के बेटों के बीच मारपीट 25 अक्टूबर 2022 को रात के 11 बजे हुई थी। इस संबंधित मामले में लंबे समय बाद एफआईआर दर्ज कराने का कारण वादी अमन कुमार के पिता सुंदर पाल ने बताया कि विरोधी पक्ष भी उनके विरुद्ध मारपीट करने के आरोप में मामला दर्ज करा चुका है। इसमें वह और उनके बेटे विशाल, अमन, गौरव व अशोक नामजद हैं। विरोधी पक्ष सुलह-समझौता करने को तैयार नहीं है। इसलिए उन्होंने भी जगदीश के दो बेटों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है। अमन ने पुलिस को बताया है कि 25 अक्टूबर 2022 को पड़ोसी अनिकेत उर्फ मिथुन व उसका भाई विनीत निवासी माझरा लाकड़ी ने उनके भाई विशाल के साथ गाली-गलौज की थी। विरोध करने पर उसके भाई को इन लोगों ने मारापीटा था। बीच-बचाव में आए भाई गौरव को भी बहुत मारा था। जिसमें घायल हुए विशाल व गौरव को जिला अस्पताल में ले जाकर उनका मेडिकल कराया गया था।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर लोदीपुर स्टेशन को बनाया पिंक स्टेशन, मंडल रेल प्रबंधक भी पहुंचे

महिला स्टाफ के हाथ में रही ट्रेन और स्टेशन की कमान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शुक्रवार को रेलवे स्टेशन और ट्रेन महिलाओं के हवाले रही। मंडल के लोदीपुर रेलवे स्टेशन को पिंक स्टेशन बनाया गया। इसके अलावा स्टेशन पर कामकाज महिला रेल स्टाफ ने संभाला। वहीं मुरादाबाद से गजरौला तक महिला स्पेशल ट्रेन भी चलाई गई। स्टेशन मास्टर सुनीता चौहान ने हरी झंडी दिखाकर स्पेशल ट्रेन को रवाना किया। ट्रेन में लोको पायलट, गार्ड से लेकर टिकट चेकिंग व जीआरपी-आरपीएफ का महिला रेल स्टाफ के हवाले रही। डीआरएम ने स्पेशल ट्रेन से पहले सभी महिला कर्मियों को महिला दिवस की बधाई दी और इसी ट्रेन से लोदीपुर स्टेशन पहुंचे। पिक स्टेशन का डीआरएम समेत रेल अधिकारियों ने कामकाज देखा।

महिला दिवस पर ट्रेन का संचालन करतीं महिला स्टाफ। ● अमृत विचार

महिला दिवस महिला रेलवे स्टाफ के लिए बेहद खास रहा। सबसे पहले मुरादाबाद से महिला स्पेशल ट्रेन संचालित की गई। बाद में लोदीपुर स्टेशन को पिंक घोषित किया गया। मुरादाबाद रेल प्रशासन ने गुरुवार को ही महिला दिवस मनाने की तैयारी कर ली थी। महिला स्पेशल ट्रेन के लिए अलीगढ़ से नजीबाबाद पैसेंजर ट्रेन (04393) का चयन किया गया। जिसके चलते सुबह ही स्पेशल ट्रेन को महिला टीम को सौंपने की तैयारी कर ली गई। एक घंटे की देरी से आई ट्रेन को लगभग 10:30 बजे रवाना किया गया। ट्रेन की कमान लोको पायलट संगीता चौधरी, एएलपी भावना सिंह व गार्ड कल्पना ने संभाली। स्टेशन मास्टर सुनीता चौहान ने हरी झंडी दिखाकर स्पेशल ट्रेन को रवाना किया।

टिकट चेकिंग स्टाफ में कंचन, शशि, प्रीति के अलावा जीआरपी व आरपीएफ के महिला स्टाफ मौजूद रहा। इस दौरान डीआरएम राज कुमार सिंह, सीनियर डीसीएम फ्रेट रिचा शर्मा, सीनियर डीओएम आशीष सिंह, एसीएम विशाल शर्मा, सीएमआई जेके ठाकुर, सीआईटी विजयंत शर्मा, एसके सिंहा, डिप्टी एसएस कुंवर सिंह नौटियाल, सीबीएस हरिओम, सीपीएस मंजू बाला समेत अन्य स्टाफ शामिल रहा।

घर-घर जाकर महिलाओं का नेत्र परीक्षण किया

मुरादाबाद, अमृत विचार : सीएल गुप्ता नेत्र संस्थान द्वारा 1 से 8 मार्च तक 'नारी सशक्तिकरण सप्ताह' के रूप में मनाया गया। जोवा प्रोजेक्ट के अंतर्गत कार्यक्रम हुआ। हेल्थ वर्कर्स ने घर-घर जाकर महिलाओं का निशुल्क नेत्र परीक्षण किया। मरीजों को सर्जरी के साथ निशुल्क चश्मे भी वितरित किए गए। मुरादाबाद, संभल, बिजनौर आदि में 5000 से अधिक महिलाओं का नेत्र परीक्षण किया गया। वाइस चेयरपर्सन डॉ. आशी खुराना, सत्य प्रकाश व उनकी टीम मौजूद रही।

कांठ रोड पर सड़क निर्माण कार्य में खंभे बने बाधा

बिजली विभाग को खंभे लगाने के लिए नहीं मिल रही जगह, गड्ढों व जाम के कारण हो रही परेशानी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत मुरादाबाद-हरिद्वार स्टेट हाईवे के कांठ रोड पर सड़क का निर्माण कार्य बिजली विभाग और लोक निर्माण विभाग के बीच उलझ गया है। पिछले महीने से दोनों विभाग बिजली के खंभे लगाने के लिए जगह तलाश नहीं कर पाए हैं। वहीं सड़क पर दो से तीन फीट लंबे और गहरे गड्ढे यात्रियों व स्थानीय दोपहिया व चारपहिया चालकों के लिए परेशानी का सबब बन चुके हैं। लोक निर्माण विभाग के जेई विशाल आजाद के अनुसार निगम का नाला निर्माण बिजली विभाग के खंभों के कारण रुका है।

पांच महीने में स्टेट हाईवे के कांठ रोड की हालत बद से बदतर हो चुकी है। मुरादाबाद- हरिद्वार स्टेट हाईवे के निर्माण कार्य में जिले के तीन विभाग बिजली विभाग, नगर निगम और लोक निर्माण विभाग स्मार्ट सिटी परियोजना में कार्य कर रहे हैं। लेकिन कोई भी कार्य पूरा नहीं हो सका है। लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क चौड़ीकरण को लेकर नपाई के बाद निशान लगाकर स्मार्ट सिटी के एंगल लगाए गए थे। इसके बाद सड़क से बिजली विभाग को अपने खंभों को हटाकर एंगल के पीछे लगाने थे, लेकिन स्मार्ट सिटी के बिजली विभाग के नोडल अधिकारी सुधाकर का कहना है कि एंगल के पीछे खंभे लगाने के जगह नहीं है। इसलिए अभी भी खंभे नहीं हटाए जा सके हैं। उन्होंने बताया कि इसके लिए पहले लोक निर्माण विभाग से एंगल के पीछे बनी दुकानों की नपाई कराई जाएगी जिसके बाद खंभों को लगाना आसान होगा। दोनों विभागों के बीच सामंजस्य न बैठने के कारण स्टेट हाईवे पर मात्र 600 मीटर निर्माण कार्य पिछले 5 महीने से फंसा है। हालांकि लोक निर्माण विभाग के जेई विशाल आजाद का कहना कि हमारी ओर से पूरी तैयारी है। बिजली विभाग खंभे हटाए और नगर निगम का नाला निर्माण पूरा होने के बाद 24 घंटे में सड़क की एक साइड का निर्माण करा दिया जाएगा। दोनों विभाग के बीच की लड़ाई में फंसे सड़क निर्माण से स्थानीय लोगों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं बाहर से आने वाले यात्रियों के वाहन, एम्बुलेंस, स्कूल बस व रोजमर्रा के लिए निकलने वाले वाहन घंटों जाम फंसे रहते हैं।



कांठ रोड हरथला में नहीं हटे बिजली के खंभे। ● अमृत विचार

टूटी सड़क से गुजरते वाहन चालक। ● अमृत विचार

स्थानीय लोगों को हो रही परेशानी

मुरादाबाद, अमृत विचार : कांठ रोड हरथला में स्टेट हाइवे के किनारे ढाबे से लेकर कपड़ा, जूता-चप्पल और सर्राफा व्यापारी परेशान है। साथ ही सड़क किनारे ठेला लगाने वालों का कामकाज भी ठप पड़ा है। इसको लेकर व्यापारी कई बार नगर आयुक्त से भी मिले हैं, लेकिन सुनवाई नहीं हुई है। साथ ही स्थानीय निवासियों को अपने वाहन आदि अपने घर में खड़े में करने परेशानियां आ रही हैं। लोगों को अपने चार पहिया वाहन खड़ा करने के लिए गैराज किराए पर लेने पड़ गए हैं। साथ ही घरों से निकलने वाला पानी सड़कों पर बहता रहता है। जिससे आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

सड़क चौड़ीकरण और नाला निर्माण में सुस्ती से कारोबार हो रहा प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: कांठ रोड के चौड़ीकरण और नाला निर्माण कार्य में सुस्ती से व्यापारियों का कारोबार प्रभावित हो रहा है। इसके अलावा अतिक्रमण हटाने के कारण यातायात भी प्रभावित हो रहा है। यहां हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है।

महानगर के कांठ रोड पर हरथला बाजार में पिछले काफी समय से सड़क चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। जिसमें हरथला के सभी दुकानदारों को अपनी दुकानों को तोड़ना पड़ा था। जिसके बाद दुकानें काफी छोटी हो गई है। अब कुछ समय पहले नाला निर्माण का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। यहां के दुकानदारों का कहना है कि जब से यह निर्माण कार्य शुरू हुआ है, तभी से कारोबार बुरी तरह से प्रभावित है। पहले के मुकाबले काम आधा भी नहीं रहा। दुकानदारों का कहना है कि चौड़ीकरण और नाला निर्माण कार्य के चलते ग्राहक दुकान पर नहीं आ पाते हैं। आए दिन टूटी सड़कों पर हादसे होते रहते हैं। लेकिन, प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा। दुकानदारों का कहना है कि दिन में कई बार रोड पर जाम लग जाता है। तोड़फोड़ के कारण पूरे दिन धूल उड़ती रहती है। जिससे हमारा कारोबार भी प्रभावित हो रहा है।

पिछले छह महीने से काम पूरी तरह से प्रभावित है। जिससे लाखों का नुकसान हुआ है। चौड़ीकरण व नाला निर्माण का कार्य अच्छा है, लेकिन तेज गति से काम नहीं हो रहा है। तोड़फोड़ के चलते दुकान पर ग्राहक आते ही नहीं हैं।

–**संजीव अरोड़ा**, दुकानदार

इस काम से आए दिन हादसे होते हैं। पूरे दिन धूल उड़ती रहती है। जिससे ग्राहक नहीं आते हैं। हमारी प्रशासन से मांग है कि जल्द से जल्द इस निर्माण को पूरा कराया जाएगा।

–**मोहम्मद तनजीम**, दुकानदार

जो भी कार्य हो रहा है, उससे आने वाले समय में काफी राहत मिलेगी। लेकिन, काम की गति काफी कम है। जिससे दुकानदारी पर काफी असर पड़ रहा है। कई दिन तो मजदूर ही नहीं आते हैं। यह कार्य जल्द पूरा होना चाहिए।

–**अंश**, दुकानदार

ईद की खरीदारी पर पड़ेगा असर

मुरादाबाद, अमृत विचार : हरथला बाजार में रेडीमेड कपड़े, जूते, ज्वैलरी, कॉस्मेटिक व अन्य सामान की दुकानें हैं। दुकानदारों का कहना है कि सड़क चौड़ीकरण व नाला निर्माण कार्य के चलते पिछले छह महीने से सभी दुकानदारों का काम लगभग ठप पड़ा है। अब रमजान का महीना भी शुरू होने वाला है। जिसमें लोग ईद की खरीदारी करते हैं। दुकानदारों का कहना है कि अगर रमजान तक यहीं हालात रहे तो ईद की खरीदारी पर काफी असर पड़ेगा, जिससे दुकानदारों को भारी नुकसान होगा।

रेलवे स्टेशन के बाहर चुनाव के लिए आ रहे सुरक्षा बलों के लिए खड़ी रोडवेज की बसें। ● अमृत विचार

नशे की 600 गोलियों के साथ युवक गिरफ्तार

मुरादाबाद, अमृत विचार : मूंढापांडे थाना पुलिस ने गुरुवार रात में गश्त के दौरान युवक को नशे की गोलियों के साथ गिरफ्तार किया है। इसका नाम रिजवान पुत्र असलम है। यह रामपुर जिले के थाना सिविल लाइन क्षेत्र में शादी की मड़ैया का रहने वाला है। दरोगा विजय पाठक ने बताया कि वह टीम के साथ गुरुवार रात 9.47 बजे के दौरान टोल प्लाजा नियामतपुर इकरोटिया पर थे। यहां पता चला कि एक व्यक्ति सिरसखेड़ा जाने वाले मार्ग पर राइस मिल के पास संदिग्ध अवस्था में खड़ा है। पुलिस को देखकर संदिग्ध भागने लगा। जिसे दौड़ाकर पकड़ा गया। तलाशी में उससे 10-10 गोलियों के कुल 60 पत्ते बरामद किए। ये नशे की गोलियां थीं। आरोपी ने अपना नाम रिजवान बताया। इसके विरुद्ध उन्होंने एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कराकर उसे जेल भेजा है।

आज 256 जोड़े लेंगे फेरे, 283 का होगा निकाह

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ 539 जोड़ों के वैवाहिक समारोह में 10,000 लोगों के खाने का किया गया प्रबंध

अमृत विचार: गरीब माता-पिता की बेटियों के हाथ पीले करने की मंशा से चलाई गई मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह योजना के अन्तर्गत 800 से अधिक आवेदन आए थे। समाज कल्याण ने सत्यापन के बाद 539 आवेदन स्वीकार किए हैं। हालांकि सरकार का 555 जोड़ों की शादी कराने का लक्ष्य था। लेकिन सत्यापन के दौरान कुछ आवेदन फर्जी पाए गए और कुछ के प्रमाण पत्र विभाग की वेबसाइट पर अपलोड नहीं हो पाए। विभाग की ओर से शनिवार की सुबह होने वाले वैवाहिक समारोह के पंडाल से लेकर दान-दहेज और खाने पीने की तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं।

समाज कल्याण विभाग की ओर से दिल्ली रोड पर सर्किट हाउस के पीछे मैदान में सामूहिक विवाह समारोह में 539 जोड़ों की शादी की रस्म पूरी की जाएंगी। इसमें 256 हवन कुंड बनाए गए हैं जिसमें अग्नि को साक्षी मानकर जोड़े एक-दूसरे के साथ सात फेरे लेंगे। तो वहीं कलाम-ए- की पाक की आयतों के साथ 283 दूल्हा-दुल्हन एक-दूसरे को कबूल करेंगे। इसके लिए विभाग की ओर से 20 पंडित जिसमें 5 मुख्य पंडित और 12 मौलवी की व्यवस्था की गई है। सरकार की ओर से विवाह समारोह की वीडियो-फोटोग्राफी, दुल्हन के मेकअप से लेकर घरेलू जरूरत के सामान के अलावा दुल्हन के खाते में 35 हजार रुपये दिए जाएंगे।

जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र गौतम ने बताया कि पंडाल में ढोल, शहनाई आदि के साथ दूल्हा-दुल्हन की ओर से आने वाले 10-10 परिजनों समेत 10 हजार लोगों के खाने की व्यवस्था भी की गई है। उन्होंने बताया कि दूल्हा-दुल्हन के साथ आने वाले परिजनों के लिए पास जारी किए गए हैं। कार्यक्रम जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण के परियोजना निदेशक सतीश प्रसाद मिश्रा के अलावा जिले कई जन प्रतिनिधि भी वर-वधू को आशीर्वाद देने के लिए मौजूद रहेंगे।

समारोह स्थल पर तैयारी का जायजा लेते जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र गौतम।

पहल एल्युमिनियम के बर्तनों में पके भोजन से होने वाले दुष्प्रभावों से बचने को शासन ने उठाया कदम

अब विद्यालयों में स्टील के बर्तनों में बनेगा खाना

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: परिषदीय विद्यालय में अब भोजन पकाने वाले बर्तनों में परिवर्तन किया जाएगा। जी हां, अब विद्यालयों में मध्याह्न भोजन स्टील के बर्तनों में पकाया जाएगा। एल्युमिनियम के बर्तनों में पके भोजन से होने वाले दुष्प्रभावों से बचने के लिए शासन ने यह कदम उठाया है। मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण की निदेशक के निर्देश पर बेसिक शिक्षा विभाग नए बर्तन खरीदने में जुट गया है।

जनपद में बेसिक शिक्षा विभाग से संबंधित 1401 विद्यालय हैं। इनमें प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालय शामिल हैं। शिक्षा विभाग बच्चों की पढ़ाई के साथ इनकी सेहत का भी ख्याल रखने में लगा है। इसके लिए विभाग ने एक और कदम उठाया है। बता दे कि मिड डे मील (एमडीएम) के तहत बनने वाले खाना का प्रतिदिन मैन्यू निर्धारित है। उसके हिसाब से ही प्रतिदिन भोजन दिया जाता है। फिलहाल स्कूलों में मध्यान्ह भोजन पकाने में एल्युमीनियम के बर्तन का प्रयोग किया जा रहा है। लेकिन, एल्युमीनियम से सेहत को खतरा हो सकता है। इसलिए अब विद्यालयों में स्टील के बर्तनों में खाना पकाया जाएगा। विशेषज्ञों का कहना है कि भोजन पकाने में कोटिंग रहित एल्युमीनियम के बर्तनों का प्रयोग किए जाने में भोजन में एल्युमीनियम की लीचिंग का खतरा बना रहता है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी हानिकारक प्रभाव हो सकते हैं। एल्युमीनियम की लीचिंग भोजन पकाने के तापमान, भोजन पकाने के माध्यम व अन्य कारणों पर निर्भर करती है। योजना के तहत भोजन पकाने में एल्युमीनियम के बर्तनों का प्रयोग कम से कम उपयोग करने का सुझाव दिया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार ने खंड शिक्षाधिकारियों को निर्देशित किया है कि एल्युमीनियम के बर्तनों का कम से कम उपयोग किया जाए। इसके अलावा भविष्य में बर्तनों की खरीद में स्टेनलेस स्टील के बर्तनों को वरीयता दी जाए।

दिव्यांग बच्चे आसानी से सीखेंगे गणित व भाषा

मुरादाबाद, अमृत विचार : दिव्यांग बच्चों की शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए प्रदेश सरकार प्रयासरत है। अब कक्षा एक से 8 तक के दिव्यांग बच्चों को सुगम्य वर्कशीट्स उपलब्ध कराई जा रही हैं। मुरादाबाद के लिए 3,171 वर्कशीट का अनुमोदन किया है। राज्य परियोजना कार्यालय ने बीएसए व बीईओ को वर्कशीट के वितरण की प्रगति अख्या को 10 मार्च तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। सुगम्य वर्कशीट्स विभिन्न प्रकार की दिव्यांगता से प्रभावित बच्चों की जरूरत के हिसाब से दी जा रही हैं। इसके माध्यम से बच्चों को भाषा व गणित विषय को सीखने में सहायता मिलेगी। समग्र शिक्षा के प्रोजेक्ट अप्रूवल बोर्ड की ओर से समेकित शिक्षा के अंतर्गत परचेज एंड डेवलपमेंट ऑफ इंस्ट्रक्शनल एंड ट्रेनिंग मेटेरियल मद में अनुमोदन प्राप्त हुआ था। इसके तहत राज्य परियोजना कार्यालय निपुण सूची के आधार पर भाषा व गणित विषय लर्निंग आउटकम की संप्राप्ति के लिए 1900 प्रकार की सुगम्य वर्कशीट विकसित की गई हैं।

बहन की ससुराल के चार लोगों पर एफआईआर

मुरादाबाद, अमृत विचार : बहन-भाई से मारपीट करने वाले उसकी ससुराल के चार लोगों पर मझोला थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। इसमें मझोला थाना क्षेत्र के वसीम अहमद, फईम अहमद, साबिया, रूबी नामजद हुई हैं।

हरथला सोनकपुर में गुलाब मस्जिद के पास रहने वाले मोहम्मद शादाब ने पुलिस को बताया है कि 22 नवंबर 2023 को वह अपनी बहन के घर लोदीपुर गए थे। उनके पास बहन का फोन आया था कि उसकी ससुराल वाले उसके साथ मारपीट कर रहे हैं। जब वह बहन के घर पहुंचे तो देखा कि बहन को ससुराल वाले पीट रहे हैं। विरोध पर उनके साथ भी मारपीट की गई। आरोप है उसकी बहन और उसे वसीम व अन्य आरोपियों ने मारा है। मझोला थानाध्यक्ष कमलेश कांत वर्मा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले में जांच की जा रही है।

उद्घाटन से पहले डीएम ने देखी व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: 10 मार्च को प्रधानमंत्री वर्चुअल रूप से मूंढापांडे के भदासना हवाई अड्डे से हवाई सेवा का उद्घाटन करेंगे। इस दौरान स्थानीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में 1000 से अधिक अतिथि व विशिष्ट लोग जुटेंगे। पहला विमान लखनऊ से आएगा। लखनऊ से मुरादाबाद तक पहुंचने में 65 मिनट लगेंगे। उद्घाटन से पहले व्यवस्था की निगरानी शुक्रवार को जिलाधिकारी ने निरीक्षण में की।

जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने अपर जिलाधिकारी प्रशासन व हवाई अड्डे के नोडल प्रशासनिक अधिकारी गुलाब चंद्र आदि के साथ भदासना स्थित हवाई अड्डे का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां पर सुरक्षा व्यवस्था से लेकर रनवे पट्टी, टर्मिनल टावर, प्रवेश व यात्रियों के लिए बने लाउंज आदि का भ्रमण कर व्यवस्था देखी। एयरपोर्ट के अधिकारियों से आयोजन के दिन सुरक्षा व्यवस्था व विमानों के उड़ान के लिए आए फ्लाई बिग कंपनी के प्रतिनिधियों आदि के लिए किए गए इंतजाम की जानकारी ली। उन्होंने हवाई अड्डे की ओर से आने जाने वाले रास्तों व परिसर के इर्दगिर्द सुरक्षा में कोई कमी न रहने देना सुनिश्चित करने का निर्देश एसपी सिटी व अन्य पुलिस अधिकारियों को दिया। इस दौरान एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया, उप जिलाधिकारी सदर सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

हवाई अड्डे का निरीक्षण करते जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

एक नजर

आज मौलाना तौकीर के घर पर चस्पा होगा समन

बरेली, अमृत विचार : शहर में 2010 में हुए दंगे के केस में मुख्य अभियुक्त करार दिए गए तौकीर रजा खां के घर पर पुलिस शनिवार को अदालत का समन चस्पा करने के साथ उनके परिजनों को भी सूचित करेगी। पुलिस दो बार तौकीर के घर जा चुकी है लेकिन उनके न मिलने के कारण समन तामील नहीं हो सका है। तौकीर रजा के घरवालों ने उन्हें दिल्ली में होना बताया है। पहली बार पुलिस बुधवार और दूसरी बार बृहस्पतिवार को समन तामील कराने पहुंची थी, लेकिन दोनों बार उसे खाली हाथ लौटना पड़ा। अदालत ने तौकीर को 11 मार्च को पेश होने का आदेश दिया है। पुलिस ने इसके बाद शुक्रवार को तौकीर के घर पर समन चस्पा करने की बात कही थी लेकिन महाशिवरात्रि के कारण इसे शनिवार पर टाल दिया गया। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने बताया कि पुलिस समन तामील कराने तौकीर के घर दो बार जा चुकी है। अब शनिवार को उनके घर पर समन चस्पा कर उनके परिजनों को इसकी सूचना दे दी जाएगी।

60 प्रदर्शनकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

अल्मोड़ा, अमृत विचार : जाखन देवी सड़क के सुधारीकरण की मांग को लेकर विरोध बीते दिनों विरोध कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं, व्यापारियों और स्थानीय लोगों द्वारा सड़क को घंटों जाम करने पर पुलिस सख्त हो गई है। पुलिस ने फिलहाल जाम लगाने वाले साठ अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। अल्मोड़ा नगर में पड़ रही सीवर लाइन का निर्माण न होने और उससे आम लोगों को हो रही परेशानी को दूर करने की मांग को लेकर बुधवार को नगर के व्यापारियों और स्थानीय लोगों सामाजिक कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में जाखनदेवी के पास करीब दो से ढाई घंटे तक जाम लगाकर धरना दिया। जिवाहनों में सवार लोगों का जाम खुलने तक घंटों इंतजार करना पड़ा। जिस कारण सड़क मार्ग को बाधित करने के आरोप में पुलिस ने साठ अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पुलिस द्वारा बनाई गई वीडियो और फोटो के आधार पर आरोपियों को चिन्हित किया जा रहा है। जिसके बाद जाम में शामिल सभी लोगों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

आलू के लिए भिड़े दो व्यापारी, लूट का आरोप

विजय नगला, अमृत विचार : एक व्यापारी ने किसान के आलू खरीदे। इसी दौरान दूसरा आलू व्यापारी पहुंचा और ज्यादा कीमत में आलू खरीदने को तैयार हो गया। दोनों व्यापारियों में कहासुनी हुई। उन्होंने अपने-अपने गांवों से ग्रामीणों को लाठी-डंडे लेकर बुला लिया। दोनों पक्ष में मारपीट हुई। एक व्यापारी ने दूसरे पर उसके रुपये भरा बैग लूटने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। बिनावर थाना क्षेत्र के गांव औरंगाबाद माफी निवासी बाबू आलू व्यापारी हैं।

दो साल की बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

पॉपकॉर्न दिलाने के बहाने बच्ची को खेत पर ले गया था आरोपी

संवाददाता, विजय नगला/ बिनावर

घटना

- गांव पलिया झंडा में पुलिस ने रोका तो आरोपी ने की फायरिंग
- पैर में गोली लगने से आरोपी घायल, तमंचा मिला

> बिनावर क्षेत्र के एक गांव में दो साल की बच्ची के साथ युवक ने दुष्कर्म किया। मुठभेड़ के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके पैर में गोली लगी है। इलाज कराकर उसे जेल भेजा गया है। - आलोक प्रियदर्शी, एसएसपी।

अमृत विचार : एक युवक ने दो साल की मासूम के साथ दरिंदगी की। पॉपकॉर्न दिलाने के बहाने से खेत में ले गया। उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया और भाग गया। गुरुवार आधी रात पुलिस ने मुठभेड़ में उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

थाना बिनावर क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने गुरुवार रात पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शाम के समय वह खेत पर गए थे। उनकी दो साल की बेटी घर के बाहर खेल रही थी। गांव निवासी संजय पॉपकॉर्न दिलाने के बहाने खेत ले जाकर उसके साथ गलत काम किया। गांव के पास एक खेत में बच्ची बेसुध हालत में मिली। उसे जिला अस्पताल लाकर इलाज कराया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

पुलिस रात लगभग पौने तीन बजे बिनावर के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार पुलिस बल के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें आरोपी के गांव पलिया झंडा के पास जंगल में होने की सूचना मिली। प्रभारी निरीक्षक वहां पहुंचे। तभी मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गोली आरोपी के पैर में लगी। वह घायल हो गया। उसके पास से एक तमंचा, दो जिंदा कारतूस बरामद किए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जानलेवा हमला की धारा बढ़ाई है। जिला अस्पताल में इलाज कराकर आरोपी को जेल भेजा गया है।

छेड़खानी कर रहे युवक को पीटा पेट्रोल छिड़क कर आग लगाई

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- 70 फीसद तक झुलसा युवक गंभीर हालत में अलीगढ़ रेफर

> युवती के भाइयों ने युवक को छेड़छाड़ करते देख पिटाई की। उसके बाद शिकायत करने थाने आए। युवक ने स्वयं पेट्रोल छिड़ककर आग लगा ली या आग लगाई गई इन दोनों पहलुओं पर जांच की जा रही है। - सुधीर कुमार सिंह, इंस्पेक्टर सदर

अमृत विचार : युवती से छेड़खानी कर रहे युवक को पीड़िता के भाइयों ने पकड़कर उसकी पिटाई कर दी। आरोप है कि बाद में पेट्रोल छिड़ककर लगा दी, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। चिकित्सकों ने उसे अलीगढ़ रेफर कर दिया। युवक 70 फीसद तक झुलस गया है।

शहर के मोहल्ला नवाब निवासी मुकेश चंद के पुत्र विशाल कुमार मोहल्ले की ही एक युवती को रोककर बात कर रहा था। युवती के परिजनों ने देख लिया और युवक की पकड़कर जमकर धुनाई कर दी। इसके बाद युवक पर पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर गए। हालत गंभीर देखकर चिकित्सकों ने हायर सेंटर अलीगढ़ रेफर कर दिया। युवक के पिता ने कहा कि उनका पुत्र सुबह टहलने गया था। पहले से घात लगाए बैठे नीरज और धीरज ने उसे पकड़ लिया। उसका मोबाइल छीन लिया फिर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। वहीं युवती की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई कि आरोपी ने उससे अभद्रता की। बाद में पुलिस के डर से पास में ही खड़ी भाई की मोटरसाइकिल से पेट्रोल निकालकर अपने ऊपर छिड़ककर आग लगा ली।

सार संक्षेप

एंबुलेंस में आग लगने की घटना की रिपोर्ट मांगी

बदायूं, अमृत विचार : जिला अस्पताल में आग लगने की घटना को जिलाधिकारी मनोज कुमार ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने जिला अस्पताल प्रशासन से जली हुई एम्बुलेंस का पूरा हिसाब मांगा है और आग लगने के कारणों की जानकारी करने को कहा है। 6 मार्च की शाम को किसी तरह यहां पर आग लग गयी जिससे एम्बुलेंस को भी आग की लपटों ने अपने आगोश में ले लिया। आग लगने से सभी एम्बुलेंस जल गयीं। इस मामले में अब जिला अस्पताल प्रशासन कुछ भी कहने से बच रहा है। जिलाधिकारी ने आग लगने की घटना को लेकर अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि आग लगने की जांच कराई जाए।

व्यापारियों को ठगने वाला आरोपी गिरफ्तार

बदायूं, अमृत विचार : उझानी के सराफा व्यापारी से हुई 26 हजार 700 रुपये की साइबर ठगी की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मध्य प्रदेश के युवक ने व्यापारी के साथ ठगी की थी। वह लड़की की आवाज निकालकर व्यापारियों से ठगी करता है। व्यापारियों के रुपये न देने पर वह खुद को अधिकारी बताकर स्थानीय पुलिस को व्यापारी के पास भिजवाता था। फिउझानी कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला श्री नारायणगंज निवासी आलोक अग्रवाल सराफ व्यापारी हैं। 28 फरवरी को उनके पास किसी महिला ने फोन किया। खुद को मध्यप्रदेश के जिला जबलपुर की एसीपी आराध्या चौहान बताया। कहा कि उसने व्यापारी की दुकान पर चोरी का माल बेचने वाली एक महिला रूपा कोरी को पकड़ा है। इसके एवज में रुपये मांगे। अपना क्यूआर कोड भेजा। व्यापारी ने उसके नंबर पर रुपये डाल दिए।

करंट से झुलसी छात्रा की मौत, जेई-लाइनमैन पर रिपोर्ट

विजय नगला, अमृत विचार : पशुओं के लिए खेत से चारा लेने गई छात्रा की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई। परिजनों ने विद्युत विभाग के जेई और लाइनमैन के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। बिनावर थाना क्षेत्र के गांव बुधूपुरा निवासी वेदपाल की 15 साल की बेटी पूजा कक्षा आठवीं की छात्रा थी। 22 फरवरी शाम लगभग पांच बजे पूजा पशुओं के लिए चारा लेने खेत पर गई थी। चारा काटने के कुछ समय के बाद वह वापस घर लौट रही थी। खेत के पास से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गई। वह झुलस गई। आसपास खेतों पर काम कर रहे किसानों ने घटना देखी तो दौड़कर मौके पर पहुंचे। पूजा के परिजनों को सूचना दी। चीत्कार करते परिजन खेत पर पहुंचे। पूजा को जिला अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया। उसकी हालत लगातार बिगड़ती गई। चिकित्सक ने उसे रेफर कर दिया। परिजन उसे सैफई के राजकीय मेडिकल कॉलेज ले गए। हालत में सुधार न होने पर परिजन बरेली के अस्पताल ले जा रहे थे लेकिन शुक्रवार सुबह लगभग 5 बजे पूजा ने रास्ते में दम तोड़ दिया। छात्रा के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि विद्युत विभाग के जिम्मेदारों की लापरवाही की वजह से उनकी बेटी की मौत हुई है।

मदरसों के बच्चे आधुनिक शिक्षा भी करेंगे ग्रहण

काशीपुर, अमृत विचार : उत्तराखंड मदरसों में एनसीईआरटी (नेशनल काउंसिल आफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग) की पुस्तकें लागू होने के बाद उत्तराखंड के मदरसों में दीनी तालीम के साथ ही आधुनिक शिक्षा भी यहां पढ़ने वाले बच्चों को दी जाएगी। उत्तराखंड मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष शमून कासमी ने बताया कि केंद्र व राज्य की पुष्कर सिंह धामी सरकार अल्पसंख्यक समाज के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। अब सरकार उत्तराखंड के पंजीकृत मदरसों को भी आधुनिक करने का कार्य कर रही है। जहां दीनी तालिम के साथ-साथ आधुनिक शिक्षा भी बच्चे ग्रहण करेंगे। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 415 मदरसों का पंजीकरण हो रखा है। कहा कि उत्तराखंड के मदरसों में एनसीईआरटी का पाठ्यक्रम लागू किया गया है, जिससे बच्चे संस्कृत, हिंदी, अंग्रेजी व कंप्यूटर साइंस की शिक्षा भी लेंगे और यहां तालीम लेने वाला बच्चा भविष्य में डॉक्टर, आईएएस, आईपीएस व इंजीनियर बनकर देश की सेवा कर सकेंगे। कहा कि बोर्ड में पंजीकृत मदरसों को मॉडर्न किया जा रहा है। इसमें बच्चों को स्मार्ट क्लास व आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ टैबलेट व कंप्यूटर भी मुहैया कराए जाएंगे। कहा कि पंजीकृत सभी मदरसों को चरणबद्ध तरीके से मॉडर्न मदरसा शिक्षा से जोड़ा जाएगा।

छात्रावास में मारपीट मामले में मांगी रिपोर्ट

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय के पीजी छात्रावास में छात्रों के बीच मारपीट के मामले में कुलपति ने वार्डन से रिपोर्ट मांगी है। वार्डन की रिपोर्ट के बाद मामले में अनुशासन कमेटी बनाई जाएगी। जांच के बाद मारपीट करने वाले छात्रों पर कार्रवाई की जाएगी। शुक्रवार शाम चीफ प्रॉक्टर प्रो. ए के सिंह ने भी घायल छात्रों का हाल जाना और छात्रों से मामले में जानकारी ली। वार्डन ने देर शाम छात्रावास में छात्रों से जानकारी कर रिपोर्ट तैयार की।

गुरुवार दोपहर मेस में खाना खाने के दौरान एमटेक छात्र ऋषभ त्यागी का अन्य छात्रों से झगड़ा हो गया था। उस दौरान मामला शांत हो गया था लेकिन कुछ देर बाद छात्रों ने छात्रावास में डंडे लेकर घुस गए थे और जमकर मारपीट की थी, जिसमें तीन छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

प्रदेश की पांचों सीटें बड़े अंतर से जीतेगी भाजपा

संवाददाता, खटीमा

फीता काटकर शिवरात्रि मेले का आरंभ करते मुख्यमंत्री पुष्पकर सिंह धामी।

- मुख्यमंत्री ने शिवरात्रि मेले का उद्घाटन कर जलाभिषेक किया

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने महाशिवरात्रि पर बनखंडी महादेव मंदिर चकरपुर में सप्ताहभर तक लगने वाले मेले का फीता काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने मंदिर में जलाभिषेक कर पूजा अर्चना कर देश प्रदेश वासियों के लिए खुशहाली की कामना की। उन्होंने श्रद्धालुओं और क्षेत्रवासियों को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दीं।

चकरपुर स्थित बनखंडी महादेव मंदिर पहुंचे मुख्यमंत्री धामी ने मेले का शुभारंभ और पूजा अर्चना के बाद पत्रकारों के रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और प्रदेश तेजी से विकास की और बढ़ रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के 400 पर के नारे को सही करार देते हुए कहा कि भाजपा प्रदेश की पांचों सीटें भारी मतों से जीत रही है। बता दें कि मुख्यमंत्री धामी विगत कई वर्षों से चकरपुर में लगने वाले महा शिवरात्रि मेले का शुभारंभ करते आ रहे हैं। मुख्यमंत्री धामी ने कैंप कार्यालय लोहिया हेड में भी जनता की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, ब्लॉक प्रमुख रणजीत सिंह नामधारी, जीवन सिंह धामी, गोपाल सिंह बिष्ट, भवानी भंडारी, ललित बोरा, सोमनाथ, विक्रम भट्ट, कमलदीप राणा, गोपाल बोरा, नवीन बोरा, रमेश जोशी, सतीश गोयल, नंदन सिंह खड़ायत, रेनू भंडारी, मोहिनी पोखरिया, भुवन भट्ट, जिलाधिकारी उदय राज सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ मंजुनाथ टीसी, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, उप जिलाधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट, तहसीलदार हिमाशु जोशी, कोतवाल प्रकाश दानू, थानाध्यक्ष रविंद्र सिंह बिष्ट, प्रियांशु जोशी आदि मौजूद थे।

सदर हवालात से फरार हुआ गैंगस्टर सचिन सैनी 15 दिन बाद गिरफ्तार

बरेली, अमृत विचार : जनपद न्यायालय की सदर हवालात की सरिया काटकर 15 दिन पहले फरार हुए 20 हजार के इनामी गैंगस्टर सचिन सैनी को पुलिस ने शुक्रवार को चौपुला पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। वह यहां किसी दोस्त से पैसे लेने पहुंचा था। उसके साथ फरार हुए हिस्ट्रीशीटर अंकित यादव का अभी सुराग नहीं लग पाया है।

बिहारीपुर ढाल निवासी हिस्ट्रीशीटर अंकित यादव और सीबीगंज के पस्तौर निवासी गैंगस्टर सचिन सैनी 23 फरवरी को पेशी के दौरान सदर हवालात की सरिया काटकर फरार हो गए थे। काफी तलाश के बाद भी दोनों का कुछ पता नहीं लगा तो एसएसपी ने दोनों पर 20-20 हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया था। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार को सूचना मिली कि सचिन सैनी चौपुला पुल के पास अपने किसी दोस्त से पैसे लेने आ रहा है। पुलिस ने यहां घेराबंदी करके उसे दबोच लिया। उसने पुलिस को बताया कि फरारी के बाद वह अंकित यादव के साथ अलग-अलग जिलों में घूमता रहा था।

दो युवकों ने फंदे पर लटककर की खुदकुशी

रुद्रपुर, अमृत विचार : थाना ट्रांजिट कैंप स्थित आजाद नगर एवं शिव नगर बस्ती के रहने वाले दो युवकों ने फंदाकर लगाकर खुदकुशी कर ली।

मूल रूप से ग्राम कैसरपुर थाना बिथरी चैनपुर बरेली हाल निवासी 23 वर्षीय महेंद्र कुमार परिवार के साथ रहता था और सिडकुल में मजदूरी करता था। बताया जा रहा है कि सात मार्च की शाम को अचानक उसने कमरे में जाकर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक को लटका देख परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौका मुआयना किया। बताया जा रहा है कि युवक नशे का लती था और नशे की लत के कारण ही उसने आत्महत्या का कदम उठाया। इसके अलावा वार्ड-सात देवनगर थाना ट्रांजिट कैंप निवासी 38 वर्षीय हरेंद्र कुमार परिवार के साथ रहता था। दंपती का आपसी विवाद रहता था और मनमुटाव चल रहा था।

पांच युवक गांजा के साथ किए गिरफ्तार

अल्मोड़ा, अमृत विचार : जिले की सल्ट पुलिस ने चेकिंग के दौरान पांच युवकों को 48.200 किलोग्राम अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पांचों युवकों की चेकिंग की तो अभियुक्त मो. शौकीन (27) पुत्र निजामुद्दीन के बैग से 9.60 किग्रा, जिशान अंशारी (23) पुत्र मौ. अली के बैग से 9.80 किग्रा दोनों निवासी पतरामपुर थाना जसपुर नगर व गौरव कुमार (20) पुत्र वीर सिह के बैग से 9.40 किग्रा, अमन (19) पुत्र सुरेश सिंह के बैग से 9.40 किग्रा और अजय कुमार (27) पुत्र धर्मपाल सिंह तीनों के बैग से 9.50 किग्रा अवैध गांजा बरामद किया गया। यह तीनों अभियुक्त ग्राम निजामगढ़ पतरामपुर, ऊधमसिंह नगर के रहने वाले हैं।

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, शाहबाद (रामपुर)

पत्रक 5144 / क्षेत्र पं० / निर्माण कार्य / 2023-24 — दिनाँक 07 मार्च 2024

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से खण्ड विकास अधिकारी शाहबाद रामपुर द्वारा, अर्ह प्रतिष्ठित विकास खण्ड शाहबाद में पंजीकृत ठेकेदारों से पंचम राज्य वित्त / 15वाँ वित्त (केन्द्रीय वित्त) से क्षेत्र पंचायत शाहबाद के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने वाले निम्नलिखित हेतु प्रतिशत दर पर / टेण्डर (निविदा) टैक्नीकल / फाइनेनशियल विड दिनाँक 15-03-2024 के अपरान्ह 1:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 15-03-2024 को अपरान्ह 2:00 बजे से विकास खण्ड शाहबाद में अद्योहस्ताक्षरी / गठित समिति एवं निविदाताओं के उनके प्रतिनिधियों के समक्ष कार्यालय अधिकारी शाहबाद के कक्ष में खोली जायेगी।

क्र. सं.	जिला/ विकास खण्ड का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत जी०एस०टी० सहित (रु. में)	धरोहर धनराशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि	मद का नाम
1	2	3	4	5	6	7	8
1	रामपुर / शाहबाद	ग्राम नरेन्द्रपुर में निर्मल दास के घर से खलिहान तक नाला निर्माण	700000	14000	766	2 माह	टाईड फण्ड
2	रामपुर / शाहबाद	ग्राम नरेन्द्रपुर में मेला मैदान से तालाव तक नाला निर्माण	700000	14000	766	2 माह	टाईड फण्ड
3	रामपुर / शाहबाद	गाम चतरपुर में महेश के घर से शमसुद्दीन के धर्मकोंटे तक नाला निर्माण	800000	16000	766	2 माह	टाईड फण्ड
4	रामपुर / शाहबाद	ग्राम बारमपुर में तालावच की दीवार का निर्माण	900000	18000	766	2 माह	टाईड फण्ड
5	रामपुर / शाहबाद	ग्राम नरेन्द्रपुर में शिवदयाल के घर से वावुराम के घर तक नाला निर्माण	600000	12000	766	2 माह	टाईड फण्ड
6	रामपुर / शाहबाद	ग्राम महेवा में ओमशकर के घर से जारत के नीचे तक नाला निर्माण	900000	18000	766	2 माह	टाईड फण्ड
7	रामपुर / शाहबाद	ग्राम हिम्मतपुर गौशाला की पश्चिम की बाउण्ड्री वाल कि निर्माण	900000	18000	766	2 माह	टाईड फण्ड
8	रामपुर / शाहबाद	ग्राम हिम्मतपर गौशाला की पूरव की वाउण्ड्री वाल कि निर्माण	900000	18000	766	2 माह	अनटाईड
9	रामपुर / शाहबाद	ग्राम हिम्मतपर गौशाला की उत्तर की वाउण्ड्री वाल का निर्माण	900000	18000	766	2 माह	अनटाईड
10	रामपुर / शाहबाद	ग्राम धुरियाई में सोहनलाल दिवाकर के घर से वीर सिंह के खेत तक इण्टर-लॉकिंग निर्माण कार्य	800000	16000	766	2 माह	अनटाईड

1 निविदा डालने वाले ठेकेदार को विकास खण्ड के अर्न्तगत पंजीकृत होना अनिवार्य होगा। पंजीकृत न होने की दशा में निविदा मान्य नहीं होगी।
2 प्रत्येक कार्य को पूर्ण करने की अवधि उपरोक्त तालिका के कालम 07 में दर्शायी गयी है प्रत्येक दशा में निविदा में डाले गये कार्य को निर्धारित अवधि में पूर्ण करना अनिवार्य होगा। अन्यथा की स्थिति में जमानत की धनराशि जब्त करने की कार्यवाही की जायेगी। जिसके लिये टेण्डरदाता पूर्ण रूप से जिम्मेदार होगा।
3 निविदा की वैद्यता निविदा प्राप्ति के दिन से 90 दिन के लिये वैद्य होगी। वैद्यता की अवधि में निविदा को वापस नहीं लिया जा सकेगा।
4 प्रत्येक निविदा के साथ कालम 06 में अंकित निविदा का मूल्य ही मान्य होगा जो की खण्ड विकास अधिकारी शाहबाद के खाता सं0 87250101003009 आई०एफ०एस०सी० कोड PUNB0SUPGB5 में जमा करते हुये खाता स्टेटमेंट निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
5 निविदा प्रपत्र दिनांक 13-03-2024 से 14-03-2024 अपरान्ह 3:00 बजे तक कार्यालय से कार्य दिवस में प्राप्त किये जा सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात निविदा प्रपत्र किसी दशा में देय नहीं होगा।
6 निविदाता दिनांक 15.03.2023 को अपरान्ह 1:00 बजे खण्ड विकास अधिकारी शाहबाद के कार्यालय में मूल प्रपत्र सहित समस्त अभिलेख सत्यापन हेतु उपलब्ध करायेगें। जैसे चरित्र प्रमाण पत्र हैसियत प्रमाण पत्र, जी०एस०टी० रजिस्ट्रेशन एवं पैनकार्ड तथा पंजीकरण मूल प्रति में जिसकी वैद्यता टेण्डर जारी होने के पूर्व से तथा टेण्डर अवधि के 06 माह तक होनी आवश्यक होगी।
7 निविदा समविष्ट / जमा करने की तिथि 15-03-2024 अपरान्ह 1:00 बजे तक विकास खण्ड शाहबाद में रखे टेण्डर वॉक्स में डाले जा सकते है, तथा उक्त समय तक प्राप्त निविदा ही दिनांक 15-03-2024 को अपरान्ह 2:00 बजे से विकास खण्ड कार्यालय शाहबाद में खोली जायेगी।
8 प्रत्येक निविदा के साथ धरोहर राशि (जमानत राशि) जैसा कि कालम 05 में अंकित है को संलग्न करना अनिवार्य होगा। जो कि एन०एस०सी०/ बैंक एफ०डी०आर० के रूप में खण्ड विकास अधिकारी शाहबाद के पक्ष में पदनाम से बन्धक होगी।
9 सशर्त निविदा किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।
10 कार्य की लागत / मात्रा आवश्यकतानुसार घट बढ़ सकती है।
11 समस्त एवं आंशिक निविदायें निरस्त करने का अधिकार बिना बताये अधोहस्ताक्षरी का होगा तथा बाद विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र रामपुर होगा।
12 निविदाता निविदा डालने से पूर्व निर्मित कराये जाने वाले कार्य स्थल का निरीक्षण अवश्य कर लें, और कार्य की स्थिति से भली भांति वाकिफ हो लें। निविदा डालने के उपरान्त किसी भी प्रकार के तथ्य पर विचार नहीं किया जा सकेगा। कार्य में यदि विलम्ब होता है तो ऐसी स्थिति में कार्य की लागत बढ़ने पर निविदाता स्वंय जिम्मेदार होगा।
13 अन्य शर्त कार्यालय से देखी जा सकती है जो टेण्डर प्रक्रिया की भाग होगी।
14 निर्माण कार्यों में प्रस्तुत की जाने वाली निर्माण सामग्री की टेस्टिंग रिपोर्ट भुगतान से पूर्व ठेकेदार को प्रस्तुत करनी होगी। अन्यता भुगतान देय नहीं होगा।

खण्ड विकास अधिकारी,
शाहबाद - रामपुर

आने वाले समय में उप्र. में होंगे 100 कंप्रेस्ड बायो गैस प्लांट

नए सीबीजी प्लांट के लोकार्पण में बोले केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश में दस सीबीजी प्लांट (कंप्रेस्ड बायो गैस)हैं और आने वाले समय मे उप्र. में सौ सीबीजी प्लांट होंगे। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री शुक्रवार को गोरखपुर के धुरियापार में इंडियन ऑयल के नए सीबीजी प्लांट के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए कहा कि योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। इससे देश को पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में उप्र. का बड़ा योगदान होने जा रहा है। इंडियन ऑयल की तरफ से यह प्लांट 165 करोड़ रुपये की पूंजी निवेश से स्थापित हुआ है।

दक्षिणांचल में औद्योगीकरण के युग की शुरुआत: योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस मौके पर कहा कि यह सीबीजी प्लांट वेस्ट को वेल्थ में बदलने और किसानों की आमदनी बढ़ाने का एक बड़ा उदाहरण है। यह आम के आम और गुठलियों के दाम कहावत को चरितार्थ करने वाला है। उन्होंने कहा कि कुछ दशक पहले धुरियापार में लगी चीनी मिल, गन्ना न मिलने से एक सत्र भी नहीं चल पाई थी। तब लोगों ने यह मान लिया और कि यहाँ कुछ हो नहीं सकता है। पर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप यहां उद्योग बनकर तैयार हो गया है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने बांसगांव लोकसभा क्षेत्र को 222 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों की शुरुआत की। योगी ने यहां ने 68 करोड़ रुपये से अधिक की 20 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 154 करोड़ रुपये से अधिक की 17 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इस मौके पर विधायक श्रीराम चौहान, भाजपा के जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, इंडियन ऑयल के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर शांतनु गुप्ता आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

पिता ने सात माह की बेटी को सड़क पर पटक कर मार डाला

कुशीनगर, एजेंसी : कुशीनगर के खड्डा क्षेत्र में एक बेरहम पिता ने अपनी सात माह की बच्ची को सड़क पर पटक-पटक कर मार डाला। पुलिस के अनुसार खड्डा थाना क्षेत्र के रामपुर गौनहा गांव के जंगल टोला निवासी विवेक भूसहर की शादी दो वर्ष पूर्व गांव के ही रीतू से हुई थी। उनकी एक सात माह की बेटी निशा थी। गुरुवार की रात आठ बजे पति-पत्नी में खाना जल्दी बनाए जाने को लेकर कहा-सुनी हुई। पत्नी बच्ची को गोद में लेकर खिला रही थी कि शराब के नशे में चूर पिता विवेक ने आवेश में आकर बच्ची को मां की गोद से छीन कर दरवाजे के सामने पक्की सड़क पर पटक-पटक कर मार डाला। बच्ची की मां चिल्लाती रही और जब तक लोग वहां पहुंचते विवेक मौके से फरार हो गया। पुलिस मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है।

इलाज के लिए आई महिला से मौलाना ने किया दुष्कर्म

संवाददाता, बसखारी (अंबेडकरनगर)

- पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर मौलाना को किया गिरफ्तार

अमृत विचार: किछौछा के एक मौलाना द्वारा गैर प्रांत से जियारत के लिए आयी एक महिला से दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। बसखारी पुलिस ने पीड़िता के प्रार्थना पत्र पर मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी मौलाना को गिरफ्तार कर लिया है।

नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा में स्थित मखदूम साहब के अस्ताने पर महाराष्ट्र से परिवार के साथ रूहानी इलाज के लिए आयी जायरीन महिला के साथ झाड़-फूंक का काम कर रहे एक मौलाना ने घर में बंधक बनाकर जबरदस्ती दुष्कर्म किया। आरोप है कि रूहानी इलाज के लिए आई महिला के परिजनों को बाहर बैठाकर मौलाना अरशफ रूहानी इलाज के नाम पर महिला को एक कमरे में ले गया। इसके बाद उसने इस वारदात को अंजाम दिया। आरोप यह भी है कि मौलाना ने महिला और परिजनों को मुंह खोलने पर परिवार समेत जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित महिला ने इसके बाद बसखारी थाने में आरोपी मौलाना के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया। इस पर बसखारी पुलिस ने पीड़िता के प्रार्थना पत्र पर मौलाना सैयद मो. अशरफ पुत्र इनाम अशरफ निवासी किछौछा के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर उसे खानकाह से गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत करने की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

सार-संक्षेप

खीरी समेत तीन जिले बढ़ाएंगे अंडे का उत्पादन

लखनऊ,अमृत विचार : लखनऊ, लखीमपुर खीरी व रायबरेली में अंडा उत्पादन और बढ़ेगा। तीनों जिलों को उत्पादन में बी ग्रेड मिलने पर मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने मंडलीय बैठक में निर्देश दिए हैं। जहां, कुक्कुट विकास को बढ़ाया जाएगा। हाल में मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने लखनऊ मंडल के जिलों में पशु पालन की समीक्षा की थी। अंडा उत्पादन में लखनऊ, रायबरेली व लखीमपुर खीरी में अधिक होने पर ब्री ग्रेड मिला था। साथ ही इन जिलों को और उत्पादन की संभावनाएं होने पर और बढ़ाने के निर्देश दिए थे। इस क्रम में संबंधित जिले कुक्कुट विकास पर और काम करेंगे। पशु पालन विभाग पशु पालकों और उद्यमियों को जागरूक करेगा और योजनाओं से लाभान्वित कर इकाई लगवाएगा। मंडलीय बैठक में पशु टीकाकरण की समीक्षा की गई। जनवरी में अभियान चलाया गया था। इसके तहत लखीमपुर खीरी में 97.61 फीसद, लखनऊ में 95.08 व उन्नाव में 45 दिन चले अभियान में 99.55 पशुओं का टीकाकरण किया गया। जबकि अन्य जिलों ने लक्ष्य की पूर्ति की। लखनऊ, लखीमपुर खीरी व उन्नाव के जिलाधिकारी व सीडीओ को 100 फीसद टीकाकरण करने के निर्देश दिए गए हैं।

अगले साल पूरा होगा केदारेश्वर मंदिर का निर्माण

लखनऊ ,अमृत विचार : सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने उम्मीद जताई है कि उनके गृह जिले में बन रहा केदारेश्वर महादेव मंदिर अगले साल तक बनकर तैयार हो जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दी। उन्होंने निर्माणाधीन मंदिर का एक वीडियो भी एक्स पर पोस्ट किया है। सपा प्रमुख ने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा कि आशा है अगले वर्ष की महाशिवरात्रि तक इटावा के निर्माणाधीन केदारेश्वर महादेव मंदिर का अतिदिव्य स्वरूप पूर्ण रूप में साकार हो जाएगा और समस्त शिवभक्तों के लिए आस्था, आशीर्वाद और मनोकामना पूर्ति की नवीन त्रिवेणी बनेगा।

शिक्षक अभ्यर्थियों ने केशव प्रसाद के घर पर किया प्रदर्शन

लखनऊ,अमृत विचार : 69000 शिक्षक भर्ती के अंतर्गत चयनित 6800 आरक्षित वर्ग के शिक्षक अभ्यर्थियों ने नियुक्ति की मांग को लेकर शुक्रवार को उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या के आवास का घेराव कर नारेबाजी की। अभ्यर्थियों का कहना है की बेसिक शिक्षा विभाग और प्रशासन के लोग वादाखिलाफी कर रहे हैं। पुलिस प्रशासन ने अभ्यर्थियों की मुलाकात मुख्यमंत्री से कराने का आश्वासन दिया था लेकिन अभी तक मुलाक़ात नहीं कराई। उप मुख्यमंत्री के आवास के बाहर तैनात पुलिस बल प्रदर्शनकारियों को बस में बैठकर इको गार्डन धरना स्थल छोड़ आया।

पांच जिलों में बनेंगे आश्रम पद्धति विद्यालय

लखनऊ, अमृत विचार : बेहतर शिक्षा सुविधा मुहैया कराने की दिशा में समाज कल्याण निदेशालय ने एक और कदम बढ़ाया है। प्रदेश के पांच जिलों में चार नए आश्रम पद्धति विद्यालय (एटीएस) खोले जाएंगे। एक विद्यालय के निर्माण पर लगभग 40 करोड़ रुपये खर्च होंगे। समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश के 75 जिलों में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। विद्यालय में लगभग 32 हजार छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। एक फरवरी को आए केंद्रीय बजट में भी छात्रावास और आश्रम पद्धति विद्यालय के लिए बजट बढ़ाया गया था। बजट को 110 करोड़ से बढ़ाकर 125 करोड़ किया गया था। समाज कल्याण विभाग ने कन्नौज, शाहजहांपुर, गौतमबुद्धनगर, शामली और बागपत में नए आश्रम पद्धति विद्यालय बनाने का प्रस्ताव भेजा था। प्रस्ताव को शासन से हरी झंडी मिल गई है। नए वित्तीय वर्ष में पांच नए आश्रम पद्धति विद्यालय का निर्माण कार्य शुरू होगा। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि आश्रम पद्धति विद्यालयों की संख्या बढ़ने का लाभ छात्रों को मिलेगा। आश्रम पद्धति विद्यालय को भी ऑनलाइन करने की तैयारी है। पिछले माह शुरू हुए कल्याण साथी मोबाइल एप पर इसका विवरण उपलब्ध है। समाज कल्याण निदेशालय की ओर से प्रयास किया जा रहा है कि छात्रों को इस बात की जानकारी भी मिल सके कि किस आश्रम पद्धति विद्यालय में कितनी सीटें खाली हैं। समाज कल्याण निदेशक के अनुसार एटीएस का डाटा बैंक भी बनाया जाएगा।

डेबिट-क्रेडिट कार्ड का प्रयोग करने पर ही मिलेगा सेलरी पैकेज का लाभ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पुलिस मुख्यालय ने विभागाध्यक्षों को भेजा पत्र, कहा-सभी को किया जाए जागरूक

अमृत विचार: बैंक आफ बड़ौदा के सेलरी पैकेज में दुर्घटना बीमा दावा के नियम को या तो पुलिसकर्मी समझ नहीं पाए हैं अथवा जिम्मेदार अफसरों ने उन्हें समझाया नहीं, इसका दुष्परिणाम यह हुआ कि उनका डेबिट कार्ड पर (दस लाख) तथा क्रेडिट कार्ड (20 लाख) का अधिक बीमा धन का भुगतान अटक गया। इस बाबत पुलिस मुख्यालय से सभी विभागाध्यक्षों और कार्यालयाध्यक्ष को पत्र भेजा है। उस पत्र में कहा गया कि इस संदर्भ में बैंक ऑफ बडौदा के महाप्रबंधक एवं आंचलिक प्रमुख की ओर से भेजे गए स्पष्टीकरण के तथ्यों से पुलिस अफसरों और कर्मचारियों को अवगत कराने हुए जागरूक किया जाए।

पुलिस महकमें के तकरीबन साढ़े तीन लाख पुलिस अफसरों और कर्मियों का वेतन पहले एसबीआई से मिलता था। बाद में बैंक आफ बड़ौदा की ओर से बेतहर सुविधा के मिले ऑफर, जिसमें पुलिसकर्मियों के ऑन ड्यूटी दुर्घटना में मौत पर एक करोड़ पांच लाख तथा ऑफ ड्यूटी दुर्घटना में मौत होने पर 90 लाख था। इसमें योद्धा डेबिट कार्ड पर दस लाख विक्रम क्रेडिट कार्ड पर 20 लाख दुर्घटना बीमा शामिल था। इस ऑफर के बाद पुलिस महकमें का सेलरी उसमें (बैंक आफ बड़ौदा) ट्रांसफर हो गया। पुलिस अधीक्षक भवन एवं कल्याण आशुतोष मिश्र ने पत्र लिखकर बैंक की ओर से दिए गए स्पष्टीकरण से अवगत करते हुए बताया है कि बैंक से हुए करार (एसओयू) के तहत डेबिट कार्ड दुर्घटना बीमा पाने के लिए, दुर्घटना के 30 दिन के भीतर डेबिट का प्रयोग होना आवश्यक है।

आदर्श ग्रामों का चयन तो हुआ पर घोषित नहीं

लखनऊ, अमृत विचार : प्रदेश में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत ग्राम चयनित तो हुए लेकिन, लक्ष्य के सापेक्ष घोषित नहीं हो पाए। 2018 से 2022 तक 6,171 ग्रामों का चयन किया गया था। लेकिन, पोर्टल के आंकड़ों के अनुसार 1077 ही आदर्श ग्राम घोषित हो पाए हैं। योजना उप्र अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम की है। इसमें 40 से 50 प्रतिशत से अधिक अनुसूचित जाति के आबादी वाले गांवों का विकास कर सुविधाओं से लैस करना है। प्रति ग्राम दो चरणों में 20 लाख रुपये विकास कार्य के लिए मिलते हैं।

विभाग ने कार्यों की समीक्षा की तो 3605 ग्रामों के सर्वेक्षण में 25,68,074 लाभार्थी चयनित पाए। इसमें 7,23,399 लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं में लाभान्वित किया गया। जबकि 3,49,544 लाभार्थी अपात्र व अनिच्छुक मिले। जबकि 14,95,131 लाभार्थियों को योजनाओं से लाभान्वित किया जाना है।

महिला दिवस पर लखनऊ को मिली वंदे भारत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर लखनऊ को वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात मिली। पटना से लखनऊ के बीच इस ट्रेन का ट्रॉयल आज पूरा कर लिया गया। 12 मार्च इस ट्रेन के नियमित संचालन की तैयारी है। इस ट्रेन के चलने से यात्रियों को लखनऊ से पटना के बीच कम समय में बेहतर सफर की सुविधा मिलेगी।

ट्रायल रन में वंदे भारत एक्सप्रेस ने अपना सफर निर्धारित समय से 15 मिनट पहले पूरा कर लिया। 8 घंटे 40 मिनट पर ट्रेन चारबाग रेलवे स्टेशन पहुंच गई। रेलवे के अधिकारियों के अनुसार 12 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे, तभी से उसका नियमित संचालन शुरू हो जाएगा। लखनऊ से पटना और पटना से लखनऊ के बीच यात्रियों के लिए कामर्शियल रन शुरू हो जाएगा।

रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार सेमी हाईस्पीड ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस के रैक तैयार हैं। एक - एक कर उन्हें पटरी पर उतारा जा रहा है। लखनऊ से पटना के मध्य वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन संचालन की जिम्मेदारी पूर्व मध्य रेलवे जोन को सौंपी गई है।

मौके ● अमृत विचार

- ट्रायल के दौरान पटना से लखनऊ पहुंची ट्रेन, 12 से नियमित संचालन

15 मिनट पहले चारबाग पहुंच गई ट्रेन : सुबह 6.05 बजे से ट्रेन पटना स्टेशन से रवाना की गई। इसके बाद दानापुर, आरा, बक्सर दीनदयाल उपाध्याय स्टेशन, वाराणसी, अयोध्या होते हुए दोपहर 2.30 बजे ही चारबाग रेलवे स्टेशन पहुंच गई। ट्रेन के चारबाग पहुंचने का समय 2.45 बजे था। 15 मिनट पहले ही चारबाग के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर पहुंच गई। इस ट्रेन को हफ्ते में छह दिन चलाने की तैयारी है।

शाहजहांपुर, बरेली और मुरादाबाद में भी ठहराव

लखनऊ-देहरादून वंदे भारत एक्सप्रेस का रूट सर्वे पिछले साल अक्टूबर में ही हो गया था। लखनऊ जंक्शन से यह ट्रेन प्रतिदिन सुबह 5:15 बजे छूटेगी। ट्रेन दोपहर 1:35 बजे देहरादून पहुंचेगी। इसी तरह वापसी में देहरादून से दोपहर 2:25 बजे चलकर रात 10:45 बजे लखनऊ पहुंचेगी। वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन सप्ताह में छह दिन होगा। ट्रेन का ठहराव शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, और हरिद्वार स्टेशनों पर होगा।

आचार संहिता से पहले लोक निर्माण विभाग को धनावंटन पर फोकस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- रामपुर, लखनऊ, कानपुर समेत कई जिलों को जारी हुई करोड़ों की धनराशि

अमृत विचार: लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को बजट के अनुरूप अगले सप्ताह तक धनावंटन और 21 दिन में कार्य पूरा करने की योजना पर तेजी से काम शुरू हो गया है। शासन से रोजाना अरबों का धनावंटन हो रहा है। साथ ही, सरकार की ओर से सख्त रूख अपनाते हुए अवकाश में भी मानीटरिंग शुरू हो गई है। कोशिश है कि लोकसभा चुनाव की आचार संहिता प्रभावी होने से पहले धनावंटन का कार्य पूरा हो जाए, ताकि कार्य पूरा करने में कोई रुकावट न हो।

शासन ने चौबीस घंटे के भीतर सभी जिलों को अरबों रुपये सड़कों के नवीनीकरण, सुदृणीकरण, चौड़ीकरण आदि के लिए जारी किया है। यह सिलसिला अगले सप्ताह तक तेजी से जारी रहेगा। मार्च के दूसरे सप्ताह के आखिर में या तीसरे सप्ताह में लोकसभा चुनाव की अधिसूचना हर हाल में जारी होने की उम्मीद है, ऐसे में बजट के अनुरूप आवंटन पर फोकस है, ताकि मार्च माह में तीन दिन पहले ही छोटे-छोटे सड़कों के काम काम पूरा करके धनराशि का व्यय सुनिश्चित हो सके और अंत में मानीटरिंग के साथ जरूरी बड़े काम निपटाए जा सके।

रामपुर जनपद में विलासपुर मिलक मार्ग के किमी 18 से रासडंडिया से सिलईबड़ा भौजीपुरा मार्ग पर 11.300 किमी के कार्य की कुल लागत 37.54 करोड़ के सापेक्ष 7.50 करोड़ रुपये जारी हुआ है। जबकि कानपुर नगर, महराजगंज, जौनपुर और फर्रुखाबाद के लिए 81.64 करोड़ की स्वीकृति देते हुए 16.20 करोड़ जारी हुए हैं। इसमें कानपुर के शिवराजपुर मार्ग को दो लेन से चार लेन करने का काम भी शामिल है। हरदोई व झांसी के लिए 1.47 करोड़ समेत कई जिलों में 31 नए मार्गों के लिए 31.18 करोड़ रुपये भेजे गए हैं।

61 सड़कों के लिए ऊंट के मुंह में जीरा जैसे हालात

लखनऊ, उन्नाव, अयोध्या, सुल्तानपुर, बाराबंकी, लखीमपुर खीरी, रायबरेली, हरदोई, कानपुर देहात, औरैया, कन्नौज, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, बिजनौर, आदि जिलों की पीडब्ल्यूडी से बनने वाली 61 सड़कों के लिए एक-एक लाख रुपये जारी करके शासन ने ऊंट के मुंह में जीरा की कहावत चरितार्थ की है। जबकि इन नई सड़कों के लिए इस सत्र में 503.27 करोड़ का बजट पास किया गया था।

लखनऊ से चित्रकूट का हवाई सफर 1048 रुपये में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दस को पांच जिलों के लिए शुरू हो सकती है विमान सेवा

अमृत विचार: प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना उड़ान को सफल बनाने के लिए लखनऊ से पांच जिलों के लिए सस्ती उड़ान सेवा दस मार्च को शुरू हो सकती है। इसकी शुरुआत फ्लाई बिग एयरलाइंस करेगी। लखनऊ से चित्रकूट, आजमगढ़, अलीगढ़, मुरादाबाद और श्रावस्ती के लिए उड़ाने शुरू होंगी। दस मार्च को प्रधानमंत्री वर्चुअल इसका शुभारंभ कर सकते हैं। इन जिलों के लिए किराया सिर्फ 1048 से पंद्रह सौ रुपये के बीच होगा।

ये है विमान सेवा का शेड्यूल : लखनऊ से श्रावस्ती : विमान एस 9-337 दोपहर सवा तीन बजे उड़ान भरकर शाम चार बजे श्रावस्ती पहुंचेगी और एस9-340 शाम 4:20 पर उड़ान भरकर लखनऊ शाम 5:10 पर पहुंचेगी।

लखनऊ से चित्रकूट : विमान एस9-333 सुबह 11:40 पर उड़ान भरेगी और दोपहर 12:35 पर चित्रकूट पहुंचेगी। चित्रकूट से एस9-334 दोपहर 12:25 पर उड़ान भरकर दोपहर 2:05 पर लखनऊ पहुंचेगी।

लखनऊ से अलीगढ़ : विमान एस9-315 लखनऊ से 12:10 पर उड़ान भरेगी।

लखनऊ से आजमगढ़ : विमान एस 9-331 लखनऊ से सुबह 8:55 पर उड़ान भरेगा और सुबह 9:50 पर आजमगढ़ पहुंचेगा। एस9-332 सुबह 10:10 पर उड़ान भरेगा और 11:10 पर लखनऊ पहुंचेगा।

लखनऊ से मुरादाबाद : विमान एस 9-327 लखनऊ से सुबह 8:45 पर उड़ान भरेगा और सुबह 10:05 पर मुरादाबाद पहुंचेगा। एस9-330 सुबह 10:25 पर उड़ान भरेगा और 11:30 पर लखनऊ पहुंचेगा। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह दो दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ आ रहे हैं। रक्षा मंत्री दस मार्च को चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डे पर तीसरे नए टर्मिनल के उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे।

वर्ग पहेली-4

बाएं से दाएं

3.1. दस्त, रेचन 2. दस्त लाने वाली दवा 3. विरेचक औषधि।

5. उपहार, भेंट, तोहफ़ा।

6.1. जिसमें पानी हो, कांतिमान, चमकदार, लावण्ययुक्त 2. प्रतिष्ठित, इज़्ज़तदार 3. स्वाभिमानी।

9.1. चरम सीमा, पराकाष्ठा, अंतिम सीमा, आख़िरी हद 2. अत्यधिक, बहुत ज़्यादा।

ऊपर से नीचे

1. गुलाबजल छिड़कने का एक लंबा पात्र जिसमें गुलाबजल भरकर शुभ अवसरों पर लोगों पर छिड़कते हैं।

2. एक प्रकार की छोटी चौड़ी तलवार या खड्ग।

4.1. तलवार चलाने में माहिर बुंदेलखंड की एक योद्धा जाति 2. खंग चलाने वाला व्यक्ति 3. जनश्रुति है कि किसी ज़माने में खंगार नामक व्यक्ति ने किसी नवविवाहित दंपति की प्राणरक्षा की थी

5.1. क्रय-विक्रय का व्यवहार, व्यापार, रोज़गार 2. ख़रीदने की वस्तु 3. कई प्रकार की वस्तुएं।

7.1. वस्तुओं को किसी विशेष ढंग से इधर-उधर फैलाना, तितर-बितर करना 2. छिटकाना, फेंकना।

8.1. बिना बधिया किया हुआ बैल, वृषभ 2. हिंदू धर्म में मृतक की स्मृति में दाग कर छोड़ा हुआ वृषभ।



वर्ग पहेली -3 का हल

	1 रो			2 प	न	3 स
4 ह	म	पे	5 शा			मा
	क		न		6 नै	चा
		7 शै	दा	ई		र
	8 से	वा	र			वा
9 दौं		ल				च
री			10 च	का	च	क

सुडोकू-83

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

2			6	5				
4		7			2		5	8
			3	4		9		
			5		4			7
	8						2	
5			8		1			
	4	9		8				
1			2			6		9
				9	6			3

सुडोकू - 82 का हल

8	7	3	4	2	9	5	6	1
5	4	1	8	6	3	9	7	2
2	6	9	5	7	1	8	3	4
9	3	6	1	5	2	4	8	7
4	1	5	6	8	7	2	9	3
7	2	8	9	3	4	1	5	6
6	5	2	3	4	8	7	1	9
3	9	7	2	1	5	6	4	8
1	8	4	7	9	6	3	2	5

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 9 मार्च, शनिवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 18.17 तक तत्पश्चात अमावस्या।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ। ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-धनिष्ठा 07.55 तक तत्पश्चात शतभिषा 10 मार्च 04.56 तक तत्पश्चात पूर्वभाद्रपद।

मेष — आज आपकी सलाह से दूसरों को लाभ मिलेगा। लोहे के व्यापार में बड़ा धन लाभ हो सकता है। नए वस्त्र खरीदने का विचार बना सकते हैं। अपनी योग्यता पर विश्वास रखें। लोग आपके साथ जुड़कर सम्मान का अनुभव करेंगे।

वृष — आज अनावश्यक बयानबाजी करने से आपको बचना चाहिए। घर में लोग आपका अनादर कर सकते हैं। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। बुरे स्वप्न आपकी नींद खराब कर सकते हैं। मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने का निमंत्रण मिल सकता है।

मिथुन — आज आध्यात्मिक चर्चा से आनंद प्राप्त कर सकते हैं। बॉस से ज्यादा बहस न करें। प्रेम संबंधों को समय न दे पाने के कारण मनमुटाव की स्थिति बन सकती है। आपको अपेक्षा से विपरीत परिणाम मिल सकते हैं। अपने लक्ष्य से भ्रमित न हों।

कर्क — आज अधिकारी वर्ग आपसे अप्रसन्न हो सकते हैं। पेट की समस्याओं से ग्रसित हो सकते हैं। अपरिचित लोगों पर ज्यादा विश्वास न करें। गुरु तुल्य व्यक्तियों के मार्गदर्शन से आपको लाभ होगा।

सिंह — आज निजी रिश्तों के प्रति शंकालु न हों। धन को लेकर समस्या दूर होगी। व्यवहार कुशलता से कठिन स्थितियों को अनुकूल करने में सफल होंगे। जॉब में उच्च पद प्राप्त करने के लिए प्रयत्न कर सकते हैं। जीवनसाथी की थोड़ी चिंता रहेगी।

कन्या — आज सहकर्मी आपको नीचा दिखाने का प्रयास करेंगे। गूढ़ रहस्यों को समझने व जानने की इच्छा जागृत होगी। शरीर में चुस्ती-फुर्ती की कमी रहेगी। समाज में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मन में संतोष का भाव रहेगा।

तुला — आज शेयर मार्केट में बड़ा निवेश कर सकते हैं। दिखावे की प्रवृत्ति से आपको नुकसान होगा। संतान की जिद के कारण कुछ दुविधा में फंस सकते हैं। प्रेमी जन को प्रपोज करने के लिए दिन शुभ नहीं है। सेहत को लेकर लापरवाही न करें।

वृश्चिक — आज बिना मन से काम करने के कारण कार्य प्रभावित हो सकते हैं। लोग आपको शंकालु दृष्टि से देखेंगे। संपत्ति को लेकर विवाद उत्पन्न हो सकते हैं। अचानक आए खर्चों को लेकर असमंजस की स्थिति में रहेंगे।

धनु — आज व्यवसाय में आपकी आय बढ़ सकती है। कोई अटका हुआ काम पूरा हो सकता है। मित्र इसमें आपकी मदद को तत्पर रहेंगे। आपके मनोबल एवं आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। बचत पर आप काफी ध्यान देंगे।

मकर — आज नई जॉब ढूंढ रहे हैं तो संघर्ष करना पड़ेगा। दोपहर के बाद आपके कुछ काम अटक सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोग अपने शत्रुओं के ऊपर भारी पड़ेंगे। रियल एस्टेट के व्यवसायियों को नकदी की थोड़ी समस्या हो सकती है।

कुंभ — आज व्यापार में बड़े अनुबंध कर सकते हैं। स्वास्थ्य समस्याओं का निवारण होगा। फोन कॉल्स से शुभ सूचना प्राप्त हो सकती है। आपकी दिनचर्या बेहद अनुशासित रहेगी। प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ संबंध प्रगाढ़ होंगे।

मीन — आज दांपत्य संबंधों को लेकर अनमने हो सकते हैं। जोश में आकर तात्कालिक निर्णय लेने से बचें। मान-सम्मान में कमी आ सकती है। आपका दिन नकारात्मक प्रभाव वाला हो सकता है। अनावश्यक व्यय होने की संभावना बन रही है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- सीता और गीता — सुबह : 10.28
- जिस देश में गंगा रहता है — रात : 07.00

SONY MAX
- यारियां 2 — सुबह : 09.48
- स्टारफिश — रात : 09.30

SONY PIX
- हेलबॉय — सुबह : 10.52
- 2012 — रात : 08.45

ZEE CINEMA
- डैडी — सुबह : 10.30
- करीब करीब सिंगल — रात : 07.30

colors CINEPLEX
- तू चोर मैं सिपाही — दोपहर : 12.31
- दृश्यम 2 — रात : 07.05

आज की सुपरहिट फिल्म

कलर्स सिनेप्लेक्स पर रात 07.05 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पति की लंबी उम्र के लिए पत्नी मंदिर गई।
वहां पर पत्नी ने पंडित जी से एक सवाल पूछा
महिला- पंडित जी, कोई ऐसा व्रत बताइए, जिससे पति की उम्र लंबी हो जाए?
पंडित जी- आप हफ्ते में चार दिन मौन व्रत रखा करो।

सास - बहू, पड़ोस की सुषमा एक नंबर की झूठी है। उसकी बातों पर कभी
विश्वास मत करना।
वैसे तुमसे सुबह क्या कह रही थी?
बहू - कह रही थी कि आप बहुत भली औरत हैं।
अब सास अपनी ही बातों में फंस गई।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर–शिवालिक 1010 फ्लैग 1110 डीएमओ 885 बोल्ड 1150, **सम्भल–चन्दौसी**–शिवालिक 1005 फ्लैग 1115 बोल्ड 1145 डीएमओ 900।

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव–दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104–106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 राजमा लाल : 155 राजमा चित्ता : 145 लोबिया लाल : 94 लोबिया सफेद : 98 रुपये।

एक नजर

आठ स्पेक्ट्रम बैंड के लिए 20 मई को शुरू होगी नीलामी

नई दिल्ली। मोबाइल सेवाओं के लिए आगामी स्पेक्ट्रम नीलामी 20 मई को शुरू होगी। इसमें 96,317 .65 करोड़ रुपये के आधार मूल्य पर आठ स्पेक्ट्रम बैंड की नीलामी की जाएगी। दूरसंचार विभाग ने शुक्रवार को स्पेक्ट्रम नीलामी के लिए आवेदन मंगाने की सूचना जारी की। दिवाला प्रक्रिया से गुजर रही कुछ दूरसंचार कंपनियों के पास मौजूद स्पेक्ट्रम को नीलामी में रखा जाएगा।

कोल इंडिया का उत्पादन रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा

नई दिल्ली। कोल इंडिया लिमिटेड का उत्पादन चालू वित्तवर्ष में सात मार्च तक रिकॉर्ड 70 .39 करोड़ टन तक पहुंच गया। यह पिछले वित्त वर्ष के 70 .32 करोड़ टन के उत्पादन से अधिक है। कोयला मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि कोल इंडिया ने सात मार्च 2024 तक 7 .27 करोड़ टन का पर्याप्त भंडार बनाए रखा है।

डीपफेक पर कानूनी प्रावधान चुनाव के बाद

सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव बोले-हमारे भविष्य को कर सकती है प्रभावित

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि सरकार ने डिजिटल मंचों से समाज और लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाने वाली भ्रामक सूचनाओं पर लगाम लगाने के लिए तकनीकी एवं व्यावसायिक प्रक्रिया समाधान मुहैया कराने को कहा है। वैष्णव ने कहा कि लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद डीपफेक और गलत सूचना के खिलाफ एक सुविचारित कानूनी ढांचे को अंतिम रूप दिया जाएगा।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का इस्तेमाल कर किसी व्यक्ति को वीडियो में गलत ढंग से पेश करने को डीपफेक कहा जाता है। भारत में चुनाव का मौसम नजदीक आने के साथ डिजिटल मंचों ने चुनावी सत्यनिष्ठा सुनिश्चित करने की कोशिशें बढ़ा दी हैं। इस दौरान सरकार ने भी सलाह और संदेशों के माध्यम से सोशल मीडिया एवं अन्य मंचों पर प्रसारित होने वाले डीपफेक और गलत सूचनाओं के प्रति अपने कठोर रुख को दर्शाया है। वैष्णव ने पिछले दिनों बातचीत में इस मसले पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा-हमारे जैसे जीवंत और विविधतापूर्ण लोकतंत्र में गलत सूचना वास्तव में बहुत हानिकारक हो सकती है। भ्रामक सूचना समाज, लोकतंत्र, चुनावी प्रक्रिया के लिए हानिकारक हो सकती है और यह हमारे भविष्य एवं समाज के सद्भाव को बड़े पैमाने पर प्रभावित कर सकती है। उन्होंने कहा कि हम डिजिटल मंचों के साथ चर्चा के दौरान बहुत स्पष्ट रहे हैं।

एफटीए पर घरेलू उद्योग के दीर्घकालिक लाभों पर सरकार का ध्यान: पीयूष गोयल

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि मोदी सरकार मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर बातचीत करते हुए हमेशा घरेलू उद्योगों के आनुपातिक और दीर्घकालिक लाभों को ध्यान में रखती है। इसके साथ ही गोयल ने कहा कि वे दिन चले गए जब भारत दुनिया की शर्तों को स्वीकार करता था। गोयल ने साक्षात्कार में कहा–हम यह सुनिश्चित करने के लिए भविष्य पर नजर रखते हैं कि भविष्य में भी एफटीए का प्रभाव सकारात्मक होगा। हमारा ध्यान संतुलित, निष्पक्ष और न्यायसंगत एफटीए पर होता है। उन्होंने कहा–हमारी तरफ से पेश किए जा रहे बड़े भारतीय अवसर को देखा जा सकता है। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हमें (इन समझौतों से) देश के लिए आनुपातिक लाभ मिले।

सहकारिता मंत्री शाह ने सहकारिता क्षेत्र पर डाटाबेस शुरू किया

नई दिल्ली। सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को राष्ट्रीय सहकारिता क्षेत्र से जुड़ी जानकारी को लेकर आंकड़ों की सूची (डाटाबेस) जारी की। यह कदम सहकारी क्षेत्र की दक्षता और प्रभावशीलता में योगदान देगा। शाह ने 'डाटाबेस' शुरू करते हुए कहा कि इससे सहकारी क्षेत्र के विस्तार को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। मंत्री ने कहा कि 'डाटाबेस' को विकसित करने में लगभग दो साल लग गए और अब कोई भी कंप्यूटर पर माउस के एक क्लिक के साथ सहकारी क्षेत्र के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि 'डाटाबेस' की पेशकश, सहकारी क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होगा। राष्ट्रीय सहकारी 'डाटाबेस' एक वेब-आधारित डिजिटल डैशबोर्ड है जिसमें राष्ट्रीय एवं राज्य संघों सहित सहकारी समितियों के आंकड़ों को शामिल किया गया है।

शाकाहारी थाली फरवरी में महंगी पर मांसाहारी की लागत हुई कम

मुंबई, एजेंसी



प्याज और टमाटर के दाम बढ़ने से शाकाहारी थाली फरवरी महीने में सात प्रतिशत महंगी हो गई जबकि चिकेन सस्ता होने से मांसाहारी थाली नौ प्रतिशत तक सस्ती हुई।

क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिसिस ने 'रोटी चावल कीमत' पर शुक्रवार को जारी अपनी मासिक रिपोर्ट में कहा कि फरवरी में पोल्ट्री की कीमतों में गिरावट के कारण मांसाहारी थाली नौ प्रतिशत तक सस्ती हो गई है। शाकाहारी थाली की कीमत फरवरी में बढ़कर 27.5 रुपये हो गई जो एक साल पहले की समान अवधि में 25.6 रुपये थी। इस थाली में रोटी, सब्जी (प्याज, टमाटर और आलू), चावल, दाल, दही और सलाद शामिल हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक-प्याज और टमाटर की कीमतों में सालाना आधार पर क्रमशः 29 प्रतिशत और 38 प्रतिशत की वृद्धि के कारण शाकाहारी थाली की लागत बढ़ी है। इसके अलावा चावल और दाल भी महंगी हुई हैं। हालांकि जनवरी की तुलना में पिछले महीने की शाकाहारी थाली सस्ती है। मांसाहारी थाली के मामले में कीमत एक साल पहले की अवधि में 59.2 रुपये की तुलना में घटकर 54 रुपये हो गई। हालांकि जनवरी के 52 रुपये की तुलना में अधिक है। इस थाली में शाकाहारी थाली वाली दाल की जगह चिकन ने ले ली है। ब्रॉयलर मुर्गे की कीमतों में 20% की गिरावट आई।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	74,900
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	66,950
गिन्नी (प्रति नग)	49,8000–50,000
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	65,150
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	65,000
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	74,000
चांदी तैयार	74,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	65,000
सोना जेवरात गिन्नी	64,500
चांदी पक्की	736 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	65,150
चांदी आभूषण	73,900।

पड़ोसी देश के नेपाली व्यापारियों को यूपीआई के जरिए कीजिए भुगतान

मुंबई, एजेंसी

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने शुक्रवार को कहा कि यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) अब पड़ोसी देश नेपाल में भी उपलब्ध है।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि यूपीआई उपयोगकर्ता नेपाली व्यापारियों को क्यूआर कोड स्कैन करके भुगतान कर सकते हैं। पिछले साल सितंबर में एनपीसीआई अंतरराष्ट्रीय भुगतान (एनआईपीएल) और नेपाल के सबसे बड़े भुगतान नेटवर्क फोनेपे पेमेंट सर्विस के बीच एक समझौता हुआ था। इसके तहत ही पड़ोसी देश में यूपीआई से भुगतान शुरू हुआ है। कहा गया कि अपने पहले चरण में भारतीय उपभोक्ता यूपीआई-सक्षम ऐप का इस्तेमाल करके नेपाल के विभिन्न व्यावसायिक दुकानों में तेज, सुरक्षित और सुविधाजनक यूपीआई भुगतान कर सकेंगे। फोनपे नेटवर्क में शामिल व्यापारी भारतीय ग्राहकों से यूपीआई भुगतान ले सकते हैं। एनआईपीएल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी रितेश शुक्ला ने कहा-यह पहल न केवल डिजिटल भुगतान क्षेत्र में नवाचार करने की हमारी प्रतिबद्धता को, बल्कि व्यापार के लिए नए रास्ते बनाएगी।

सरकार बफर स्टॉक के लिए प्याज खरीदने की बना रही योजना

नई दिल्ली। सरकार इस साल अपने बफर स्टॉक के लिए पांच लाख टन प्याज खरीदने की योजना बना रही है। इसका उपयोग कीमत बढ़ने की स्थिति में उसे काबू में करने के लिए किया जा सकता है। सूत्रों ने शुक्रवार को कहा कि सरकार की तरफ से एनसीसीएफ (नेशनल कॉअपरेटिव कंज्यूमर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया लि.) और नैफेड (नेशनल एग्रीकल्चरल कॉअपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया लि.) जैसी एजेंसियां प्याज की खरीद करेंगी। खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने पिछले साल पांच लाख टन का बफर स्टॉक बनाया था।

इक्विटी म्यूचुअल फंड निवेश 23 महीनों में सर्वाधिक

नई दिल्ली, एजेंसी

- फंड कंपनियों के निकाय एम्फी ने जारी किए आंकड़े

इक्विटी म्यूचुअल फंड ने फरवरी में 26,866 करोड़ रुपये के प्रवाह के साथ अपनी बढ़त जारी रखी जो पिछले 23 महीनों का सर्वाधिक मासिक निवेश है। क्षेत्र आधारित कोषों के लिए बड़े पैमाने पर दिलचस्पी दिखाने और नई फंड पेशकश (एनएफओ) की वजह से इक्विटी म्यूचुअल फंड निवेश बढ़ा है। इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश का फरवरी का आंकड़ा जनवरी के 21,780 करोड़ रुपये के निवेश से लगभग 23 प्रतिशत अधिक है।

म्यूचुअल फंड कंपनियों के निकाय एम्फी की तरफ से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, मासिक व्यवस्थित निवेश योजना (एसआईपी) के जरिये योगदान जनवरी के 18,838 करोड़ रुपये को पार करते हुए फरवरी में 19,186 करोड़ रुपये के नए उच्च स्तर पर पहुंच गया। एम्फी (एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया) के मुख्य कार्यपालक वेंकट चलसानी ने कहा-हमने फरवरी 2024 में देखा कि 49.79 लाख नए एसआईपी पंजीकरण के साथ कुल 8.20 करोड़ एसआईपी खाते हो गए हैं। यह अनुशासित धन संचय के लिए निवेशकों की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। कुल मिलाकर, म्यूचुअल फंड उद्योग में फरवरी में 1.2 लाख करोड़ रुपये का प्रवाह देखा गया, जो जनवरी के लगभग बराबर ही था। इसमें ऋण-उन्मुख योजनाओं में 63,809 करोड़ रुपये, इक्विटी योजनाओं में 26,866 करोड़ रुपये और हाइब्रिड योजनाओं में 18,105 करोड़ रुपये का योगदान रहा।

राष्ट्रीय

नेशनल क्रिएटर्स पुरस्कार वितरण के दौरान बोले प्रधानमंत्री, देश के प्रति बढ़ रही जिज्ञासा

भारत के बारे में दुनिया के लिए करें सृजन

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में राष्ट्रीय रचनाकार पुरस्कार 2024 में मल्हार कलांबे को स्वच्छता राजदूत पुरस्कार प्रदान किया। ● एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को प्रौद्योगिकी के अलग-अलग माध्यमों से विभिन्न प्रकार की सामग्री सृजन करने वालों (कंटेंट क्रिएटर्स) से 'क्रिएट ऑन इंडिया मूवमेंट' शुरू करने और भारत की संस्कृति, विरासत और परंपराओं पर दुनिया के साथ कहानियों को साझा करने का आग्रह किया। मोदी ने यहां भारत मंडपम में प्रथम राष्ट्रीय सर्जक पुरस्कार (नेशनल क्रिएटर्स पुरस्कार) प्रदान करने के बाद कहा-आइए हम भारत के बारे में सृजन करें, दुनिया के लिए सृजन करें। 'ग्रीन चैंपियन' श्रेणी में प्रवेश पांडे को पुरस्कृत किया गया, जबकि कीर्तिका गोविंदसामी को सर्वश्रेष्ठ कहानीकार का पुरस्कार दिया गया। गायिका मैथिली ठाकुर को 'कल्चरल एंबेसडर ऑफ द ईयर' का पुरस्कार मिला। टेक श्रेणी में गौरव चौधरी और सर्वश्रेष्ठ यात्रा निर्माता पुरस्कार कामिया जानी को दिया गया।

मोदी ने कहा कि लोग उनसे उनकी सफलता का राज पूछते हैं, लेकिन वह हर किसी को जवाब नहीं देते हैं। उन्होंने कहा-क्या कोई रेस्तरां मालिक आपको अपनी रसोई दिखाएगा? ईश्वर की कृपा है, मैं समय से पहले समय को भांप सकता हूं। इसलिए मैं कह सकता हूं कि भविष्य में इन पुरस्कारों का महत्वपूर्ण स्थान होगा। उन्होंने कंटेंट क्रिएटर्स को देश के डिजिटल एंबेसडर के रूप में सम्मानित किया और कहा कि वे 'वोकल फॉर लोकल' के ब्रांड एंबेसडर भी हैं।

उन्होंने कहा-आइए, हम सब मिलकर 'क्रिएट ऑन इंडिया मूवमेंट' की शुरुआत करें। आइए, हम भारत से, भारत की संस्कृति, भारत की विरासत और परंपराओं से जुड़ी कहानियां पूरी दुनिया के साथ साझा करें। यह कहते हुए कि भारत के प्रति दुनिया की जिज्ञासा बढ़ रही है, प्रधानमंत्री ने कंटेंट क्रिएटर्स से संयुक्त राष्ट्र की भाषाओं, जैसे जर्मन, फ्रेंच, स्पेनिश आदि में अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए काम विकसित करने का आग्रह किया।

प्रधानमंत्री असम अरुणाचल, बंगाल और उप्र का दौरा करेंगे

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस सप्ताहांत असम, अरुणाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश का दौरा करेंगे और इस दौरान कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे तथा करोड़ों रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने शुक्रवार को एक बयान में यह जानकारी दी। पीएमओ के अनुसार, प्रधानमंत्री शुक्रवार रात को असम पहुंच जाएंगे और अगले दिन शनिवार की सुबह काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान का दौरा करेंगे। यहां से प्रधानमंत्री अरुणाचल के ईटानगर के लिए रवाना होंगे, जहां वह 'विकसित भारत, विकसित उत्तर पूर्व' कार्यक्रम में भाग लेंगे। वह सेला सुरंग राष्ट्र को समर्पित करेंगे और लगभग 10,000 करोड़ रुपये की उन्नति योजना की शुरुआत भी करेंगे।

शिव बरात के दौरान 16 बच्चे करंट लगने से झुलसे

कोटा/जयपुर, एजेंसी

- कोटा में महाशिवरात्रि के अवसर पर हुआ हादसा

राजस्थान के कोटा में महाशिवरात्रि के मौके पर शुक्रवार को शिव बारात में भाग लेने वाले 16 बच्चे और दो अन्य लोग करंट लगने से झुलस गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हादसे के घायलों को हर संभव चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन को उचित निर्देश दिए हैं। अधिकारियों ने बताया कि कुन्हाड़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत सगतपुरा इलाके में 10 से 16 साल के बच्चे कम ऊंचाई वाले 'हाई टेंशन' तार की चपेट में आ गये। उन्होंने बताया कि एक बच्चा 100 फीसदी तक झुलस गया जबकि चार अन्य बच्चे 40 से 50 फीसद तक झुलस गये। अधिकारी ने बताया कि सभी घायलों को आनन-फानन में कोटा के एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया। कोटा शहर की पुलिस अधीक्षक अमृता दुहान ने बताया कि घटना शुक्रवार को पूर्वाह्न करीब साढ़े ग्यारह बजे से 12 बजे के बीच उस समय हुई, जब शिव बारात कालीबस्ती से गुजर रही थी। उन्होंने बताया कि यात्रा में शामिल एक लड़के ने 22 फुट लंबी लोहे की छड़ पकड़ रखी थी जो ऊपर से गुजर रहे 'हाई-टेंशन' तार के संपर्क में आ गयी। छड़ के ऊपर एक झंडा भी लगा हुआ था। जिस बच्चे ने झंडा पकड़ा हुआ था, वह 100 फीसदी तक झुलस गया। वहीं उस बच्चे को बचाने का प्रयास करने वाले अन्य बच्चे भी झुलस गये। एमबीएस के अधीक्षक डॉ. धर्मराज मीणा ने कहा कि कम से कम 16 बच्चे, एक पुरुष व महिला को भर्ती कराया गया है।

मणिपुर में अपहृत जेसीओ को सेना ने मुक्त कराया

इंफाल। मणिपुर में अपहृत किए गए भारतीय सेना के एक जूनियर कमीशंड अधिकारी (जेसीओ) को कुछ घंटों के भीतर सुरक्षा एजेंसियों ने मुक्त करा लिया है। जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) रक्षा ने एक बयान में कहा कि थौबल के चारंगपत ममांग लेइकाई निवासी नायब सूबेदार कोनसम खेड़ा सिंह (40) का शुक्रवार को उनके आवास से संदिग्ध उग्रवादियों ने अपहरण कर लिया था और उन्हें एक वाहन में ले जाया गया। उन्होंने बताया कि सेना ने जेसीओ को बचाने के लिए सभी सुरक्षा एजेंसियों को शामिल करके एक समन्वित संयुक्त तलाशी अभियान चलाया। सुरक्षा बलों के समन्वित प्रयासों के परिणामस्वरूप जेसीओ को सुरक्षित बचा लिया गया। जेसीओ वर्तमान में थौबल जिले के काकचिंग के पास वाइखोंग पुलिस स्टेशन में है।

एक नजर

चुनावी बॉन्ड : 11 को कोर्ट में होगी सुनवाई

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट के पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ राजनीतिक दलों द्वारा नकदी में परिवर्तित किए गए प्रत्येक चुनावी बॉन्ड के विवरण का खुलासा करने के लिए 30 जून तक समय बढ़ाने का अनुरोध करने वाली भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की एक अर्जी पर 11 मार्च को सुनवाई करेगा। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ एक अलग याचिका पर भी सुनवाई करेगी, जिसमें एसबीआई के खिलाफ अवमानना कार्रवाई शुरू करने का अनुरोध किया गया है।

मीरवाइज को नमाज पढ़ने की मिली अनुमति

श्रीनगर। हुर्रियत कांफ्रेंस के अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक को पांच महीने बाद जामिया मस्जिद में नमाज पढ़ने की अनुमति दे दी गई। एक अधिकारी ने बताया–मीरवाइज को आज दोपहर को यहां शहर के निगीन इलाके में उनके आवास से बाहर निकलने की अनुमति दी गई। अधिकारियों ने बताया कि अपने आवास से निकलने के बाद मीरवाइज शहर की जामिया मस्जिद पहुंचे और नमाज अदा की।

कोर्ट ने मध्यस्थता के जरिए यौन उत्पीड़न का मामला सुलझाने के कदम पर जताई नाराजगी

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक करीबी रिश्तेदार द्वारा दो लड़कियों के यौन उत्पीड़न के मामले को मध्यस्थता से सुलझाने के कदम पर नाराजगी जताई और कहा कि गंभीर प्रकृति के ऐसे अपराधों का इस तरह समाधान नहीं किया जा सकता। उच्च न्यायालय ने कहा कि यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि इस तरह के अपराधों में उपयुक्त कानूनी कार्यवाही की जाए। अदालत ने कहा कि पीड़िता को आवश्यक सहयोग, संरक्षण और न्याय मिले जिनकी वे हकदार हैं। न्यायमूर्ति स्वर्णकांत शर्मा ने यौन उत्पीड़न के मामले में कहा-अदालत इस तरह की संवेदनहीनता नहीं दिखा सकती।

पापा, मेरे से जेईई नहीं हो पाएगा, मैं जा रहा हूं

कोटा (राजस्थान) एजेंसी

- आत्महत्या से पहले 16 वर्षीय किशोर ने कहा

पापा, मेरे से जेईई नहीं हो पाएगा। क्षमा करियेगा, मैं जा रहा हूं.... यह अंतिम शब्द कोटा में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले उस 16 वर्षीय किशोर के हैं जो उसने संभवतः जहर खाकर आत्महत्या करने से पहले पहले अपने पिता से कहे थे। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पुलिस उपाधीक्षक धर्मवीर सिंह ने कहा कि बिहार के भागलपुर के रहने वाले अभिषेक मंडल का शव शुक्रवार की सुबह यहां विज्ञान नगर इलाके में स्थित एक पेइंग गेस्ट आवास से बरामद किया गया। ऐसा संदेह है कि बृहस्पतिवार की देर रात उसकी मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि पुलिस की टीम को घटनास्थल से सुसाइड नोट भी बरामद हुआ, जिसमें मृतक ने अपने पिता से जेईई (संयुक्त प्रवेश परीक्षा) पास न करने के बारे में असमर्थता जताई है। अधिकारी ने कहा कि सुसाइड नोट में लिखा हुआ था, पापा, मेरे से जेईई नहीं हो पाएग। क्षमा करिएगा, मैं जा रहा हूं।

गृहमंत्री अमित शाह के घर में 200 उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा

नई दिल्ली, ब्यूरो

- 11 मार्च को उम्मीदवारो की दूसरी सूची होगी फाइनल

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने लगभग 200 उम्मीदवारों के नाम तय कर दिए हैं। इनकी घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिल्ली आने के बाद ही होगी। दूसरी सूची जारी करने के लिए शनिवार को होने वाली चुनाव समिति की बैठक भी इसीलिए टल गई है क्योंकि मोदी असम एवं उत्तर प्रदेश के दौरे पर निकल गए हैं। शुक्रवार को गृहमंत्री अमित शाह के आवास पर महाराष्ट्र सहित कई राज्यों के टिकट दावेदारों पर विचार-विमर्श हुआ। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित कई अन्य वरिष्ठ नेता भी थे।

"इस बार चार सौ पार" फार्मूले के तहत भाजपा ने एक ठोस रणनीति बनाई है जिसके तहत एक-एक सीट पर बारीकी से अध्ययन किया जा रहा है और प्रत्याशियों के चयन से पहले सभी पहलुओं पर राय मशविरा हो रहा है। उम्मीदवारों के चयन में कई स्तर पर विचार करने के बाद एक-एक नाम को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी प्रक्रिया के तहत लगभग दो सौ उम्मीदवारों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। लेकिन उसमें अंतिम मोहर प्रधानमंत्री की मौजूदगी में चुनाव समिति की बैठक के दौरान लगेगी। 195 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी हो चुकी है दूसरी सूची में लगभग 200 उम्मीदवारों की घोषणा होने का अनुमान है। तीसरी सूची में उन उम्मीदवारों के नाम होंगे, जिनमें ज्यादा उठापटक है।

सूत्रों के मुताबिक यह भी पता चला है कि दूसरी सूची में कुछ नामों पर स्वयंसेवक संघ का दबाव है इसीलिए शनिवार को होने वाली चुनाव समिति की बैठक को टाल दिया गया है। क्योंकि शुक्रवार को दोपहर में प्रधानमंत्री असम के दौरे पर निकल गए हैं। 9 मार्च की रात मोदी बनारस में रहेंगे और दूसरे दिन आजमगढ़ के कार्यक्रम में सम्मिलित होने के बाद 10 मार्च की रात तक दिल्ली पहुंचेंगे। भाजपा सूत्रों के मुताबिक चुनाव समिति की बैठक 11 मार्च को हो सकती है। अभी तक तय किए गए नामों पर 10 मार्च की रात को मोदी विचार कर सकते हैं। फिलहाल 11 मार्च का दिन भाजपा टिकटार्थियों के लिए काफी अहम होगा। उस दिन दूसरी सूची जारी की जाएगी और 12 मार्च को मोदी जैसलमेर (राजस्थान) चले जाएंगे।

सीबीआई ने शाहजहां शेख के आवास, कार्यालय पर की छापेमारी

कोलकाता, एजेंसी

संदेशखालि मामला

- हमले के संबंध में सबूत इकट्ठा करने के लिए पहुंचे अधिकारी

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के अधिकारियों ने पश्चिम बंगाल के संदेशाखालि में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के एक दल पर हमले की जांच के सिलसिले में निलंबित तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शाहजहां शेख के आवास और कार्यालय पर शुक्रवार को छापे मारे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

सीबीआई के अधिकारी हमले के संबंध में सबूत इकट्ठा करने के लिए संदेशखालि स्थित सरबेरिया के अकुंचीपारा इलाके में शाहजहां के आवास के पास के इलाकों में भी गए। इसके बाद अधिकारी उसके कार्यालय गए। शेख को राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस से निलंबित कर दिया गया है। उसे पांच जनवरी को पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों पर भीड़ द्वारा उस समय हमला किए जाने संबंधी मामले में गिरफ्तार किया गया जब अधिकारी कथित राशन घोटाले से जुड़े मामले के सिलसिले में उसके आवास परिसर गए थे। इस छापेमारी में फोरेंसिक और प्रवर्तन निदेशालय अधिकारियों ने भी सीबीआई टीम को सहयोग दिया। छापे मारने वाली 14-सदस्यीय टीम में सीबीआई के छह कर्मियों और छह केंद्रीय फोरेंसिक अधिकारियों के अलावा प्रवर्तन निदेशालय के वे दो कर्मी भी शामिल थे, जो पांच जनवरी को किये गये हमले में घायल हुए थे। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसियों के कर्मियों की सुरक्षा के लिए इलाके में केंद्रीय बलों की एक बड़ी टुकड़ी तैनात की गई है।

टीएमसी सरकार शेख को बचा रही : पूनावाला

नई दिल्ली। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने शुक्रवार को विपक्ष पर हमला बोला और आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस सरकार अपनी पार्टी के निलंबित नेता शाहजहां शेख को बचा रही है। शेख पर पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में महिलाओं के यौन शोषण और जमीन हड़पने का आरोप है। पूनावाला ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा–एक तरफ प्रधानमंत्री 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का संदेश दे रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ ममता दीदी पश्चिम बंगाल के संदेशखालि से 'शाहजहां बचाओ' का संदेश दे रही हैं। उन्होंने कहा–वे (कांग्रेस) 'लड़की हूं लड़ सकती हूं' जैसे अभियान चलाते हैं लेकिन महिला सशक्तीकरण के लिए कुछ नहीं करते। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की आलोचना करते हुए पूनावाला ने कहा कि अभियान और नारे लगाने के बजाय, उन्हें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश होना चाहिए।

सुपरटेक के अध्यक्ष को धनशोधन मामले में नहीं मिली जमानत

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने धनशोधन के एक मामले में निर्माण कारोबार से जुड़ी कंपनी सुपरटेक समूह के अध्यक्ष एवं प्रवर्तक आर. के. अरोड़ा की 'डिफाल्ट' जमानत याचिका खारिज कर दी है।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने अरोड़ा की इस दलील को खारिज कर दिया कि अभियोजन शिकायत (आरोप-पत्र) दाखिल करने की तारीख तक जांच पूरी नहीं हुई थी, क्योंकि आरोप-पत्र के साथ एफएसएल रिपोर्ट संलग्न नहीं थी और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शिकायत दर्ज करने के बाद मामले में एक अन्य व्यक्ति को तलब किया था।

खेल डायरी

निशांत विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर्स के प्री क्वार्टर फाइनल में

बुस्तो अर्सिजियो (इटली), एजेंसी। विश्व चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता निशांत देव जॉर्जिया के मेदीयेव एस्केरखान को हराकर पहले विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर में पुरुषों के 71 किलोवर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। निशांत ने 5-0 से जीत दर्ज की। युवा विश्व चैंपियन अंकुशिता बोरो (66 किलो) और राष्ट्रीय चैंपियन संजीत (92 किलो) को पहले दौर में पराजय झेलनी पड़ी। अंकुशिता को फ्रांस के सॉविको एमिली ने 3-2 से हराया। वहीं संजीत को कजाखस्तान के एबेक ओरलबे ने 5-0 से मात दी। टूर्नामेंट में 590 से अधिक मुक्केबाज भाग ले रहे हैं, जिनसे पेरिस ओलंपिक के लिए 49 कोटा (28 पुरुष और 21 महिला) हासिल होने हैं। भारत ने अब तक पेरिस ओलंपिक के लिए 4 कोटे हासिल किए हैं जो निकहत जरीन (50 किलो), प्रीति (54 किलो), परवीन हुडा (57 किलो), लवलीना बोरगोहेन (75 किलो) को मिले हैं। दूसरा विश्व क्वालीफाइंग टूर्नामेंट 23 मई से 3 जून तक बैंकाक में खेला जाएगा।

नागल पहले दौर में कनाडा के मिलोस से हारे

इंडियन वेल्स, एजेंसी। भारत के सुमित नागल को बीएनपी परीबस ओपन के पहले दौर में कनाडा के मिलोस राओनिच ने सीधे सेटों में हरा दिया। रफेल नडाल के नाम वापिस लेने के बाद नागल 'लकी लूजर' के तौर पर मुख्य ड्रॉ में पहुंचे थे। एटीपी रैंकिंग में 101वें स्थान पर काबिज नागल को एक घंटे 28 मिनट तक चले मैच में 3-6, 3-6 से पराजय झेलनी पड़ी। नगल क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के दूसरे दौर में हार गए थे लेकिन नडाल के नाम वापिस लेने के बाद मुख्य ड्रॉ में पहुंचे। नागल जनवरी में आस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे थे। अगर वह एटीपी रैंकिंग में शीर्ष 100 में आकर बने रहते हैं तो पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर सकते हैं।

वापसी के साथ पहला मैच हारीं वीनस विलियम्स

इंडियन वेल्स, एजेंसी। छह महीने में पहली बार टूर पर खेल रही अमेरिकी धुरंधर वीनस विलियम्स बीएनपी परीबस ओपन के पहले दौर में क्वालीफायर नाओ हिबिनो से 6-2, 3-6, 0-6 से हार गई। पिछले साल अगस्त में अमेरिकी ओपन के पहले दौर में हारने के बाद वीनस पहली बार खेल रही थी। उन्होंने आखिरी ग्रैंडस्लैम 2008 विम्बलडन जीता था। हिबिनो का सामना अब 17वीं वरीयता प्राप्त वेरोनिका कुदेरमेतोवा से होगा। अन्य मुकाबलों में तीन बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका ने क्वालीफायर सारा ईरानी को 6-3, 6-1 से हराया। पुरुष वर्ग में 3 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन स्टान वावरिंका को थॉमस मचाक ने हराया।

अफगानिस्तान मैच खेलने जाएगी भारतीय फुटबॉल टीम

कोलकाता, एजेंसी। भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम अफगानिस्तान के खिलाफ 21 मार्च को होने वाले 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग राउंड 2 मैच के लिए चार्टर्ड विमान से सऊदी अरब के आभा जाएगी। अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। भारतीय टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक यात्रा संबंधी परेशानियों को लेकर एआईएफएफ के सामने गंभीर चिंताएं व्यक्त की थी जिसके बाद महासंघ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने यह कदम उठाया। चौबे ने कहा कि हम राष्ट्रीय टीम से जुड़े मसलों पर कभी कोई समझौता नहीं करते हैं और इसलिए हमने अपने खिलाड़ियों को आभा पहुंचाने के लिए चार्टर्ड विमान किराए पर लेने का फैसला किया है। हम अपनी राष्ट्रीय टीम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। राष्ट्रीय टीम ने इससे पहले शायद कभी यात्रा के लिए चार्टर्ड विमान का उपयोग किया हो। स्टिमक ने एआईएफएफ के इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि मैं खुश हूं और मुझे उम्मीद है कि खिलाड़ी एआईएफएफ के प्रयासों को समझेंगे। अफगानिस्तान के घरेलू मैच तटस्थ स्थल पर खेले जा रहे हैं जबकि भारत इस देश के खिलाफ अपना घरेलू मैच 26 मार्च को गुवाहाटी में खेलेगा।

रोहित और गिल के शतकों से भारत की स्थिति मजबूत

भारत ने दूसरे दिन 255 रन की बनाई बढ़त, रोहित और गिल ने दूसरे विकेट के लिए की 171 रन की साझेदारी

शुभमन गिल

110 रन **150** गेंद

10 चौके **5** छक्के

धर्मशाला, एजेंसी

कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल के शतकों की मदद से भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी टेस्ट मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को आखिरी सत्र में विकेट जल्दी गिरने के बावजूद अपनी स्थिति मजबूत करते हुए 8 विकेट पर 473 रन बना लिए। भारत ने आखिरी सत्र में 97 रन में 5 विकेट गंवाए। इससे पहले रोहित (162 गेंद में 103 रन) और गिल (150 गेंद में 110 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 244 गेंद में 171 रन जोड़े। पहला टेस्ट खेल रहे देवदत्त पड्डिकल ने 103 गेंद में 65 रन बनाए जबकि सरफराज ने 60 गेंद में 56 रन बनाए और चाय के बाद पहली गेंद पर ही विकेट दे दिया।

धर्मशाला में दूसरे दिन भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे मैच के दौरान शॉट लगाते रोहित शर्मा।

भारत ने 1 विकेट पर 135 रन से आगे खेलते हुए दूसरे दिन के आखिर में 255 रन की बढ़त बनाई। इंग्लैंड के आफ स्पिनर शोएब बशीर ने 44 ओवर में 170 रन देकर 4 विकेट लिए जबकि बाए हाथ के स्पिनर टॉम हार्टली ने 39 ओवर में 126 रन देकर 2 विकेट लिए। चाय ब्रेक के समय भारत का स्कोर 3 विकेट पर 376 रन था लेकिन आखिरी सत्र में इंग्लैंड ने अच्छी गेंदबाजी की तो भारतीयों ने अपने विकेट गंवाए। बशीर की गेंद पर सरफराज ने पहली स्लिप में जो रूट को कैच थमाया। वहीं पड्डिकल को बशीर ने बोल्ड किया। ध्रुव जुरेल (15) खराब शॉट खेलकर आउट हुए। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने नौ महीने में पहली गेंद डाली और रोहित को बोल्ड किया। उसके बाद सरफराज और पड्डिकल ने पारी को आगे बढाया। स्टोक्स ने पिछले साल घुटने के आपरेशन के बाद गेंदबाजी करना बंद कर दिया था। पहले सत्र में गेंदबाजों को नाकाम होता देख दूसरे सत्र में गेंद संभाली। पहली ही गेंद पर उन्होंने रोहित का आफ स्टम्प उखाड़ दिया। अगले ओवर में जेम्स एंडरसन ने गिल को बोल्ड किया। उस समय भारत का स्कोर 3 विकेट पर 279 रन था। पड्डिकल ने आफ साइड से अधिकांश रन बनाए। वहीं सरफराज ने धीमी शुरूआत के बाद लय पकड़ी। उन्होंने 81वें ओवर में शृंखला में तीसरा अर्धशतक पूरा किया। कल के स्कोर 1 पर 135 रन से आगे खेलते हुए भारत ने सुबह शानदार शुरूआत की। इंग्लैंड पहली पारी में 218 रन पर सिमट गई थी। रोहित और गिल की साझेदारी तोड़ने की इंग्लैंड की हर कोशिश नाकाम रही। एचपीसीए स्टेडियम पर भारतीय प्रशंसकों से अधिक शोर 'बार्मी आर्मी' (इंग्लैंड के समर्थकों) ने मचाया। रोहित और गिल ने सुबह दो घंटे के खेल में 30 ओवर में 129 रन बनाए। बशीर ने जेम्स एंडरसन के साथ गेंदबाजी की शुरुआत की। रोहित ने दूसरे ओवर में उन्हें छक्का और चौका लगाया। वहीं गिल ने एंडरसन को छक्का जड़ने के बाद स्क्वेयर कट पर चौका लगाया। इंग्लैंड को एकमात्र मौका मिला, लेकिन जाक क्रॉली लेग स्लिप में रोहित का कैच नहीं लपक सके। पहले घंटे में 15 ओवर में 60 रन बने। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने लेग साइड में 6 फील्डर लगाए, लेकिन निराशा हाथ लगी। मिड आफ खाली देखकर रोहित ने वुड को चौका जड़ा। बशीर को दूसरे स्पेल में गिल ने सिर के ऊपर से छक्का लगाया। रोहित ने टॉम हार्टली की गेंद पर 1 रन लेकर 12वां टेस्ट शतक पूरा किया। दो गेंद बाद गिल ने बशीर को चौका जड़कर सौ रन बनाया। शृंखला में दूसरा शतक जमाने के बाद उन्होंने हेलमेट उतारकर दर्शकों का झुककर अभिवादन किया, जिसमें उनके पिता बैठे थे।

स्कोर बोर्ड

इंग्लैंड (पहली पारी) 218

भारत (पहली पारी) 473/8 (120 ओवर)

खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
यशस्वी स्ट फोक्स बो बशीर	57	58	5/3
रोहित शर्मा बो स्टोक्स	103	162	13/3
शुभमन गिल बो एंडरसन	110	150	10/5
देवदत्त पड्डिकल बो बशीर	65	103	10/1
सरफराज खान का रूट बो बशीर	56	60	8/1
रविंद्र जडेजा पगबाधा बो हार्टली	15	50	0/0
ध्रुव जुरेल का डकेट बो बशीर	15	24	2/0
रविचंद्रन अश्विन बो हार्टली	00	05	0/0
कुलदीप यादव नाबाद	27	55	2/0
जसप्रीत बुमराह नाबाद	19	55	2/0

अतिरिक्त: 6, **विकेट पतन:** 1-104, 2-275, 3-279, 4-376, 5-403, 6-427, 7-427, 8-428, **गेंदबाजी:** एंडरसन 14-1-59-1, वुड 15-1-89-0, हार्टली 39-3-126-2, बशीर 44-5-170-4, स्टोक्स 5-1-17-1, रूट 3-0-8-0

बीमारी ने खेल के प्रति बढ़ाया लगाव: पड्डिकल

धर्मशाला, एजेंसी

दो साल से अधिक समय से स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से देवदत्त पड्डिकल अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पा रहे थे लेकिन इन परिस्थितियों ने उनका खेल के प्रति लगाव बढ़ा दिया और आखिर में वह भारत की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने में सफल रहे।

पड्डिकल ने 2021 में श्रीलंका के खिलाफ टी-20 मैच से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था लेकिन

कोविड होने और पेट संबंधी बीमारी से उनके करियर का ग्राफ आगे नहीं बढ़ पाया। इनसे पार पाने के बाद पड्डिकल ने घरेलू क्रिकेट में रनों का अंबार लगना शुरू कर दिया, जिसका परिणाम यह निकला कि उन्हें भारतीय टेस्ट टीम में जगह मिली। इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम टेस्ट में उन्होंने शुक्रवार को 65 रन की पारी खेली, जिसमें 10 चौके और 1 छक्का है। पड्डिकल ने कहा कि मेरा हमेशा से मानना रहा है कि आप जो भी काम करते हो उसमें सफलता के लिए अनुशासन होना जरूरी है। चाहे वह अभ्यास हो या दैनिक जीवन की आदतें या भोजन। मैंने अनुशासित रहने का प्रयास किया और यही मेरा लक्ष्य था। बीमारी के दौरान मैं बहुत कुछ नहीं कर सका लेकिन फिर भी मैं चाहता था कि मैं अन्य क्षेत्रों में पीछे ना रहूं। मैंने खुद पर काम जारी रखा फिर चाहे वह मानसिक हो या फिर छोटी -छोटी चीजें। पड्डिकल ने जब पूर्ण फिटनेस हासिल करने के बाद वापसी की तो उनका खेल निखर गया था। उन्होंने कहा कि तकनीकी तौर पर और मानसिक तौर पर भी मैंने बदलाव किए। मैं यह सुनिश्चित करने की कोशिश की कि मैं खेल का पूरा लुत्फ उठाऊं। मुझे एहसास हुआ कि इस खेल से मेरा कितना लगाव है।

पीवी सिंधू ओलंपिक चैंपियन चेन से हारी

फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट

पेरिस, एजेंसी

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू ने जबर्दस्त जुझारूपन दिखाया लेकिन फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में ओलंपिक चैंपियन चेन यू फेइ से हार गई।

चोट के कारण चार महीने बाद वापसी कर रही सिंधू ने करीब डेढ़ घंटे चले मुकाबले में अपनी फिटनेस और कौशल की बानगी पेश की लेकिन 24-22, 17-21, 18-21 से पराजय झेलनी पड़ी। सिंधू ने 2019 में दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी चेन को हराकर विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण जीता था। उसके बाद से दो मुकाबलों में वह चेन से हार चुकी हैं। वहीं भारतीय जोड़ी सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी मलेशिया के मान वेइ चोंग और केइ वू ती को सीधे गेम में हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। चाइना ओपन 2023, मलेशिया ओपन सुपर 1000 और इंडिया ओपन सुपर 750 में उपविजेता रही सात्विक और चिराग की जोड़ी ने मलेशियाई जोड़ी को 21-13, 21-12 से हराया। यह मुकाबला सिर्फ 32 मिनट चला। अब उनका सामना थाईलैंड के जोमकोह सुपाक और केडरेन के से होगा। महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। उन्होंने जापान की युकी फुकुशिमा और सायाका हिरोता को 21-18, 21-13 से हराया। अब उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त किंग चेन चेन और यि फान जिया की चीनी जोड़ी से होगा।

यूपी वॉरियर्स ने दिल्ली कैपिटल्स को 1 रन से हराया

नई दिल्ली, एजेंसी

यूपी वॉरियर्स ने दीप्ति शर्मा के शानदार प्रदर्शन और ग्रेस हैरिस की गेंदबाजी से शुक्रवार को विमेंस प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स को 1 रन से हराया है। 139 रन के लक्ष्य पाने उतरी दिल्ली की शुरुआत अच्छी नहीं रही। चौथे ओवर में ठाकोर ने शेफाली वर्मा को 15 रन पर बोल्ड कर दिया। ऐलिस कैप्सी भी 15 रन बना सकीं। जेमिमा रॉड्रिग्स 17, ऐनाबेल सदरलैंड 6, अरुंधति रेड्डी 0 और शिखा पांडे 4 रन बना पाईं। मेग लानिंग की 60 रनों की पारी के दम पर दिल्ली के 7 विकेट पर 128 रन थे, लेकिन हैरिस ने राधा यादव को 9 रन पर बोल्ड कर दिल्ली से जीत छीन ली। जेस जॉनसन 11 रन पर रनआउट हुई। टिटास साधु शून्य पर हैरिस का शिकार बनीं। दिल्ली 19.5 ओवर में 137 रन पर सिमट गई। यूपी की दीप्ति शर्मा ने 4 और ग्रेस हैरिस और साइमा ठाकोर ने 2-2 विकेट लिए। सोफी ने 1 विकेट लिया। दीप्ति की 59 रनों की पारी के दम पर यूपी ने दिल्ली को 139 रन का लक्ष्य दिया है। यूपी ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी की। यूपी ने 10 रन पर पहला विकेट किरण नवगिरे (5) के रूप में गवां दिया। किरण को साधु ने बोल्ड किया। कप्तान अलिसा हीली 29 रन बना सकीं। ग्रेस हैरिस भी 14 रन ही बना पाईं। दीप्ति शर्मा ने 48 गेंदों में 6 चौकों और 1 छक्के की मदद से 59 रन बनाए। यूपी का शेष कोई भी बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सका। यूपी ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 138 रन बनाए। दिल्ली से टिटास साधु और राधा यादव ने 2-2 विकेट लिए। शिखा पांडे, अरुंधति रेड्डी, जेस जॉनासन और ऐलिस कैप्सी ने 1-1 विकेट लिए। बल्लेबाज को आउट किया।

खास हैं स्टोक्स, इंग्लैंड को बनाया बेहतरीन टीम : मोईन

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के खिलाफ मौजूदा टेस्ट शृंखला में खराब प्रदर्शन के बावजूद मोईन अली ने बेन स्टोक्स की तारीफ में कहा है कि उन्होंने इंग्लैंड को बेहतरीन टीम बनाया है। टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह चुके मोईन ने कहा कि जो रूट और एलेस्टेयर कुक मेरे कप्तान रहे हैं लेकिन स्टोक्स अलग है। वह जिस तरह से खेल और टीम को आगे लेकर गया है, वह शानदार है। मोईन ने इंग्लैंड की अति आक्रामक 'बैजबॉल' शैली का बचाव किया जिसकी इस समय आलोचना हो रही है। उन्होंने कहा कि हर कोई बैजबॉल के बारे में बात कर रहा है लेकिन वे इसमें विश्वास नहीं करते। मुझे लगता है कि वह खास कप्तान और खास खिलाड़ी है। मोईन ने कहा कि भारत से उनका सामना कठिन विकेट पर था। बैजबॉल में हमेशा मौका होता है। भारत के लिए यशस्वी ने शानदार प्रदर्शन किया। टेस्ट क्रिकेट को आगे ले जाने की जरूरत है और बैजबॉल वही कर रहा है। आईपीएल में 5 बार की चैंपियन चेन्नई के लिए खेलने वाले मोईन ने कहा कि कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की अप्रत्याशित रणनीतियों से उनकी टीम का पलड़ा हमेशा भारी रहता है।

बॉलीवुड हलचल

अजय की 'मैदान' अब्दुल रहमान के जीवन पर आधारित



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की आने वाली फिल्म मैदान का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म मैदान फुटबॉल कोच सैय्यद अब्दुल रहमान के जीवन पर आधारित है। अमित शर्मा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अजय देवगन ने 1952 से 1962 तक रहे भारतीय फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम की भूमिका निभाई है। उन्हें आधुनिक भारतीय फुटबॉल का वास्तुकार भी कहा जाता है। फिल्म मैदान का ट्रेलर रिलीज हो गया है।ट्रेलर में वर्ष 1952 से लेकर वर्ष 1962 तक के उस दौर को दिखा गया है, जिसे खेल जगत में भारतीय फुटबॉल का गोल्डन एरा माना जाता है। इस दौरान कोलकाता के मैदानों से किस तरह से इंडियन फुटबॉल का उदय हुआ और कोच सैयद अब्दुल रहीम के कड़े संघर्ष के बाद एशियाई गेम्स में भारतीय टीम ने कई गोल्ड मेडल जीते। फिल्म मैदान में प्रियामणि, रुद्रनील घोष और गजराज राव भी हैं। बोनी कपूर, आकाश चावला, अरुणव जॉय सेनगुप्ता और जी स्टूडियो द्वारा निर्मित यह फिल्म ईद 2024 पर रिलीज होने वाली है।

अक्षय कुमार ने फैंस को दी महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार ने अपने फैंस को महा शिवरात्रि की शुभकामना दी है। आज पूरे देश में महा शिवरात्रि का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया पर अपने फैंस को महा शिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए एक पोस्ट शेयर किया है। अक्षय कुमार ने अपनी इंस्टा स्टोरी में भगवान शिव की तस्वीर शेयर की है। इसके साथ ही शुभकामनाएं देते हुए अक्षय ने ने लिखा, "देवों के हैं देव ... हर हर महादेव। महा शिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं। जय महाकाल।

फिल्म ओडेला 2 में तमन्ना शिव भक्ति में लीन

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री तमन्ना भाटिया की आने वाली तेलुगु फिल्म ओडेला 2 से तमन्ना का लुक रिलीज कर दिया गया है। तमन्ना भाटिया इन दिनों फिल्म ओडेला 2 की शूटिंग कर रही हैं। इस बीच ओडेला 2 से तमन्ना भाटिया का पहला लुक रिलीज कर दिया गया है। महाशिवरात्रि पर तमन्ना भाटिया ने सोशल मीडिया पर फिल्म 'ओडेला 2' से अपना पहला लुक शेयर किया है। पोस्टर में तमन्ना भगवान शिव की भक्ति में लीन दिखाई दे रही हैं। पोस्टर में देखा जा सकता है कि तमन्ना ने एक हाथ में डमरू लिया है, माथे पर चंदन लगाया है और एक हाथ में लाल-पीली मौली से रंगी लकड़ी पकड़ी है। पोस्टर शेयर करते हुए तमन्ना भाटिया ने कैप्शन में लिखा है, ओडेला 2 का पहला लुक। मुझे महाशिवरात्रि के इस शुभ दिन पर पहली झलक का खुलासा करते हुए खुशी हो रही है। हर हर महादेव। हैप्पी महा शिवरात्रि। 'ओडेला 2' में तमन्ना भाटिया भैरवी का किरदार निभाती नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन अशोक तेज कर रहे हैं।

मध्य प्रदेश में टैक्स फ्री आर्टिकल-370

मुंबई, एजेंसी। अभिनेत्री यामी गौतम की फिल्म आर्टिकल-370 मध्य प्रदेश में टैक्स फ्री हो गई है। आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म 23 फरवरी को रिलीज हुई थी। इस फिल्म में यामी गौतम और प्रियामणि ने अहम भूमिका निभाई है। यह फिल्म जम्मू कश्मीर को दिए विशेष दर्जे को रद्द करने के फैसले पर आधारित है। मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव फिल्म आर्टिकल 370 के मध्य प्रदेश में टैक्स फ्री होने की जानकारी लोगों के साथ अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर शेयर की।

मडगांव का पहला गाना बेबी ब्रिंग इट ऑन जारी

मुंबई,एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता कुणाल खेमू के निर्देशन में बनी फिल्म 'मडगांव एक्सप्रेस' का पहला गाना 'बेबी ब्रिंग इट ऑन' रिलीज हो गया है। कुणाल खेमू फिल्म 'मडगांव एक्सप्रेस' के साथ निर्देशन के क्षेत्र में डेब्यू करने जा रहे हैं। इस फिल्म में दिव्येंदु शर्मा, प्रतीक गांधी और अविनाश तिवारी की मुख्य भूमिका है। फिल्म 'मडगांव एक्सप्रेस' का पहला गाना 'बेबी ब्रिंग इट ऑन' रिलीज हो गया है, जिसे अजय गोगावले और निखिता गांधी ने मिलकर गाया है। 'बेबी ब्रिंग इट ऑन' के बोल कुमार ने लिखे हैं। नोरा फतेही 'बेबी ब्रिंग इट ऑन' गाने में डांस करती नजर आ रही हैं। मडगांव एक्सप्रेस की कहानी तीन ऐसे दोस्तों की है, जो बचपन से ही गोवा जाने का सपना संजोए हैं। तीनों का यह सपना पूरा भी हो जाता है। वो जैसे-तैसे गोवा पहुंच जाते हैं। लेकिन वहां नोरा फतेही और उनके साथ छाया कदम और उपेंद्र लिमये मिलते हैं, जो उनकी इस यात्रा को और रोमांचक बना देते हैं। रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर के प्रोडक्शन हाउस में बनी 'मडगांव एक्सप्रेस' एक कॉमेडी फिल्म है, जो तीन दोस्तों के एक अतरंगी रोड ट्रिप पर आधारित होगी। फिल्म में तीन बचपन के दोस्त गोवा की यात्रा पर निकलते हैं, बीच रास्ते में उनके साथ क्या-क्या गुजरती है इसे हलकी-फुलकी कॉमेडी के रूप में इस फिल्म में पेश किया गया है। `मडगांव एक्सप्रेस` 22 मार्च, 2024 को रिलीज होगी।

सिद्धार्थ की फिल्म योद्धा का दूसरा गाना तेरे संग इश्क हुआ



मुंबई, जारी। बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा की आने वाली फिल्म योद्धा का दूसरा गाना 'तेरे संग इश्क हुआ' रिलीज हो गया है। सागर आम्ब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी 'योद्धा' का निर्माण करण जौहर ने किया है। कुछ दिनों फिल्म योद्धा का पहला गाना 'जिंदगी तेरे नाम' रिलीज किया गया था, जिसे लोगों ने प्यार दिया। अब योद्धा का दूसरा गाना 'तेरे संग इश्क हुआ' भी रिलीज कर दिया है। 'तेरे संग इश्क हुआ' में सिद्धार्थ मल्होत्रा और राशि खन्ना के बीच केमिस्ट्री देखने को मिली है। इस गाने को अरिजीत सिंह और नीति मोहन ने गाया है। वहीं, इसे कंपोज तनिष्क बागची ने किया है और इसके लिरिक्स कुणाल वर्मा ने लिखे हैं। फिल्म 'योद्धा' में सिद्धार्थ मल्होत्रा, दिशा पाटनी और राशी खन्ना की अहम भूमिका है। यह एक एक्शन फिल्म है।फिल्म योद्धा इस साल 15 मार्च को रिलीज होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

चीन के विरुद्ध भारत से सहयोग मजबूत कर रहा अमेरिका

वाशिंगटन, एजेंसी

- बाइडन ने कहा, अमेरिका चीन के साथ प्रतिस्पर्धा चाहता है न कि टकराव

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने गुरुवार को कहा कि भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान जैसे अपने सहयोगियों के साथ अमेरिका अपनी साझेदारी को और मजबूत कर रहा है। इसके साथ ही उनका देश अनुचित आर्थिक व्यवहार, ताइवान जलडमरूमध्य में शांति व सुरक्षा के लिए चीन के खिलाफ खड़ा है ।

स्टेट ऑफ द यूनियन संबोधन में बाइडन ने कहा कि अमेरिका, चीन के साथ प्रतिस्पर्धा चाहता है न कि टकराव। बाइडन ने गुरुवार को अमेरिकियों को बताया कि देश बीजिंग के खिलाफ 21वीं सदी में प्रतिस्पर्धा जीतने के लिए मजबूत स्थिति में है। उन्होंने कहा, 'हम चीन के अनुचित आर्थिक कदमों और ताइवान जलडमरूमध्य में शांति व सुरक्षा के लिए उसके खिलाफ खड़े हैं और साथ ही सहयोगियों और प्रशांत क्षेत्र के देशों भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान तथा दक्षिण कोरिया के साथ अपनी साझेदारी को मजबूत बना रहे हैं।' बाइडन ने कहा, 'वर्षों से, मैंने अपने रिपब्लिकन मित्रों और कई अन्य लोगों से सुना है कि चीन आगे बढ़ रहा है और अमेरिका पीछे जा रहा है लेकिन यह उल्टा है। अमेरिका आगे बढ़ रह है। उन्होंने आगे कहा कि अमेरिका की अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे अच्छी है।

आयोग की वेबसाइट से ऑनलाइन आवेदन करें वोटर आईडी कार्ड

देश में चुनावी माहौल बना हुआ है। चुनाव में मतदान या वोट देना देश के सभी नागरिकों का मौलिक अधिकार होता है। वोट देने के लिए वोटर आईडी कार्ड होना बहुत जरूरी है। अगर आप भी 18 साल के हो गए हैं तो आपको वोटर आईडी-कार्ड के लिए अप्लाई कर देना चाहिए। आईए जानते हैं इसके बारे में...

18 साल से अधिक उम्र वाले युवा ही बनवा सकते हैं वोटर आईडी-कार्ड

वोटर आईडी-कार्ड का कहां कर सकते हैं प्रयोग

आप ऑनलाइन आसानी से वोटर आईडी-कार्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा आप ऑफलाइन भी कार्यालय में जाकर वोटर आईडी कार्ड के लिए आवेदन दे सकते हैं। आपको बता दें कि ऑनलाइन अप्लाई करने का प्रोसेस काफी आसान है। इसमें आप ऑनलाइन आवेदन करते हैं और वोटर आईडी-कार्ड तैयार होकर आपके घर पर आ जाता है। ऐसे में आपको वोटर आई-डी कार्ड के लिए कहीं भाग-दौड़ करने की जरूरत नहीं है।

ईसी की तैयारी-लोकसभा चुनाव में मतदाता पुनरीक्षण अभियान के दौरान 18 और 19 साल की उम्र वाले युवाओं को मतदाता बनाने पर जोर रहेगा। 18 साल की उम्र पूरी करने वाले भी वोटर बन सकेंगे। बता दें 80 साल से ऊपर के मतदाताओं का सत्यापन जरूर कराया जाए। चुनाव को देखते हुए आयोग ने तैयारी तेज कर दी है।

ये है आवेदन करने का आसान तरीका

घर बैठे वोटर आईडी कार्ड बनवाने के लिए सबसे पहले आपको चुनाव आयोग की आधिकारिक वेबसाइट https://eci.gov.in/ पर जाना पड़ेगा। फिर वोटर सर्विसेस पोर्टल ऑप्शन पर क्लिक करना होगा। इसके बाद आपको नया अकाउंट बनाना होगा। उसके लिए आपको अपना नंबर दर्ज करना होगा। इसके बाद ओटीपी भरने के बाद आपको पासवर्ड बनाना होगा। जिसके बाद आपका अकाउंट बन जाएगा। इसके बाद आपको लॉगिन करना होगा न्यू अकाउंट से इसके बाद न्यू रजिस्ट्रेशन पर क्लिक करना होगा। उसके बाद आपको अपनी पर्सनल जानकारी भरनी होगी। नाम,पता, जेंडर अगर घर में और किसी का वोटर कार्ड है तो उसकी जानकारी भर दें। लगभग एक सप्ताह के अंदर वोटर कार्ड बनकर डाक द्वारा आपके घर आ जाएगा।

दस्तावेजों मे क्या है जरूरी

वोटर कार्ड अप्लाई करते समय आपके पास हाल ही में खींची गई दो कलर फोटो होना जरूरी है। इसके साथ ही आपकी उम्र का प्रूफ और पता होना जरूरी है। बर्थ सर्टिफिकेट या फिर दसवीं की मार्कशीट दोनों का उपयोग कर सकते हैं। लेकिन इन डॉक्युमेंट में से अगर एक भी डॉक्यूमेंट आपके पास नहीं होता, तो फिर आपको अपने माता-पिता जिनका वोटर लिस्ट में नाम हो।

राष्ट्रपति मुर्मु ने वायुसेना की चार यूनिटों को किया सम्मानित

गाजियाबाद, एजेंसी

- 25 वर्षों में सराहनीय सेवाओं के लिए दिया जाता है यह सम्मान

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर एयरफोर्स की चार यूनिटों को सर्वोच्च सैन्य सम्मान से सम्मानित किया। इन्हें राष्ट्रपति मानक और रंग से सम्मानित किया गया। यह सम्मान 25 वर्षों में सराहनीय सेवाओं के लिए दिया जाता है।

जिन चार यूनिटों को सम्मान दिया जाता है उसमें 45 स्क्वार्डन, 221 स्क्वार्डन, 11 बेस रिपेयर डिपो और 509 सिग्नल यूनिट शामिल हैं। चारों यूनिट की ओर से ग्रुप कैप्टन एम सुरेंद्रन, ग्रुप कैप्टन शुभांकन, एयर आफिसर कमांडिंग आशुतोष वैद्य और कमांडिंग आफिसर ग्रुप कैप्टन विवेक शर्मा उपस्थित रहे। बता दें, भारतीय वायुसेना के इतिहास में पहली बार चार यूनिटों को एक साथ सम्मानित किया गया है।

11 से मॉरीशस दौरे पर रहेंगी राष्ट्रपति मुर्मू

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार से मॉरीशस के तीन-दिवसीय राजकीय दौरे पर रहेंगी, मुर्मू द्वीप राष्ट्र के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी। दो युद्धपोतों- आईएनएस तीर और सीजीएस सारथी- के साथ भारतीय नौसेना की एक टुकड़ी भी इस समारोह में हिस्सा लेगी। विदेश मंत्रालय ने दौरे की घोषणा करते हुए बताया कि मुर्मू अपने मॉरीशस समकक्ष पृथ्वीराजसिंह रूपुन के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगी।

एक नजर

मोदी के दौरे से पहले असम में सीएए को लेकर विरोध प्रदर्शन

गुवाहाटी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दो-दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को असम पहुंचने से पहले विपक्षी दलों ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) के खिलाफ नगांव जिले के कलियाबोर में प्रदर्शन किया। यूओएफए प्रवक्ता और रैजर दल के प्रमुख अखिल गोगोई ने कहा कि पहले शनिवार को प्रदर्शन किया जाना था, लेकिन अहोम समुदाय के संगठनों के अनुरोध पर यह एक दिन पहले किया गया। गोगोई ने प्रदर्शन स्थल पर पत्रकारों से कहा, प्रधानमंत्री अहोम समुदाय के जनरल लाचित बोरफुकान की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। ऐसे में, समुदाय ने हमसे विरोध प्रदर्शन की तारीख बदलने का अनुरोध किया।

चाबहार बंदरगाह पर चर्चा के लिए अफगान पहुंचा भारतीय दल

नई दिल्ली। ईरान में भारत की सहायता से निर्मित चाबहार बंदरगाह का अफगान लोगों के लिए उपयोग के दायरे का विस्तार करने के लिए दोनों पक्षों के बीच तौर तरीकों पर बातचीत चल रही है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि विदेश मंत्रालय में पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान के मामलों के लिए संयुक्त सचिव के नेतृत्व में एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल है। संयुक्त सचिव जे पी सिंह के नेतृत्व में यह प्रतिनिधिमंडल इस समय अफगानिस्तान के दौरे पर है।

थाईलैंड: विश्व का दूसरा सबसे बड़ा हाइब्रिड सोलर पावर प्लांट लगा

बैंकॉक। थाईलैंड के खोन केन में स्थित नदी में गीन एनर्जी के टार्गेट को पूरा करने के लिए हाइड्रो-फ्लोटिंग सोलर हाइब्रिड पावर प्लांट लगाया गया है। इसे चीनी और थाई कंपनियों द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया है। यह दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट है।

नाइजीरिया में आतंकियों ने 287 बच्चों का किया अपहरण

अबुजा। नाइजीरिया के उत्तर-पश्चिम क्षेत्र में गुरुवार को बंदूकधारियों ने एक स्कूल पर हमला किया, आतंकियों ने हमले के बाद 287 छात्रों का अपहरण कर लिया। स्कूल के प्रधानाध्यापक ने अधिकारियों को बताया है कि, देश में अपहरण की सबसे बड़ी दूसरी घटना है। स्थानीय लोगों ने मीडिया को बताया कि हमलावरों ने कदूना राज्य के कुरिगा शहर में सरकारी स्कूल को घेर लिया, उस वक्त स्कूल में छात्र आ चुके थे। प्रधानाध्यापक सानी अब्दुल्लाही ने बताया कि 287 बच्चे लापता है। गवर्नर ने ग्रामीणों से बातचीत की और कहा, हम सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक बच्चा घर लौटे। हम सुरक्षा एजेंसियों के साथ काम कर रहे हैं।

समावेशी सुधारों को लेकर भारत ने यूएनएससी में पेश किया मॉडल

भारत ने जी4 देशों की तरफ से कहा- परिषद में सदस्यों की संख्या 15 से बढ़ाकर 25-26 हो

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सुधार के लिए विस्तृत योजना का मॉडल पेश किया है। भारत ने जी4 देशों की तरफ से योजना संयुक्त राष्ट्र में रखी, जिसमें कई ऐसे सुधारों की सिफारिश की गई है, जिन्हें लागू करने पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ज्यादा लोकतांत्रिक और समावेशी बन सकेगी। भारत की तरफ से संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज 'इंटरगवर्नमेंटल नेगोसिसएशन ऑन सिक्योरिटी काउंसिल रिफॉर्म' कार्यक्रम में शामिल हुईं।

इस कार्यक्रम में रुचिरा कंबोज ने जी4 देशों ब्राजील, जर्मनी, जापान और भारत की तरफ से प्रस्ताव पेश किया। इस प्रस्ताव में सुरक्षा परिषद के सदस्यों की संख्या मौजूदा 15 से बढ़ाकर 25-26 करने की सिफारिश की गई है। साथ ही इसमें छह स्थायी सदस्यों और चार या पांच अस्थायी सदस्यों को शामिल करने की सलाह दी गई है। भारत ने सुझाव दिया है कि छह नए स्थायी सदस्यों में से दो अफ्रीकी राज्यों और एशिया प्रशांत के देशों, एक लैटिन अमेरिकी देशों और कैरेबियाई देशों और एक पश्चिमी यूरोपीय देशों और अन्य देशों की तरफ से प्रस्तावित किया जाना चाहिए।

रुचिरा कंबोज ने कहा कि सुरक्षा परिषद की मौजूदा व्यवस्था में स्थायी और अस्थायी दोनों वर्गों में प्रतिनिधित्व की कमी है। इससे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद उतनी प्रभावी नहीं है और वैश्विक स्थिरता और शांति के लिए इसमें तुरंत सुधार की जरूरत है। कंबोज ने कहा कि कोई भी सुधार प्रतिनिधित्व की कमी को नजरअंदाज करके संभव नहीं है और खासकर स्थायी कैटेगरी में भारी असंतुलन है और इसी वजह से सुरक्षा परिषद अंतर्राष्ट्रीय चुनौतियों से निपटने में अक्षम साबित हो रही है। कंबोज ने कहा कि सुधार के लिए जो सिफारिशें की गई हैं।

फ्रांस-अमेरिका ने परिषद में शामिल करने का किया समर्थन

भारत द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव में वीटो को लेकर भी सुझाव दिए गए हैं। इसमें कहा गया है कि नए स्थायी सदस्यों के पास भी मौजूदा सदस्यों की तरह जिम्मेदारी और अधिकार होंगे, लेकिन वे किसी मुद्दे पर पूरी समीक्षा के बाद ही वीटो का फैसला कर पाएंगे। अभी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सिर्फ पांच देशों चीन, रूस, फ्रांस, ब्रिटेन और अमेरिका के पास ही वीटो पावर है। वहीं दो अन्य सदस्य अस्थायी होते हैं, जिनका दो साल के लिए चुनाव होता है और उनके पास वीटो पावर नहीं होती। फ्रांस और अमेरिका ने भी भारत को सुरक्षा परिषद में शामिल करने का समर्थन किया है।

भारत-जापान को यूएन वही स्थान दे जिसके वो हकदार: जयशंकर

टोक्यो, एजेंसी

- जापान में विदेश मंत्री ने फिर दोहराया, यूएनएससी में हो बदलाव
- विश्व में सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश को यूएन से बाहर रखा गया

जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के साथ मौजूद विदेश मंत्री जयशंकर।

भारतीय विदेश मंत्री जापान दौरे पर हैं। एस जयशंकर शुक्रवार को निक्केई फोरम में शामिल हुए। बैठक में उन्होंने कहा-दुनिया में सबसे अधिक जनसंख्या वाले देश और कुछ बड़े संसाधन मुहैया कराने वालों को संयुक्त राष्ट्र से बाहर रखा जाता है तो यह सयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के लिए अच्छा नहीं होगा।

भारत-जापान विशेष रणनीतिक साझेदारी पर जयशंकर ने कहा कि परिषद में भारत और जापान को वैसा ही स्थान देने की जरूरत है, जिसके वे हकदार हैं। उन्होंने कहा, अगर दुनिया में सबसे अधिक जनसंख्या वाले देश और कुछ बड़े संसाधन मुहैया कराने वालों को संयुक्त राष्ट्र से बाहर रखा जाता है तो यह संगठन के लिए अच्छा नहीं होगा। इसलिए हम चाहते हैं कि इसका जल्दी अहसास हो। भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर छह से आठ मार्च तक जापान दौरे पर हैं। वह अपने जापानी समकक्ष योको कामिकावा के साथ 16वीं भारत-जापान विदेश मंत्री रणनीतिक वार्ता के लिए यहां पहुंचे हुए हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि संयुक्त राष्ट्र की जब स्थापना हुई थी, तब करीब 50 सदस्य देश थे। जबकि आज 200 सदस्य देश हैं। इसलिए अधिकतर इस बात को समझते हैं कि संयुक्त राष्ट्र में सुधार की बहुत आवश्यकता है।

उन्होंने कहा, 'अगर किसी संगठन में चार गुना सदस्य बढ़ जाते हैं तो उस संगठन का नेतृत्व और निर्णय लेने की क्षमता समान नहीं रह सकती है।' उन्होंने आगे कहा कि आज दुनियाभर में कई जरूरी मुद्दे हैं, लेकिन इनमें संयुक्त राष्ट्र वह भूमिका नहीं निभा रहा है जो इसे निभानी चाहिए।

नेपाल की सियासी उठापटक से भारत की नीति अपरिवर्तित

काठमांडू। नेपाल में सियासी उठापटक के बाद भारत ने अपनी नीतियों को लेकर आश्वासत किया है। बता दें, प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने नेपाली कांग्रेस के साथ पंद्रह साल पुरानी साझेदारी खत्म करके मंत्रिमंडल में फेरबदल किया है। उनके इस कदम का वहां के सात प्रदेशों की सरकारों पर भी असर पड़ा है। प्रदेशों की सरकारों के अस्थिर होने का खतरा बढ़ गया है।

भारत सरकार ने हिमालयी राष्ट्र के प्रति अपनी नीति को लेकर बड़ा आश्वासन दिया है। भारत ने शुक्रवार को नेपाल को आश्वासन दिया है कि नेपाली कांग्रेस और सीपीएन (माओवादी केंद्र) के बीच गठबंधन टूटने और नई सरकार के गठन के बाद हिमालयी राष्ट्र के प्रति उसकी नीति अपरिवर्तित रहेगी।

नेपाली मीडिया ने बताया कि भारत की ओर से यह आश्वासन नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव की ओर से मिला है। नेपाल के प्रति भारत की नीति के संबंध में नवीन ने गुरुवार को उप प्रधान मंत्री और विदेश मामलों के मंत्री नारायण काजी श्रेष्ठ और वित्त मंत्री वर्षा मान पुन से अलग-अलग शिष्टाचार मुलाकात की।

मोदी के भाषण में जम्मू-कश्मीर के लिए कुछ नया नहीं: उमर

श्रीनगर। नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के श्रीनगर दौरे पर बयान जारी किया है। उमर ने निशाना साधते हुए कहा कि पीएम के भाषण में जम्मू-कश्मीर के लिए कुछ भी नया नहीं था। इससें घाटी के लोगों की उम्मीद धराशायी हो गई हैं।

उमर ने कहा कि पीएम ने उन्हीं चीजों के बारे में बात की है, जिनके बारे में वह हमेशा से ही करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि ऐसा कुछ भी उनके भाषण में सुनने को नहीं मिला जिसे लोग सुनना चाहते थे। उन्होंने आगे कहा कि लोस चुनाव को लेकर भी मोदी ने कुछ साफ नहीं किया है।

पड़ोसियों की खाद्य सुरक्षा का भी ध्यान रखता है भारत

जिनेवा, एजेंसी

- संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में बोले आईडब्ल्यूएफ अध्यक्ष अरविंद

इंडिया वाटर फाउंडेशन के अध्यक्ष अरविंद कुमार ने गुरुवार को कहा कि भारत उन कुछ देशों में से एक है, जो न केवल अपने नागरिकों बल्कि आवश्यकता पर पड़ोसियों की खाद्य सुरक्षा का भी ध्यान रखता है।

अरविंद जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार समिति के 55वें सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने नीली क्रांति को लेकर भारत सरकार की पहल और कदमों के बारे में भी बताया। अरविंद कुमार ने कहा 'भारत उन कुछ देशों में से एक है जो न केवल अपने लोगों के लिए एक मजबूत सार्वजनिक खाद्य वितरण प्रणाली के साथ खाद्य सुरक्षा को मजबूत करता है, बल्कि जरूरत पड़ने पर अपने पड़ोसियों और वैश्विक दक्षिण के अन्य देशों के लिए भी खाद्य सुरक्षा को मजबूत करता है। इसके अलावा अरविंद ने कहा कि देश में छोटे पैमाने पर मछली पकड़ने को बढ़ावा दिया जा रहा है। नीली क्रांति एक प्रमुख योजना है जिसका उद्देश्य आर्थिक समृद्धि प्राप्त करना है। यह योजना मछुआरों और जैव-सुरक्षा और पर्यावरण संबंधी चिंताओं को ध्यान में रखते हुए जल संसाधनों के पूर्ण संभावित उपयोग से खाद्य और पोषण सुरक्षा में योगदान करते हैं।

उड़ान भरते ही गिरा विमान का टायर बाल-बाल बचे यात्री

सैन फ्रांसिस्को। अमेरिका में गुरुवार को बड़ा हादसा टल गया। अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के साथ ही यूनाइटेड एयरलाइंस के विमान का एक टायर नीचे गिर गया।

विमान ने जापान के ओसाका जाने के लिए उड़ान भरी थी। किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। विमान में 235 यात्री सवार थे। इसके अलावा 10 फ्लाइट अटेंडेंट और चार पायलट भी मौजूद थे। कंपनी ने अपने बयान में कहा है कि बोइंग 777-200 के उड़ान भरने के बाद एक टायर गिर गया। इसकी जानकारी होते ही तुरंत लॉस एंजलिस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की ओर इसे डायवर्ट कर दिया गया, जहां इसे सुरक्षित उतार लिया गया।

कान्हा की नगरी में बम-बम...

मथुरा : महाशिवरात्रि के अवसर पर नंदी पर विराजमान भगवान शिव के अद्भुत स्वरूप भूत-प्रेत, नाचते-गाते पिशाच, डाकिनी, शाकिनी। इन्हें झूमते-नाचते देख कान्हा की नगरी के ब्रजवासी भी झूमने पर मजबूर हो उठे। यह अद्भुत नजारा श्रीकृष्ण नगरी में निकाली गई शिव बारात का है। भोले बाबा की अनूठी व भव्य बारात में आकर्षक झांकियों के साथ नृत्य और बैंड की मधुर ध्वनि में श्रद्धालु झूमते रहे। ● एजेंसी

विज्ञान | विज्ञान संस्थान टेक्नोलॉजी ऑस्ट्रिया के प्रो जोरिट मैथी की टीम ने नए शोध में की आश्चर्यजनक खोज

पृथ्वी से अरबों गुना अधिक होता है क्वासर ब्लैकहोल का द्रव्यमान

नैनीताल, कार्यालय



जेम्स वेब द्वारा ली गयी क्वासर यानी महा ब्लैकहोल की तस्वीर।

अमृत विचार: ब्रह्मांड में ब्लैकहोल की ताकत का अंदाजा हम सभी जानते हैं। मगर महाशक्तिमान ब्लैकहोल की शक्ति का एहसास कम ही लोगों को पता होगा , जिनका द्रब्यमान पृथ्वी से अरबो गुना अधिक होता है और ये करीबी कोई भी वस्तु को निगलने के बाद तेजी से उगल देते हैं।

नया शोध क्वासर कहे जाने इन ब्लैकहोल के बारे में चौंकाने वाली जानकारी देता है। वैज्ञानिकों के सामने दो प्रश्न खड़े होते हैं, कुछ ब्लैक होल इतने बड़े कैसे हो जाते हैं जो किसी समय शिशु रहे होंगे। आमतौर पर यही समझते हैं कि ब्लैक-होल रोमांचकारी, बुरे सबसे हिंसक और शून्य से घिरा होता है। मगर यहां महाविशाल ब्लैक होल की बात हो रही है, जिनका द्रव्यमान सूर्य से अरबों गुना अधिक होता है। इन्हें क्वासर कहा जाता है जो आस-पास के पदार्थ को खाते हैं और अतिरिक्त पदार्थ को इतनी आक्रामक तरीके से उगलते हैं कि वे प्रकाश की अविरल धारा बनाते हैं और अपनी ही आकाशगंगा को हिलाकर रख देते हैं। यह इतनी बड़ी घटना है कि जिसके बारे में कल्पना भी नही की जा सकती है।

मगर तकनीकि सुविधाओं के विकास ने इन महाशक्तियों की पहचान करनी शुरू कर दी है। जिसमें सबसे बड़ी सुविधा जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप के आ जाने से संभव हो सकी है। गत दिवस वैज्ञानिकों ने एक अध्ययन जारी किया है। जिसमें जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप की मदद से चमकदार क्वासरों की आबादी की पहचान की है, जो काफी विशाल हैं। इस खोज के बहुत बड़े होने का कारण यह है कि बहुत लंबे समय तक वैज्ञानिक यह सुनिश्चित नहीं कर पाए हैं कि कुछ क्वासर विशाल आकार तक कैसे पहुंचते हैं। जिन क्वासर की खोज हुई है , वह समस्याग्रस्त क्वासर हैं, जो आसपास के पदार्थ को सक्रिय रूप से खाना शुरू कर देता है, तो यह अंततः एक बड़ा भयानक क्वासर बन जाता है। विज्ञान संस्थान टेक्नोलॉजी ऑस्ट्रिया के प्रो जोरिट मैथी की टीम ने यह खोज की है।

तारे की मृत्यु के बाद जन्म लेता है ब्लैकहोल

जब कोई विशाल तारा अपने जीवन के अंत के करीब पहुंचता है, तो उसकी आंतरिक परमाणु संलयन प्रक्रिया के दौरान हाइड्रोजन सामग्री को हीलियम में बदल देता है, जो कि खत्म होने लगती है। अंत में आंतरिक संलयन पूरी तरह से बंद हो जाता है। तब बाहरी दबाव भी समाप्त हो जाता है और तारा अपने आप ही ढह जाता है। इस अवस्था को विस्फोटक सुपरनोवा मृत्यु कहा जाता है और तब एक ब्लैकहोल का जन्म होता है। मरते तारों के प्रतिमान बताते हैं कि यदि मूल तारा सूर्य के भार से 40-50 गुना ज्यादा हो, तो संकुचन जारी रहता है और विचित्र स्थिति बन जाती है जिसे गुरुत्व सिंग्युलैरिटी और आम बोलचाल में ब्लैकहोल कहते हैं।

अमेरिका: एक साल में 31% बढ़ा घृणा अपराध

वाशिंगटन, एजेंसी

- भारतीयों में सबसे ज्यादा हमले सिखों पर हो रहे, अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई ने किया खुलासा

अमेरिका में रहने वाले भारतीयों में से सिख समुदाय पर सबसे ज्यादा हमलों की घटनाएं हो रही हैं। अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई की ताजा रिपोर्ट के अनुसार 2022 में सिखों पर हमलों की 151 घटनाएं हुई जो 2023 में बढ़कर 198 हो गई। सिखों के खिलाफ हेट क्राइम के मामले 31 फीसदी बढ़े हैं।

अमेरिका के के न्यूयॉर्क, कैलिफोर्निया, न्यूजर्सी, अलबामा, वॉशिंगटन और सिएटल में सिखों के खिलाफ सबसे ज्यादा मामले दर्ज हुए हैं। जबकि अमेरिका में रहने वाले भारतीय समुदायों के खिलाफ हेट क्राइम के कुल मामले 2022 में 375 और 2023 में 520 हुए थे। उल्लेखनीय है कि अमेरिका में रहने वाले 50 लाख भारतीयों में से सिखों की आबादी 5 लाख है। अलबामा के गुरुद्वारे के बाहर रागी जत्थे के सदस्य राजसिंह (29) की 24 फरवरी को हमलावरों ने हत्या कर दी। गुरुद्वारा प्रबंधन का आरोप है कि हेट क्राइम का मामला होने के बावजूद पुलिस ने अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है।

दिसंबर 2023 में न्यूयॉर्क में जसमीर (66) की हत्या को भी पुलिस ने हेट क्राइम का मामला दर्ज नहीं किया। बता दें, साल 2021 की फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन की रिपोर्ट के अनुसार, इसके अतिरिक्त, 4.3% एशियाई विरोधी घटनाओं का प्रतिनिधित्व करती हैं। घृणा से प्रेरित अपराधों की अन्य सबसे बड़ी श्रेणियों में 6.1% घटनाओं के साथ हिस्पैनिक या लातीनी विरोधी घटनाएं और 13.4% घटनाओं के साथ श्वेत-विरोधी घटनाएं शामिल थे।

दर्ज केस से कई गुना ज्यादा हेट क्राइम: सिख संगठन

सिख पॉलिटिकल एक्शन कमेटी के अध्यक्ष गुरिंदर खालसा का आरोप है कि सिखों पर हेट क्राइम एफबीआई के आंकड़ों से कई गुना ज्यादा है। खालसा का दावा है कि मानवाधिकार संगठनों के अनुसार सिखों के खिलाफ 2022-2023 में हेट क्राइम के 1200 से ज्यादा मामले हुए। अमेरिका में सिख गलत पहचान का शिकार भी होते हैं। पगड़ी दाढ़ी के कारण इन्हें मुस्लिम समझ लिया जाता है। कुछ घटनाओं में हमलावरों ने इसका खुलासा पुलिस को किया है।